e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 191

सुविचार
लगातार परिश्रम करना ही सफलता की कुंजी है।

# प्रभात मंत्र

रविवार
14.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### डोडा में बस 200 फीट गहरी खाई में गिरी, दो लोगों की मौत, 25 घायल

**डोडा :** शनिवार को जम्मू संभाग के पहाड़ी डोडा जिले में बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 10.25 बजे भटियास के पास तब हुई जब निजी मिनी बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों को एक महिला मौके पर मृत मिली जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नौ अन्य घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनका इलाज डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मृतकों व घायलों की पहचान के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है।केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मैंने डीसी डोडा हरविंदर सिंह के साथ इस हादसे के बारे में बात की है, जिसमें थाथरी गंदोह में एक बस गहरी खाई में गिर गई जिससे 2 लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए हैं। बचाव दल काम पर हैं। गंभीर रूप से घायलों में से 6 को जीएमसी डोडा में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार संपर्क में हूं। हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

### जदयू ने संविधान हत्या दिवस मनाए जाने के अमित शाह के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली :** जनता दल यूनाइटेड के महासचिव केसी त्यागी ने 1975 के आपातकाल की याद को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फैसले का स्वागत किया है। उधर कांग्रेस ने इस पर पलटवार किया है।शनिवार को यहां मीडिया से बातचीत में जदयू महासचिव केसी त्यागी ने कहा,1975 के आपातकाल की याद को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फैसले का जदयू स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल को वही लोग भूल गए हैं, जिन्होंने आपातकाल लगाया था। उन्होंने आगे कहा कि 25 जून, 1975 भारत के इतिहास में एक काला दिन है और हमें खुशी है कि इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में याद किया जा रहा है।

### कर्नाटक आदिवासी बोर्ड के प्रमुख बसनगौड़ा दद्दाल लापता, हिरासत में लेने की तैयारी में था ईडी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष बसनगौड़ा दद्दाल कथित तौर पर लापता हैं। बता दें कि ईडी उन्हें बोर्ड में अनियमितताओं के सिलसिले में हिरासत में लेने की तैयारी में था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक बसनगौड़ा दद्दाल बेंगलुरु या अपने पैतृक स्थान रायचूर में अपने आवास पर नहीं मिले। बसनगौड़ा दद्दाल शुक्रवार को विशेष जांच दल के सामने पेश हुए थे और उसके बाद वे कहां हैं उनका पता नहीं है।

### कांग्रेस की गलती को न दोहराए बीजेपी : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि बीजेपी कांग्रेस की गलती को न दोहराए. गडकरी ने कहा कि बीजेपी अलग सोच वाली पार्टी है इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है.अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके सत्ता से जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है. गडकरी ने आगे कहा कि बीजेपी को इसलिए वैसी गलती नहीं करनी चाहिए जो कांग्रेस करती थी, जिसके कारण उसे सत्ता से बाहर होना पड़ा.नागपुर से लोकसभा सांसद गडकरी ने कहा कि कांग्रेस की गलतियों के कारण जनता ने बीजेपी को चुना. हमें भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाना है और इसके लिए हमारे पास एक योजना होनी चाहिए. गडकरी ने ये बातें गोवा के पणजी में बीजेपी कार्यकारिणी की बैठक के दौरान हुए कहीं.

### सडक दुर्घटना मे माँ-बेटी की मौत, पिता व पुत्र घायल

**धनबाद :** सरिया थानाक्षेत्र के कुबाडीह निवासी दुलारचंद राणा की पत्नी एवं एक बच्ची की मौत शनिवार को एक सड़क हादसे में हो गयी वहीं खुद दुलारचंद राणा एवं उनका बेटा घटना में गम्भीर रूप से घायल हैं,जिनका इलाज धनबाद स्थित अशर्फी हॉस्पिटल में किया जा रहा है।बताया जा रहा है कि घायल दुलारचंद राणा कतरास में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने अपने पत्नी,बेटी व बेटा के साथ बाइक से ही जा रहे थे। इसी क्रम में जीटी रोड के तोपचांची थानांतर्गत मदईडीह के पास सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी कर पानी पी रहे थे। तभी धनबाद की ओर जा रहा एक अनियंत्रित बोलेरो ने इनलोगों को अपने चपेट में ले लिया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

## 7 राज्य में 13 विधानसभा सीटों के लिए हुए विधानसभा उपचुनाव का आया परिणाम

# इंडिया गठबंधन मस्त, एनडीए पस्त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के ठीक बाद हुए विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को करारी हार मिली.बता दें कि सात राज्योंङ्कबिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 13 विधानसभा सीटों के लिए 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी. इन 13 सीटों के चुनाव परिणाम घोषित हो गए.13 सीटों में से 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत हुई. ऐसे में विपक्ष और मजूबत हो गया है. माना जा रहा है कि इस जीत से विपक्ष को बूस्टर डोज मिलेगा. हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने अपनी बादशाहत कायम रखी. राज्य की 3 असेंबली सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने दो पर बाजी मार ली, जबकि एक सीट पर बीजेपी जीती.राज्य की देहरा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने जीत हासिल की.पंजाब में जालंधर वेस्ट की सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के मोहिंदर भगत विजयी रहे.पश्चिम बंगाल की रायगंज सीट पर टीएमसी के कृष्ण कल्याणी ने जीत हासिल की. पश्चिम बंगाल की रानाघाट दक्षिण सीट पर भी टीएमसी भारी साबित हुई.बागड़ा सीट पर भी टीएमसी का जलवा देखने को मिला. मनिकताला सीट पर हुए उपचुनाव में भी टीएमसी अव्वल रही.उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार ने सत्तारूढ़ बीजेपी को झटका देते हुए जीत दर्ज कर लिया. उत्तराखंड की मुस्लिम बहुल मंगलौर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने भी बीजेपी को सकते में डाला. उन्होंने महज 422 वोटों के अंतर से यह सीट अपने खाते में डाल ली.बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर हीरो साबित हुए. उन्होंने असेंबली के उपचुनाव में 68 हजार 70 वोट हासिल कर विजय पताका फहराई.मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी उम्मीदवार कमलेश प्रताप शाह ने उपचुनाव जीत लिया. उन्होंने इलेक्शन में 83 हजार 105 वोट हासिल किए. जबकि कांग्रेस उम्मीदवार धीरन साह अच्छी फाइट देने के बावजूद 3 हजार 27 वोटों के अंतर से शिकस्त खा गए. उन्होंने चुनाव में 80 हजार 78 वोट मिले.तमिलनाडु की विक्रावंडी सीट पर डीएमके एक बार फिर बादशाह साबित हुई. इस चुनाव में डीएमके उम्मीदवार अन्नियूस सिवा को 1 लाख 24 हजार 53 वोट मिले. वहीं पट्टाली मक्कल काची प्रत्याशी अंबूमणि सी 56 हजार 296 वोट पाकर चुनाव हार गए.




### हिमाचल प्रदेश : 3 सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने दो व बीजेपी ने जीती 1 सीट

### 10 सीट पर इंडिया गठबंधन, 2 पर भाजपा व 1 पर निर्दलीय ने मारी बाजी

### पश्चिम बंगाल : सभी 4 सीटों पर चला ममता का जादू

### तमिलनाडु : डीएमके फिर बनी चैंपियन

### मध्य प्रदेश : अमरवाड़ा सीट पर बीजेपी ने दर्ज की जीत

### पंजाब : जालंधर वेस्ट की सीट पर आम आदमी पार्टी ने लहराया परचम

### उत्तराखंड : दोनों सीटों पर कांग्रेस ने दर्ज की जीत

### बिहार : एनडीए और महागठबंधन दोनों पस्त, निर्दलीय उम्मीदवार ने मारी बाजी

### निर्दलीय शंकर सिंह ने राजद व जेडीयू के गढ़ को कर दिया ध्वस्त

**पटना :** बिहार की रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव का परिणाम इस बार बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। इस सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह ने जेडीयू और आरजेडी के धुरंधरों को हराकर सभी को हैरान कर दिया। शंकर सिंह ने जेडीयू के कलाधर मंडल को 8246 मतों से हरा दिया। वहीं, बीमा भारती को 30619 मत प्राप्त हुए हैं और वह 37451 वोट से हार गई। शंकर सिंह इस इलाके में बाहुबली नेता के तौर पर जाने जाते हैं। शंकर सिंह ने 2005 में सियासत में एंट्री ली थी। उन्होंने इस दौरान रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे थे। शंकर सिंह बिहार लिबेरेशन आर्मी के कमांडर रहे हैं। रुपौली में इनकी अच्छी खासी पैठ मानी जाती है। शंकर सिंह की छवि अगड़ी जाति में अच्छी मानी जाती है। हालांकि, इस बार उन्हें पिछड़ी जाति का वोट मिला है। जेडीयू से टिकट नहीं मिलने के बाद इन्होंने निर्दलीय उतरने का फैसला लिया। इनके सामने जेडीयू के कलाधर मंडल और आरजेडी की बीमा भारती थीं।

## मुख्यमंत्री हेमंत ने पत्नी कल्पना के साथ दिल्ली में सोनिया गांधी से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कांग्रेस की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अब तक हमारी सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हुई थी। इसलिए उनसे मिलने आया हूं। हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोनिया से मिलने पहुंचे थे। सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से भारतीय जनता पार्टी के षड्यंत्रों और अरविंद केजरीवाल के मुद्दे पर भी बात की। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या सोनिया गांधी के साथ झारखंड विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर बात करने के लिए आए थे। हेमंत सोरेन ने कहा कि नहीं। विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर चर्चा समय-समय पर होती रहती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा के चुनाव आते रहते हैं। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि यहां के लोग बहुत सहनशील हैं। सहयोगी हैं। साथ ही कहा कि भारत की जनता तब तक सब कुछ बर्दाश्त करती है जब तक उनमें सहनशीलता होती है। अंत में अपने वोट से उसका जवाब देती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही अरविंद केजरीवाल भी जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा औरर कहा कि आप सबको पता ही है कि पिछले दिनों क्या ड्रामा हुआ है। किस तरीके से इन लोगों ने न्यायपालिका का भी मजाक उड़ाने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल को जल्द ही जमानत मिल जाएगी।

> **पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या सोनिया गांधी के साथ झारखंड विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर बात करने के लिए आए थे। हेमंत सोरेन ने कहा कि नहीं। विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर चर्चा समय-समय पर होती रहती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा के चुनाव आते रहते हैं। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि यहां के लोग बहुत सहनशील हैं।**

## केंद्रीय सूचना आयोग को अपनी पीठ गठित करने का पूरा अधिकार : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की सर्वोच्च अदालत का कहना है कि केंद्रीय सूचना आयोग को अपनी पीठ गठित करने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अपने कामों के निपटारे के लिए सीआईसी की स्वायत्तता बेहद जरूरी है। अदालत ने कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त के पास आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने का पूरा अधिकार है। दरअसल, ये अधिकार आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में आते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआईसी जैसे संस्थान विशेष कार्यों को पूरा करने के लिए बनाए जाते हैं। अदालत के अनुसार ऐसे संस्थानों को निष्पक्षता की आवश्यकता होती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आरटीआई अधिनियम अनुसार सीआईसी को अपने नियम बनाने का स्पष्ट अधिकार नहीं है। लेकिन, आरटीआई के अधिनियम 12(4) के अनुसार, आयोग को सहज रूप से अपने नियम प्रबंधित करने का अधिकार है। ये नियम सीआईसी के संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रशासनिक प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने के लिए इन निकायों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे निकायों के काम में हस्तक्षेप करना ठीक नहीं है क्योंकि इससे उनके कामों पर असर पड़ सकता है।

## भारत ने टी 20 क्रिकेट में रचा इतिहास
# जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने चौथे टी20 मैच में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हरा दिया. इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है.जिम्बाब्वे के गेंदबाज टीम इंडिया की सलामी साझेदारी को तोड़ ही नहीं पाए. एक तरफ यशस्वी जायसवाल ने 53 गेंद में 93 रन की शानदार पारी खेली, दूसरी ओर कप्तान शुभमन गिल ने भी 39 गेंद में 58 रनों का अहम योगदान दिया. जिम्बाब्वे ने पहले खेलते हुए स्कोरबोर्ड पर 152 रन लगाए थे और भारत ने लक्ष्य को 28 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया. जिम्बाब्वे ने टीम इंडिया के सामने 153 रन का लक्ष्य रखा था. मेजबान टीम के लिए सिकंदर रजा ने अबसे ज्यादा 46 रन बनाए. वहीं जिम्बाब्वे टीम के लिए पिछले मैच में बड़ी पारी खेलने वाले डियोन मायर्स इस बार महज 12 रन ही बना पाए. जवाब में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले 10 ओवर में ही टीम का स्कोर 106 रन पर पहुंचा दिया था. यहां से टीम को आखिरी 60 गेंद में केवल 47 रन बनाने थे. यहां से टीम इंडिया के लिए जीत बहुत आसान हो गई थी.यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर से ही तूफानी बल्लेबाजी शुरू की. जायसवाल ने 29 गेंद में ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली थी, लेकिन चेज के लिए कम रन रहने के कारण वो अपना शतक पूरा नहीं कर पाए. दूसरी ओर गिल ने 35 गेंद में पचासा जड़ा. जायसवाल ने 53 गेंद में 93 रन बनाने के दौरान 13 चौके और 2 छक्के लगाए. वहीं कप्तान गिल ने 39 गेंद में 58 रन की पारी खेलते हुए 6 चौके और 2 छक्के लगाए. अंत में 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर जायसवाल ने चौके के रूप में टीम इंडिया के लिए विनिंग शॉट लगाया.टी20 क्रिकेट के इतिहास में अब तक कई सारी टीम 10 विकेट से किसी लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी हैं.



## केंद्र ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को दी दिल्ली के एलजी की तरह शक्तियां

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अब जम्मू- कश्मीर को भी दिल्ली जैसे संवैधानिक अधिकार मिलेंगे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को भी अब दिल्ली के एलजी की तरह की प्रशासनिक शक्तियां मिलेंगी। अब जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बिना उपराज्यपाल की इजाजत के ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं कर पाएगी। जानकारी के अनुसार,गृह मंत्रालय ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति देने के लिए जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन किया। एमएचए ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को अधिक शक्ति देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं।बता दें कि जब से जम्मू और कश्मीर का पुनर्गठन किया गया है तब से वहां चुनाव नहीं हुए हैं। लेकिन जब भी जम्मू और कश्मीर में चुनाव होंगे, तो सरकार का गठन होगा। चुनी हुई सरकार से अधिक शक्तियां उपराज्यपाल के पास ही रहेंगी। यह शक्तियां वैसी ही होंगी जैसे दिल्ली के उपराज्यपाल के पास हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है।



## महाराष्ट्र को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाएंगे : पीएम मोदी



एजेंसी

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार मुंबई पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अलग-अलग परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित किया।
पीएम मोदी ने कहा,लोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व प्रदान कर सकती है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार तीन गुना तेजी के साथ काम करेगी।पीएम मोदी ने आगे कहा,महाराष्ट्र के पास गौरवशाली इतिहास है। महाराष्ट्र के पास सशक्त वर्तमान है और महाराष्ट्र के पास समृद्ध भविष्य का सपना है।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

## विधायक ने किया वीर बाबा चौहरमल पार्क का नामकरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)** : प्रखंड मुख्यालय के लेस्लीगंज में अटल स्मृति भवन के बगल में शनिवार को वीर बाबा चौहरमल पार्क का नामकरण पांकी विधायक कुशवाहा डॉ.शशी भूषण मेहता ने किया। इससे पहले शिरोमणि बाबा चौहरमल संगठन के लोगो ने पुष्पमाला और अंगवस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। शिरोमणि चौहरमल संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष संदीप पासवान ने विधायक डॉक्टर मेहता को आभार प्रकट किया और कहा कि जिस प्रकार हम सबों को पांकी विधायक ने वीर बाबा चौहरमल पार्क का नामकरण कर सामान देने का काम किया है। उनके कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कहा। वही डॉक्टर मेहता ने कहा कि पहले पानी टंकी के नाम से जाना जाता था अब वीर बाबा चौहरमल पार्क के नाम से जाना जाएगा साथ ही कहा की केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का आदम कद प्रतिमा लगाई जाएगी और पार्क का सुंदरीकरण किया जाएगा जिसका उद्घाटन स्व. रामविलाश पासवान के पुत्र चिराग पासवान के द्वारा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि 2004 में पहली बार लोजपा टिकट दिया और संघर्ष करते रहे विधायक बनने का श्रेय स्व. रामविलास पासवान जी को जाता है यदि उन्होंने पहली बार टिकट नहीं देते तो हम विधायक बन पाते यह हमसबों के लिए खुशी का क्षण है की आज पार्क का नामकरण किया गया। इस मौके पर चौहरमल संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष संदीप पासवान, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, समाजसेवी कमेश यादव, निर्मल मेहता,संजय चंद्रवंशी,अजीत प्रसाद गुप्ता, सुनील कुशवाहा, संतोष वर्मा,सुनील पासवान, जितेंद्र पासवान, अजय पासवान, रविंद्र पासवान, मिथिलेश पासवान, इंदल पासवान, जुगनू पासवान, तेरस पासवान, श्याम बिहारी पासवान राजू पासवान सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## तमिलनाडु में बसपा नेता की हत्या के विरोध में हुसैनाबाद में निकला कैंडल मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**हुसैनाबाद** : बीते 5 जुलाई को तमिलनाडु राज्य में बसपा प्रदेश अध्यक्ष के.आर्मस्ट्रांग की निर्मम हत्या के विरोध में देशभर में बसपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इसी कड़ी में पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद में कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कार्यक्रम के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस मांग पत्र में स्व. के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई जांच कराने, हत्यारों को फांसी देने, आर्मस्ट्रांग के परिवार को सुरक्षा देने, पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति पर हो रहे अत्याचार को रोकने जैसी मांगें शामिल हैं।कैंडल मार्च शहर के जेपी चौक से मुख्य बाजार होते हुए अम्बेडकर चौक तक निकाला गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि के. आर्मस्ट्रांग गरीबों और दलितों की आवाज थे। वे अपने घर पर टहल रहे थे, तब चार से पांच हमलावरों ने धारदार हथियार से उनकी निर्मम हत्या कर दी। हम सब इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और बहुजन समाज और उनकी आवाज उठाने वाले लोगों की सुरक्षा की मांग करते हैं। कार्यक्रम में पुनीत अंबेडकर, राम नारायण राम, प्रमोद राम, अवधेश राम, प्रेम शंकर रवि, प्रदीप मेहता, वीरेंद्र राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के बीच सैकड़ो पौधे का किया वितरण



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक के पश्चात थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने प्रखंड के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य ग्रामीण को फलदार एवं इमरती पौधे देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ सह सीओ सावित्री कुमारी उपस्थिति रही। उक्त थाना प्रभारी ने उपस्थित सभी ग्रामीणों से एक पौधा अवश्य लगाने की भी अपील कीया। जिससे उपस्थित लोग उक्त थाना प्रभारी का खूब प्रशंसा किया। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया मुंगा साह, मुखिया प्रमोद कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम सहित प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो महिला समेत चार घायल

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना क्षेत्र में पिछले बारह घंटे के दौरान सड़क दुर्घटना में दो महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।घायलो में कांडी निवासी सुदामा चंद्रवंसी की पत्नी धर्मलीला देवी तथा जंगीपुर निवासी जितेंद्र कुमार के नाम शामिल है। वे दोनों विगत रात्रि सड़क दुर्घना के घायल हुये। जब कि शनिवार की सुबह बंशीधर नगर भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर ब्लॉक मोड़ के समीप ब्लोरो और मोटर साइकिल के आमने सामने धक्के में मोटरसाइकल सवार एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो के सहयोग से दोनो घायलों का इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा इलाज के बाद चिकित्सक ने स्थिति खतरे से बाहर बताया। घटना में घायल होने वालो में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी जीवधन साव की पत्नी प्रतिमा देवी तथा दमाद खरौंधी थाना क्षेत्र के हरियाली गांव निवासी मनोज गुप्ता का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल मनोज गुप्ता अपने सास और पत्नी अर्चना देवी के साथ मोटरसाइकल से बंशीधर नगर से चपरी जा रहा था। ब्लॉक मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बलोरो वाहन से आमने सामने टक्कर हो गया जिसमे सास और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अनुमंडल विधिक सेवा समिति का ऑनलाइन किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**बंशीधर नगर** : अनुमंडल व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को अनुमंडल विधिक सेवा समिति का ऑन लाइन उदघाटन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ विधुत रंजन सारंगी, हाईकोर्ट के जज सुजीत नारायण प्रसाद तथा रत्नाकर भेंगरा ने किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर ने पांच दिव्यांगों को व्हीलचेयर जिसमे चंदन कुमार रक्शा, जितनी देवी सलसलादि, शोभा कुमारी रमना, विमल कुमार रमना,शिवम कुमार रमना को तथा गोपी राम अधौरा को बैशाखी का वितरण किया। इसी दौरान उपायुक्त ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्शा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय दहेडिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलकर के कक्षा 8 के 89 बच्चों के बीच सायकिल का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला जज राजेश शरण सिंह, शैलेन्द्र कुमार लापति न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रभारी न्यायाधीश श्री बंशीधर नगर, निशिकांत कुजूर एसडीजेएम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कच्छप, जिला पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार पांडेय, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, बीडीओ अदिति गुप्ता, सीओ विकास कुमार सिंह, कल्याण पदाधिकारी सोशलिष्ट राम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्रामपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**विश्रामपुर (पलामू)** : मुहर्रम पर्व को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई.बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे और संचालन मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदर शमशेर आलम ने किया। बैठक में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि मिल जुलकर मनाने से पर्व का महत्व बढ़ जाता है। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर भाईचारगी के बीच मुहर्रम का जुलूस निकाले, पुलिस सभी के साथ खड़ी मिलेगी। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। जुलूस के दौरान शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी भी अफवाह में नहीं पड़ें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें ताकि समय रहते उचित कानूनी कदम उठाया जा सके। बैठक में एसआई विश्वनाथ रंजन, आशीष कुमार, एएसआई आरसी जयमल सिंह हेम्ब्रम, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, ब्यावसाई संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल, इदरीश हवारी, बिहारीलाल गुप्ता, विजय कुमार रवि, सलीमुद्दीन अंसारी, सुनील कुमार चौधरी, देवनाथ यादव, यदुनी राम, मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, हरेकृष्णा सिंह, रामप्रवेश मेहता, संजय उपाध्याय, आजम सिद्दीकी, इलहक अंसारी, तस्लीम अंसारी, सोना देवी, रामजी विश्वकर्मा, मसिर आलम सहित दोनो समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

## देवर ने भाभी को भूमि विवाद में कुल्हाड़ी से मारकर किया हत्या

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना क्षेत्र के अमर सरई गांव में शुक्रवार को देर शाम भूमि विवाद में देवर ने अपनी ही भाभी को कुल्हाड़ी से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर उंटारी थाना की पुलिस मौके पर पहुच कर शव को कब्जे में लेकर कानूनी करवाई कर रही है। जब कि आरोपी अभी पुलिस की पकड़ में नही आया है। बताया जाता है घटना के बाद से ही आरोपी घर छोड़ कर फरार हो गया हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि राजकुमार उराव की पत्नी रीना देवी 35 वर्ष भुमि विवाद को लेकर देवर विजय उरांव से विवाद हो गया। विवाद के दौरान बिजय उरांव ने रीना को टांगी से सिर से लेकर गर्दन तक कई हमले कर दीये। जिससे मौके पर ही रीना देवी की मौत हो गई। सूचना पर नगर के थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को बरामद कर लिया हैं। बताया जाता है कि मृतिका रीना देवी के पति बोकारो में किसी प्लांट में मजदूरी का कार्य करते है। इनका मायका विंढमगंज के धरती डोलवा गांव में है इस खबर से पूरा गांव में मातम छा गया है। इस संबंध में राजकुमार उरांव के बड़े भाई देवा उरांव की पत्नी अनु देवी के आवेदन पर पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। जब की आरोपी बिजय उरांव अभी पुलिस की पकड़ में नही आया है।

## मृतक के परिजनों से मिलकर जताया दुःख, हर संभव मदद का दिया भरोसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**विश्रामपुर (पलामू)** : वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह आज विश्रामपुर नप मुख्यालय के बहेलिया टोला स्थित जितेंद्र बहेलिया के घर गए और उनकी माता के निधन पर दुख व्यक्त किया। यहां बताते चलें कि पिछले दिनों जितेंद्र बहेलिया की मां का निधन हो गया था। श्री सिंह ने शोकाकुल परिवार जनों को ढांढस बंधाया। परिजनों को हर संभव मदद देने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी, प्रवीण सिंह, राहुल दुबे, उस्मान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नामांकन मे अधिक राशि लेने की शिकायत पर संदीप सरकार ने किया विद्यालय का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**नौडीहा बाजार (पलामू)** : नौडीहा बाजार के अति सुदूरवर्ती इलाके के लालगड़ा पंचायत मे अवस्थित स्तरोन्नत उच्च विधालय कुहकुह के प्रधानाध्यापिका श्रीमति प्रणिता कुमारी सिंह के द्वारा 9 -10 वी के छात्र -छात्राओं से नामांकन मे 600- 600 रूपया वसूली होने की सोसल मिडिया और अखबार मे भी प्रकाशन हुआ था। ग्रामीणों की सूचना के आधार पर युवा एकता मंच पलामू के अध्यक्ष संदीप सरकार के द्वारा विधालय की भ्रमण किया। छात्र -छात्राओं ने बताया कि नामांकन मे प्रधानाध्यापिका के इशारे पर शिक्षक गणेश सिंह और ब्रज किशोर कुमार सिंह के द्वारा 600 -600 रुपया की वसूली किया गया है जिसका किसी तरह के रसीद छात्र -छात्राओं को नहीं दिया गया है। वही पर प्रधानाध्यापिका श्रीमति प्रणिता कुमारी सिंह ने उक्त सारी गलती स्वीकार की गई और 25 जुलाई 2024 तक छात्र -छात्राओं से अवैध रूप से वसूली गई राशि को वापस करनें एवं रसीद देने की बात कहा गया है। युवा एकता मंच पलामू के अध्यक्ष संदीप सरकार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू से दूरभाष से मामला की जानकारी देते हुए संलिप्त शिक्षक पर करवाई करने की बात कहा। संदीप सरकार ने पत्रकारों से बताया कि अति सुदूरवर्ती इलाके मे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और इस विधालय मे बिना चप्पल के शिक्षा ग्रहण करने आते है। अगर निर्धारित समय पर बच्चों के पैसा वापस नहीं होता है तो शिक्षा मंत्री से मुलकात संलिप्त प्रधानाध्यापिका और शिक्षक पर करवाई करने की मांग किया जायेगा।

## एनसीपी व टीम सूर्या की हैदरनगर में बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**हुसैनाबाद** : एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर शनिवार को पुराना थाना के समीप युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह थे। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह ने की। संचालन युवा एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में बीनू सिंह ने कहा कि इसकी शुरुआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गई है। उन्होंने कहा कि युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह व वरीय कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में सभी 12 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद व मोहम्मदगंज में शुरुआत करने के बाद हैदरनगर प्रखंड में भी युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। इसमें एक बूथ दस यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाना है। बैठक में बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरी सिंह, उप प्रमुख पप्पू पासवान, अजीत सिंह, रामचंद्र चौधरी, सलेंद्र सिंह, महेंद्र प्रजापति, सोनू सिंह, मुकेश प्रजापति, दिलीप पाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरैया पंचायत की मुखिया ने शिक्षा मंत्री को क्षेत्र की समस्या से कराया अवगत




**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी ने सूबे के शिक्षा, उत्पाद सह मधनिषेध मंत्री बैधनाथ राम से शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की। मुखिया प्रियंका ने माननीय मंत्री से क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। पिपरा प्रखंड के शिक्षा तथा शिक्षकों की समस्या से अवगत कराया। क्षेत्र के स्कूलों को अत्याधुनिक शिक्षा से जोड़ने तथा स्कूलों में मूलभूत सुविधा बहाल करवाने की अपील की। मंत्री बैधनाथ राम ने आश्वस्त कराया की आपके क्षेत्र की समस्या का समाधान अवश्य किया जाएगा।समय कम है परंतु क्षेत्र का विकास करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। मुखिया प्रियंका कुमारी ने सूबे के मंत्री से झारखंड बिहार के सीमा पर स्थित पिपरा के सरैया पंचायत में आने का आग्रह किया। उसपर मंत्री ने आश्वस्त किया की मैं जल्द ही आपके पंचायत में आकर लोगों से मुखातिब होऊंगा। मौके पर मंत्री जी के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अंकित पांडे, पप्पू साव, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थें।

## मोहर्रम को लेकर केतार थाना में हुआ शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**केतार (गढ़वा)** : थाना परिसर केतार में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर बीडीओ सह सीओ सावित्री कुमारी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ किया गया।इस दौरान प्रमुख चंद्रावती देवी एवं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी उपस्थित रहे।मोहर्रम को लेकर ग्राम बेलाबार व नवाडीह गाँव के बारे में पूर्व सदर अली हुसैन अंसारी ने बताया कि मेरे यहा मोहर्रम का पर्व हर वर्ष शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया है और उम्मीद करता हूं आने वाला त्योहार भी शांतिपूर्ण से संपन्न होगा। सिर्फ रास्ता को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घोरान घोर कर लोग थोड़ा अतिक्रमण कर दिय है। प्रशासनिक सजेस्ट की जरूरत है। उस समस्या को भी जल्द सुलझा लिया जाएगा। वहीं रूट को लेकर पचाडूमर गांव से ललू मियां व केतार से हकीमुद्दीन अंसारी ने विस्तृत बात रखी।साथ ही हेमन्त पाठक,शुशील चौबे आदि लोगों ने अपने-अपने बातें रखी। इस दौरान उक्त प्रभारी ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भार्मक, हिंसक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ मैसेज वह वीडियो, फ़ोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर पोस्ट एवं शेयर ना करें। जिसे प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था खराब होने की संभावना हो। गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी हुई है। ताकि शांति व्यवस्था भंग ना हो। प्रभावित करने वाले भार्मक सूचना फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से यह अपील किया है कि किसी भी तरह का अफवाह पर ध्यान ना दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना बिना विलंब किए हुए संबंधित थाना को दें। समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को हर सम्भवतः मदद करें। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया मुंगा साह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, कलेंदर पासवान, पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह, पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, समाज सेवी अजय वर्मा, हेमंत पाठक, बाबूलाल यादव, बिंदु राम, कुंडल सिंह, अशोक पासवान, शुशील चौबे, असीम अंसारी, उप मुखिया संजय पाल, छोटन कुमार सिंह, सदर शमीम अंसारी, सदर हकीमुद्दीन अंसारी, शुशील यादव, उदय प्रसाद, हकीमुद्दीन अंसारी, रामविचार साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र का प्रमुख गायत्री देवी ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**चैनपुर (पलामू)** : चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बरांव पंचायत के गिधा टोला के आंगनबाड़ी केंद्र गिधा का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका मिला। जिस पर प्रमुख गायत्री देवी ने मौके पर आसपास के लोगों से आंगनबाड़ी केंद्र खुलता है की नहीं। इसकी जानकारी लिया तो स्थानीय निवासी अजय चौधरी, राजेंद्र चौधरी, सुरतिया देवी, प्यारी चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, विजय चौधरी, नंदू चौधरी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र कभी खुलता नहीं हैं और कभी मन हुआ तो मनमौजी सेविका शीला देवी व सहायिका ललिता देवी लगभग 10 बजे से 12 बजे तक ही केंद्र पर रहते हैं। लेकिन केंद्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं रहता हैं प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलता है। दूसरी ओर बरांव पंचायत के टोला मधुडीह का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 का सेविका माया देवी सहायिका किरण देवी 9 बजे तक केंद्र पर नहीं मिली वहीं केंद्र भी बंद मिला। वहीं बरांव पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 का सेविका संध्या देवी जांच के दौरान केंद्र पर रहीं नदारद। वहीं एक भी बच्चा केंद्र पर नहीं थे उपस्थित। वहीं बरांव पंचायत के टोला चढ़नवा का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 का सेविका केंद्र पर उपस्थित नहीं थी।वहीं बरांव पंचायत के टोला खजुरिया का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 का सेविका व सहायिका लगभग 11 बजे तक केंद्र पर उपस्थित नहीं थे और साथ ही केंद्र बंद मिला जब इसकी जानकारी गायत्री देवी ने सेविका सुनीता देवी से लिया तो उसने कहा कि बीएलओ का काम करते है जिसके कारण केंद्र बंद है केंद्र की सहायिका प्रीति देवी मनमानी करती हैं जिसके कारण केंद्र बंद है। वहीं बरांव पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में टीएचआर बैग का दयनीय स्थिति हैं।इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि सुपरवाइजर आंगनबाड़ी केंद्रों का नहीं करती निरीक्षण उपायुक्त को पत्र सौंपकर अग्रतर कार्रवाई करने के लिए शिकायत करेंगे।

## प्रार्थना के समय पर गुरुजी फरमा रहे हैं आराम



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरा पंचायत के अंताकला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के पदस्थापित सहायक शिक्षक अवध बिहारी सिंह ने स्कूल खुलने के निर्धारित समय 9 बजे से 3 बजे तक संचालित करना है और शिक्षक घर से आते सहायक शिक्षक अवध बिहारी सिंह ने विधालय के बरामद मे सो गये उस समय करीब 9:20 के आस पास होगा। जबकी उस समय विधालय मे प्राथर्ना के समय मे गुरजी सो रहे है तो बच्चों की भविष्य क्या होगा। इस विधालय के प्रधानाध्यापक श्री संजय कुमार गुप्ता के अचानक तवियत खराब होने के क्रम मे विधालय के प्रभार सहायक शिक्षक अवध बिहारी सिंह को देकर इलाज करवाने कही बाहर गये है। समाचार लिखे जाने तक दूरभाष के माध्यम से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री महेन्द्र प्रजापति से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि वैसे शिक्षक पर निश्चित करवाई करने की बात कही गई।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्लाईओवर निर्माण के कारण पानी के कई पाइप नहीं जुड़े, लोग पानी के लिए परेशान

**रांची।** पेयजल को लेकर इन दिनों रांची में समस्या ही समस्या है। सप्लाई पानी नल से घर तक नहीं पहुंच रहा है। इसके लिए लोग परेशान हो रहे हैं। कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण होने से भी कुछ दिक्कतें आ रही है। इधर कांटा टोली के शांति नगर, गढ़ाटोली के पास कांटाटोली फलाइओवर निर्माण को लेकर पुराने टाउनलाइन के पाइप को हटाकर नए में कनेक्ट कर दिया गया है। लेकिन (इएसआइ डिस्पेन्सरी लाइन कांटाटोली) के साथ मुंडा चौक, हरिजन बस्ती के एक पार्ट में पानी सप्लाई के लिए जो इंटर कनेक्शन था उसे नहीं जोड़ दिया गया। जिसके कारण इन इलाकों पानी नहीं मिल रहा है।

### हटिया डैम में डूबे छात्र का शव मिला

**रांची** : रांची के हटिया डैम में नहाने के दौरान डूबे छात्र अंजन केरकेट्टा (14) का शव एनडीआरएफ ने शनिवार को काफी मशक्कत के बाद खोज निकाला। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अंजन केरकेट्टा भाई अंकुर केरकेट्टा के साथ साइकिल से धुर्वा कोचिंग करने आया था और धुर्वा डैम की ओर घूमने चला गया। घूमने के बाद दोनों भाई डैम में नहाने उतर गए और अंजन गहरे पानी में चला गया। अंकुर के शोर मचाने पर जबतक लोग मदद वे लिए पहुंचते अंजन पानी में डूब चुका था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना धुर्वा और नगड़ी थाने को दी। नगड़ी पुलिस ने आसपास के गोताखोरों को बुलाकर पानी में उतारा लेकिन वे अंजन को खोजने में विफल रहे। इससे पूर्व 11 मई को भी धुर्वा निवासी दो नाबालिग छात्र और आपस में चचेरे भाई आर्य शर्मा और प्रशांत शर्मा की धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी।

# आखिरी गरीब व्यक्ति तक कानूनी सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करें : चीफ जस्टिस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में राष्ट्रीय लोक अदालत और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति (एसडीएलएससी) नगर ऊंटरी गढ़वा का उद्घाटन हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी ने शनिवार को ऑनलाइन न्याय सदन, रांची के डोरंडा में किया। मौके पर चीफ जस्टिस बीआर सारंगी ने कहा कि आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। लीगल सर्विस अर्थॉरिटी का काम है अंतिम पायदान पर पहुंचे हुए गरीब व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें कानूनी सहायता देना। चीफ जस्टिस ने कहा कि झारखंड लीगल सर्विस अर्थॉरिटी (झालसा) गरीबों को कानूनी सहायता दिलाने में बेहतर कार्य कर रही है। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अर्थॉरिटी (डालसा) को तीन बातों पर विशेष ध्यान रखना होगा। पहला, लोगों को समय पर कानूनी सहायता पहुंचाना। दूसरा, बिना थके काम करना और तीसरा, जहां कानूनी सहायता की जरूरत है वहां पर लीगल सर्विसेज की टीम का पहुंचाना। चीफ जस्टिस ने कहा कि झालसा लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निष्पादन में बेहतर कार्य कर रही है। मामलों के त्वरित निष्पादन में तेजी आई है। यह झारखंड के लिए अच्छा संकेत है। न्याय व्यवस्था में समय से लोगों को न्याय मिले यह काफी जरूरी है। न्याय में देरी से न्यायिक व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगते हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, हाई कोर्ट के कई जस्टिस, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो. शकीर, महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए तैयार किए गए अभियान का शुभारंभ हुआ। साथ ही न्यूज लेटर का भी अनावरण किया गया। झालसा के लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा आयोजित लेख, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में पीड़ित मुआवजा का भी भुगतान किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा, संजय लाल पासवान, सोनाल शांति, खुर्शीद हसन रूमी, अभिलाष साहू अभिलाष साहू, मंजूर अहमद अंसारी, केदार पासवान, जसाइ मराडी और पप्पू अजहर उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के विभिन्न विभागों और कार्यकारी अध्यक्षों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के विभिन्न विभागों और कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, डाटा एनालिसिस विभाग के अध्यक्ष शामिल थे। बैठक में राजेश ठाकुर ने सभी विभाग के अध्यक्षों को कई निर्देश दिये। ठाकुर ने कहा कि सभी विभाग समाज के अलग-अलग वर्गो से जुड़े हुए हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि उस समाज की समस्याओं से रूबरू हों ताकि इसे उचित पटल पर रखकर उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग बैठक आयोजित करे और इस बैठक में समाज से जुड़े प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर सामाजिक समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करे। साथ ही सभी समस्याओं की सूची और उसके निदान का एक फोल्डर तैयार करें। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 वर्षो में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग के खिलाफ जितने भी निर्णय लिए गए हैं उसे बिंदुवार और स्पष्ट रूप से जनता के बीच रखें ताकि जनता इनके कारनामों को भूल न सके। ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उनके सलाहकारों द्वारा सामाजिक विषमता को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया गया। जनता इनके नब्ज को पहचान चुकी थी, जिसके कारण चुनाव में इन्हें मुंह की खानी पड़ी और इसका सिलसिला लगातार जारी है। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि यदि समाज में संतुलन रखना है तो हर वर्ग की समस्याओं को जानना और संविधान प्रदत अधिकार देना जरूरी है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। झारखंडी जनता की सोच सामाजिक उत्थान के साथ-साथ समाज में एकता बनाए रखने की है। इसमें विभेद पैदा करने वालों को नकारने का काम जनता ने हमेशा किया है। जलेश्वर महतो ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों अल्पसंख्यकों आदिवासी अनुसूचित जाति के हक की आवाज हमेशा उठाई है। इसी कारण कांग्रेस जातिगत जनगणना कराने और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की आवाज को बुलंद कर रही है।

## डीपी ज्वैलर्स से 1.40 करोड़ रुपये के आभूषण लूटे, बरामद हुए सिर्फ 40 लाख रुपये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास डीपी ज्वेलर्स लूट मामले में पुलिस ने सभी नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसके पास चालीस लाख रुपए के जेवरात भी बरामद किया जा चुका है। लेकिन मामला यहां आकर फंस रहा है। डीपी ज्वेलर्स के संचालक ओम के अनुसार एक करोड़ चालीस लाख रुपए के आभूषण की लूट हुई थी, लेकिन पुलिस को चालीस लाख रुपए का ही आभूषण बरामद हुए हैं। वहीं पुलिस को लूटे गये आभूषण की सूची पुलिस को नहीं दी गई है। पुलिस को ढाई सौ ग्राम सोने की तलाश है। आरोपितों ने पुलिस को बताया था कि ढाई सौ ग्राम सोना उन्होंने बिहार से आए एक व्यक्ति को दिया था जिसे जेल में बंद सुबोध कुमार के पास पहुंचाना था। पुलिस का मानना है कि ढाई सौ ग्राम सोना बरामद करने के बाद भी लूटे गए आभूषण की कीमत एक करोड़ 40 लाख रुपये नहीं होगी। पुलिस को पता नहीं चल पा रहा है कि कौन कौन से आभूषण आरोपित अपने साथ ले गए हैं। पुलिस अब बेउर जल में बंद सुबोध से पूछताछ करेगी। इधर डीपी ज्वेलर्स के मालिक भी आभूषण की सूची नहीं दे रहा है।

# जेल अधीक्षक हिमानी प्रिय की हत्या करने में जुटे चार आरोपियों को एटीएस ने दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह केंद्रीय कारा की अधीक्षक हिमानी प्रिया की हत्या करने की तैयारी में जुटे जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साव के चारों गुर्गो को एटीएस के एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में टीम ने दबोच कर जेल भेज दिया है। एटीएस की टीम ने रांची से रवि, गुमला से शिव,रामगढ़ के पतरातू से अनु के अलावा एक अन्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरिडीह जेल में बंद अपराधी अमन साहू ने विशेष सुविधा नहीं मिलने के कारण जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया पर गोलीबारी की साजिश रची थी। इसको लेकर सारी तैयारी भी पूरी कर ली गयी थी। अमन साहू के गुर्गे हिमानी प्रिया की सारी गतिविधियों कर नजर रखे हुए थे, हालांकि इससे पहले एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

# श्री चैती दुर्गा मंदिर में सेवा निरंतर जारी है : शंकर दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भुताहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में पिछले कई वर्षो से शनिवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया।

हजारों की संख्या हजारों के संख्या में भक्तगण ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया और भुताहा तालाब में लंबी-लंबी कतारें लगी थीं।मंदिर के संस्था के अध्यक्ष शंकर दुबे द्वारा भोग लगाया जिसमें जिसमें खिचड़ी,अचार, चिप्स आदि भोग लगवाए गया उसके बाद शंकर दुबे के द्वारा ही वितरण करवाई गई। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे,मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह,महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह),राहुल सिंह,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा आदि एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## सच पर मुस्कुराते हुए मरना मौत नहीं बल्कि शहादत है : तहजीबुल हसन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मस्जिद जाफरिया में दस दिवसीय मजलिस के छठे मजलिस को संबोधित करते हुए मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजीबुल-हसन रिजवी ने कहा कि कर्बला में जहां बूढ़े, जवान और कमजोर लोगों ने बलिदान दिया। इसमें सबसे कम उम्र का एक मुजाहिद भी शहीद हो गया है। जिसका नाम अली असगर है। बच्चों को हथियारों से डरने की आदत होती है। लेकिन इमाम हुसैन के सबसे छोटे बच्चे हुरमुला के तीरों से नहीं डरे, भले ही वे तीन दिन तक भूखे-प्यासे रहे। उन्होंने हुरमुला के तीर का अपनी गर्दन पर स्वागत किया। और हँसते-हँसते इस्लाम पर अपनी जान न्यौछावर कर दी। और ज़माने को संदेश दिया कि सच पर मुस्कुराकर मरना मौत नहीं शहादत है। हजरत अली असगर की शहादत सुनकर सारी मजलिस रोने लगी और मजलिस से हाय असगर की आवाज गूंजने लगी। इस्लाम के लिए अपनी जान कुर्बान करना कयामत तक के लिए अपनी जान खरीदना है। आज अली असग़र का ज़िक्र इस बात का सबूत है। इस्लाम के चेहरे पर जो हरापन दिखता है, वह अली असगर की शहादत का देन है। मजलिस के बाद झूला अली असगर निकाली गयी। अली असगर को याद कर लोग आंसू बहाते नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन सैयद जावेद हैदर, सैयद जाफर हुसैन, खानवादा यावर हुसैन ने किया। नोहा ख्वानी कासिम अली, अमूद अब्बास ने की।

# खोटा सिक्का फन अनलिमिटेड 19 जुलाई को होगी रिलीज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तीन सालों के संघर्ष के बाद अन्वी प्रोडक्शन तले बनी नागपुरी फिल्म खोटा सिक्का फन अनलिमिटेड 19 जुलाई को मेन रोड के जेडी सिनेमा हॉल में रिलीज हो रही है। इसके लिए रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों में खूब प्रचार प्रसार किया जा रहा है, ताकि दर्शक फिल्म देखने सिनेमा हॉल तक पहुंचे। हास्य फिल्म है और इसमें झारखण्ड के साथ साथ असम, बंगाल के कलाकारों ने भी काम किया है। फिल्म के निर्देशक आनंद खालखो, डेविड , सहायक निर्देशक विवेक नायक , प्रोड्यूसर विभाश खालखो, अंजनी रूपम कुजूर, पटकथा रंजू मिंज, डीओपी रवि कुमार साहू, एडिटिंग एंड साउंड आजेश मिश्रा, संगीत सिद्धार्थ रॉय, विवेक नायक ,अंकित वर्मा, ऋषि वर्मा , गीत लिखे हैं भूषण नायक, रंजू मिंज, फिल्म में चार गाने हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में विवेक नायक, रंजू मिंज, नितेश कच्छप, राजू तिर्की , नारायण महली, मोनिका, अंकित, मंतिशा वहीं खलनायक में सतीश शाहदेव, नीरज वत्स, अजीत लोहरा शामिल हैं। विवेक नायक एवं रंजू मिंज ने बतया की झारखण्ड राँची में रहने वाले सभी कलाकार नागपुरी फिल्म खोटा सिक्का का प्रमोशन सोमवार से सोशल मीडिया एवं अपने स्तर से शुरू करेंगें और शुक्रवार को सभी कलाकार मिलकर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक से जेडी सिनेमा तक पदयात्रा निकालेंगे ।

# डीसी व एसएसपी ने मुहर्रम को लेकर जुलूस रूट का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : 17 जुलाई को मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। जुलुस विभिन्न गली, मोहल्लों से निकल जाएगा और अपने-अपने निर्धारित मार्ग से ही हमेशा के तरह इस बार भी उर्दू लाइब्रेरी, कर्बला चौक तक पहुंचेगी। विधि व्यवस्था में किसी तरह का कोई चुक ना हो इसको लेकर रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा शांति समिति एवं मुहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों के साथ कर्बला चौक, उर्दू लाइब्रेरी तक औचक निरीक्षण किया।

वहीं कर्बला चौक स्थित कर्बला में जाकर जाफरिया मस्जिद के इमाम ओ खतीब तहजीबुल हसन ने दुआ पढ़ी।

इस मौके पर महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह, मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी, आफताब आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गोवा भेजे गये 820 ईसाई धर्मावलंबी

**रांची :** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हटिया स्टेशन से गोवा के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन खुली। राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी ने शनिवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से झारखंड के 820 ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा की यात्रा पर भेजा गया। इसमें रांची के 77 धर्मावलंबी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के निदेशक और अधिकारी मौजूद रहे। झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है।

# सरकार पर विश्वास करने का समय खत्म, अब जवाब देने का मौका : सुदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियों का विश्वास तोड़ा है। जनादेश के साथ धोखाधड़ी की है। सरकार पर विश्वास करने का समय अब खत्म हो गया है और इसका कोई मतलब भी नहीं है। यह समय और मौका इन्हें इनकी वादाखिलाफी का जवाब देने का है।

सुदेश कुमार महतो शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी राजीव कुमार ने आजसू पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्थापित सरकार ने यूथ को धोखा दिया है। धोखा खाए हुए नौजवान सड़कों पर भटक रहे हैं और अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं। सरकार ने रोजगार मेला लगाकर जिन युवाओं को नौकरियां दी वो युवा अब कहां हैं इसका हिसाब सरकार को देना चाहिए। नियोजन नीति को लेकर झारखंडी युवा छले गए हैं। सरकार की नियत उजागर है। इसके बाद भी कभी 30 हजार कभी 40 हजार नौकरियां देने के वादे किए जा रहे हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार परिणाम नहीं देती है तो जनता को निराशा होती है। समाज के हर वर्ग के लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं। आज प्रशासनिक सेवा से सार्वजनिक जीवन में आने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार का पार्टी में स्वागत है। इन्होंने बतौर प्रशासनिक अधिकारी बेहतर कार्य किए हैं। राजीव झारखंड को समझने वाले अधिकारी रहे हैं। इनके अनुभव का लाभ पार्टी को जरूर मिलेगा। पार्टी में शामिल हुए पूर्व आईएएस राजीव कुमार ने कहा कि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के विकास के प्रति सोच और झारखंडी विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहा हूं।

# शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : डीडीसी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उत्कृष्ट मुख्यमंत्री जिला विद्यालय, रांची के सभागार में स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कराना है। इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल रुआर अभियान के गीत ले मशालें चल पड़े लोग मेरे गाँव के के माध्यम से शत प्रतिशत नामांकन का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि उप-विकास आयुक्त, दिनेश कुमार यादव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहने पाए। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा के गहन महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷शिक्षा समाज की नींव है, ये समाज में बदलाव लाने का कार्य करती है÷। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा द्वारा कहा गया कि सभी के सहयोग से प्रखंड स्तर और विद्यालय स्तर में स्कूल रुआर के सभी गतिविधियों को सफल बनाया जा सकता है।मांडर प्रखंड के प्रमुख ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कौशल किशोर के द्वारा रखी गयी।कार्यक्रम का संचालन ए.पी.ओ. निशि प्रभा ने किया साथ ही प्रभा सहाय ने विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रेडिंग एवं पुनर्गठन के ऊपर प्रकाश डाला। सभी शिक्षकों को टोला से जोड़ने हेतु कहा गया जिससे बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्तिथि सुनिश्चित की जा सके।कार्यक्रम में माननीय सांसद प्रतिनिधि रांची एवं खूंटी, माननीय विधायक प्रतिनिधि, सभी प्रखंड प्रमुख, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी बी.आर.पी, सभी सी.आर.पी, स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि एवं जिला कार्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एचईसी को राज्य सरकार को सौंपने की मुख्यमंत्री की मांग सही : सीपीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची।** सीपीएम का राज्य सचिवमंडल प्रकाश विप्लव ने बताया कि एचईसी राज्य सरकार को सौंप देना चाहिए। पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस मांग से सहमति व्यक्त करता है कि केंद्र सरकार भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) को सुचारू रूप से चलाने के लिए उसे राज्य सरकार को सौंप दे। भारत का गौरव इस मदर इंडस्ट्रीज एचईसी की स्थापना के लिए यहां के किसानों और रैयतों ने अपनी सैकड़ों एकड़ जमीन दी थी।केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र विरोधी नीतियों के कारण अपने लिए कार्यशील पूंजी और संयंत्र के आधुनिकीकरण की बाट जोहता यह उधोग बंदी के कगार पर है. वहां काम कर रहे कामगारों और अधिकारियों को 16 माह से वेतन नहीं मिला है। एचईसी के पास कार्यादेश का अभाव नहीं है। एचईसी पर बैंक का कोई लोन नहीं हे। यदि राज्य सरकार इसकी केवल गारंटर बन जाए तो कार्यशील पूंजी के साथ वहां उत्पादन को तेज किया जा सकता है। एचईसी के पास अपनी बहुत जमीन है उस जमीन का उपयोग कर एचईसी के संयंत्र का आधुनिकीकरण किया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा एचईसी को टेक ओवर करने के लिए सीपीएम ने मुख्यमंत्री को कई बार पत्र भी लिखा था, लेकिन टेकओवर केन्द्र सरकार और भारी उधोग मंत्रालय की सहमति के बिना नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस पहल को एचईसी के कामगार भी पुरा समर्थन देंगें।

## झारखंड आंदोलनकारी की बैठक सम्पन्न



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बाजार टांड जलटंडा में शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा कि बैठक खूंटी जिला अध्यक्ष विजय सिंह कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक पर जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने कहा की जब तक झारखंड आंदोलनकारी यों का मांग पुरा नही होता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा. वही 23 जुलाई को नगर भवन कर्रा में झारखंड आंदोलनकारियों की आगामी बैठक रखी गयी है. 23 जुलाई को बैठक के बाद कर्रा बीडीओ को झारखंड आंदोलनकारियों का मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है बैठ में मुख्य रूप से विजय सिंह लोरेंस होरो, महबूब अंसारी, सूरज गोप, भिमसेन संगा, फागू मुंडा, मंगल मुंडा, सलीम संगा, मंगल होरो, सगीर अहमद, पौलुस मुंडा,फुलमनी हेरेंज, दासा मिंज, नवीन कुमार, हेंगरे तिर्की, बुधराम मिंज के अलावे अन्य आंन्दोलनकारी मौजूद रहे।

## खिजरी के पूर्व विधायक उमराव साधो कुजूर की पुण्यतिथि मनाई गई



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी के पूर्व विधायक स्व उमराव साधो कुजूर की 43 वीं पुण्यतिथि 12/7/24 को सदाबहार चौक स्थित उनकी प्रतिमा के पास धूमधाम से मनाई गईद्य मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंहने बताया की स्व उमराव साधो कुजूर खिजरी के जन नेता थे,उनके काम, ईमानदारी और कर्मठता की मिशाल लोग आज भी देते हैं ।ऐसे जननेता आज के समय में विरले ही मिलते है।उनकी पुण्यतिथि पर सदाबहार चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रधा सुमन अर्पित किए।और आस पास स्व उमराव साधो कुजूर मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाया द्य इसअवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह,कमलदास गोस्वामी,उपाध्यक्ष आरती कुजूर,एतवा विश्वकर्मा सूरज देव कुजूर,चंदन कुजूर,सुशील उरांव,पार्वती तिर्की,शनिचरिया देवी,राजकुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,अशोक मुंडा इत्यादि शामिल थे।

## पिपरवार के कल्याणपूर मे मुहर्रम कमेटी की हुई बैठक, समिति का हुआ गठन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर गांव मे कल्याणपुर में मुहर्रम मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता शकील अंसारी ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल्याणपुर गांव में मुहर्रम पर्व परंपरागत तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे 18 जुलाई को कल्याणपुर अखाडा से जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया,जो क्षेत्र का भ्रमण कर बहेरा अखाडा होते हुए बहेरा मेलाटांड मे होने वाले मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता में शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुहर्रम के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया,जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष अब्दुल अंसारी,सचिव क्युम अंसारी, कोषाध्यक्ष गुलाम रब्बानी को बनाया गया।वही इदरीस अंसारी,नईम अंसारी, लियाकत अंसारी को संरक्षक बनाया गया है।जबकि कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।बैठक के दौरान सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई।बैठक में अब्दुल अंसारी, कयूम अंसारी,इदरीश अंसारी,लियाकत अंसारी, नईम अंसारी,सकील अंसारी, अरशद अंसारी,मुख्तार अंसारी,मोहम्मद असलम, जावेद अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आम्रेश्वर धाम में एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेला 2024 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 जुलाई से 19 अगस्त तक चलने वाले श्रावणी मेला 2024 को लेकर आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से आम्रेश्वर धाम मंदिर स्थित सभागार में मंदिर प्रबंधन समिति संग बैठक किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने श्रावणी मेला 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रावण के महीने में आम्रेश्वर धाम में काफी भीड़ उमड़ती है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने श्रावणी मेला 2024 को लेकर मंदिर एवं मंदिर परिसर के आसपास की साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, क्षेत्र में निरंतर विद्युत आपूर्ति, दंडाधिकारी, सुरक्षा कर्मी एवं वोलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति, सड़क मरम्मती, पार्किंग की व्यवस्था, पारा मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति, अग्निशमन की तैनाती समेत अन्य व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने मंदिर प्रबंधन समिति को अपने स्तर से वोलेंटियर्स की सूची साझा करने एवं क्षेत्र के दुकानदारों से अनिवार्य रूप से डस्ट बिन का उपयोग कराना सुनिश्चित करने को कहा गया। जिससे क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके। महिला, पुरुष एवं वीआईपी दर्शन की व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के लिए एंट्री और एग्जिट पॉइंट की भी अच्छे से व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सड़कों की मरम्मती एवं सड़कों के आसपास के झाड़ियों की साफ-सफाई को लेकर पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया। बनई नदी के समीप खराब पड़े ट्रांसफार्मर को भी अविलंब बदलने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को दिया गया। वहीं श्रावणी मेला प्रारंभ होने से पूर्व वॉलिंटियर्स एवं सुरक्षा कर्मियों की जॉइंट ब्रीफिंग करने को कहा गया, साथ हीं एसडीओ एवं एसडीपीओ को संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से हम और भी बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव कराएं यह हमारा प्रयास है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने श्रावणी मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं वॉलिंटियर्स की डेप्लॉयमेंट पर चर्चा किया गया, उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में श्रावणी मेला के दौरान फोर्स की डेप्लॉयमेंट की जाएगी, मंदिर प्रबंधन समिति भी अपने स्तर से सक्रिय वॉलिंटियर्स का नाम साझा करें, जिससे उन्हें श्रावणी मेला के दौरान प्रतिनियुक्त किया जा सके। उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से इस दौरान लगाए जाने वाले लाइट को पर्याप्त संख्या में लगाने को कहा, जिससे रात्रि के समय श्रद्धालुओं को समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान बनई नदी से अमरेश्वर धाम मंदिर तक लगातार पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग की जाएगी। ट्रैफिक डायवर्जन पर चर्चा करते हुए बताया कि ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा जिससे जाम की समस्या उत्पन्न ना हो। बैरिकेडिंग आदि लगाने को लेकर भी बात कही गई, उन्होंने लाउडस्पीकर एवं साइनेज बोर्ड जगह-जगह पर लगाने को लेकर भी निर्देश किया। बैठक के दौरान मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कई सुझाव एवं प्रस्ताव जिला प्रशासन के समक्ष रखे गए। बैठक के पश्चात उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# माडल स्कूल के रूप में विकसित होगा राजकीय मध्य विद्यालय

# पीएम श्री योजना के तहत हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड अंतर्गत खलारी बाजारटांड़ स्थित राजकीय मध्य विद्यालय खलारी का चयन प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के लिए चयन हुआ है. रांची जिले में कुल 20 पुराने स्कूलों का चयन पीएम श्री योजना के तहत हुआ है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को निरूपित करने के लिए यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है.

इस योजना के तहत देश के 14500 पुराने स्कूलों को माडर्न बनाया जाएगा जिसमें रामवि खलारी भी शामिल है. इस योजना के तहत विद्यालय में सारी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी. साथ ही साथ माडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा. पीएम श्री विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं बेहतर की जाएगी. नवीनतम तकनीकी स्मार्ट कक्षा, खेल एवं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किया जाएगा.

इस योजना के तहत विद्यालय में स्मार्ट कक्षा, पुस्तकालय, कौशल प्रयोगशाला, खेल का मैदान, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, छात्र छात्राओं के लिए अलग अलग आधुनिक शौचालय आदि सभी सुविधाएं प्रदान किए जाएंगे. पीएम श्री स्कूल अनुकरणीय स्कूलों की तरह काम करेंगे. वे दूसरे स्कूलों का भी मार्गदर्शन करेंगे.

### स्कूल परिसर का अतिक्रमण है बड़ी समस्या : प्रधानाचार्य

राजकीय मध्य विद्यालय खलारी के प्रधानाचार्य उत्तरा कुमार ने कहा कि उनके विद्यालय का चयन पीएम श्री स्कूल के रूप में हुआ है. यह खलारी प्रखंड के लोगों के लिए गौरव की बात है. बताया कि यहां अभी कक्षा एक से आठ तक पढ़ाई होती है. पीएम श्री योजना लागू होने के बाद नर्सरी कक्षा भी शुरू हो जाएगा. बताया कि 250 दाखिला है जिसमें प्रतिदिन आधे से अधिक उपस्थिति रहती है. अभी शिक्षकों की कमी है. मात्र 7 शिक्षक है. जिनमें 5 स्थाई व 2 पारा शिक्षक हैं. प्रधानाचार्य ने बताया कि यहां अतिक्रमण बड़ी समस्या है. परिसर में ही कई घरों का दरवाजा खुलता है. स्कूल परिसर में गाड़ी पार्किंग कर दिया जाता है. लोग कार वाश करते हैं. रविवार को खलारी बाजारटांड़ में साप्ताहिक हाट के बाद सोमवार को स्कूल के बरामदे में ढेला पत्थर, दोना भरा मिलता है. कई बार विद्यालय के कमरों का ताला टूटा है. अभी विद्यालय में नया भवन व चारदीवारी बनना है. पीएम श्री स्कूल बनाने के लिए रामवि खलारी को अतिक्रमणमुक्त करना जरूरी है.

## इस सम्पूर्ण क्षेत्र के लिये मील का पत्थर साबित होगा ग्राम न्यायालय : शिल्पी नेहा तिर्की




**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर ग्राम न्यायालय के उद्घाटन की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में है और आज इसी सिलसिले में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्राम न्यायालय का निरीक्षण एवं भ्रमण किया. इस अवसर पर रांची के न्यायायुक्त भी उनके साथ थे. ग्राम न्यायालय के उद्घाटन के सन्दर्भ में श्रीमती तिर्की ने कहा कि ग्राम न्यायालय इस सम्पूर्ण क्षेत्र के लिये मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि मांडर सहित आसपास के चान्हो, ईटकी, लापुंग, बेड़ो, रातू, बुड़मू, ठाकुरगाँव, खेलारी आदि ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी आबादी को ग्राम न्यायालय की सुविधा मिलने से इस सम्पूर्ण क्षेत्र के लोगों को अधिकांश न्यायिक कार्य के लिये राजधानी रांची का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा. श्रीमती तिर्की ने कहा कि कोडरमा के तिलैया के बाद मांडर में राज्य का दूसरा ग्राम न्यायालय खुल रहा है और इसके बाद हमारे ग्रामीण भाई-बहनों को बहुत अधिक सुविधा होगी. श्रीमती तिर्की ने ग्रामीणों को ग्राम न्यायालय खुलने की बधाई दी.

## कार को धक्का मारते हुए ट्रक हार्डवेयर दुकान में जा घूसा, कार चालक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची पुरुलिया मार्ग पर प्रोजेक्ट बालिका स्कूल के समीप शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे तेज गति से जा रहे ट्रक अनियंत्रित होकर एक कार को धक्का मारते हुए हार्डवेयर दुकान में जा घुसी। जिससे कार चालक घायल हो गया जिससे सिल्ली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। ट्रक चालक ट्रक छोड़ भागने में सफल रहा। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे उक्त ट्रक रामगढ़ से जमशेदपुर की ओर तेज गति से जा रही थी। इसी क्रम में



प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक कार को टक्कर मारते हुए ट्रक सड़क किनारे स्थित श्री श्याम इंटरप्राइजेज नामक हार्डवेयर दुकान में जा घुसी। कार चालक हिंडालको कर्मी काशीडीह निवासी अमरदीप महतो अपने परिवार के साथ सोनाहातू जामुदाग के शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। दुर्घटना से अमरदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। वही हार्डवेयर दुकान में ट्रक घुस जाने से दुकान में रखे काफी सामानों का नुकसान हुआ है। हार्डवेयर दुकान के संचालक गोपाल केडिया ने बताया कि रंग, पुट्टी,आदि सामानों को मिलाकर लगभग 2 लाख रुपए से अधिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। काफी मशक्कत के बाद ट्रक को दुकान से निकाला जा सका है। इधर मुरी पुलिस ट्रक को जब्त कर घटना की छानबीन में जुटी है।

## भाजपा के अभिनंदन एवं विजय संकल्प सभा मे शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चतरा जिला में अभिनंदन एवं विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता एवं संचालन महामंत्री डॉ मृत्युंजय ने किया।इस कार्यक्रम में पिपरवार मंडल से भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में शामिल हुए।कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी मतों से और अपने पंचायत बूथ में लीड दिलाने पर बुथ अध्यक्ष को प्रोत्साहित पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पिपरवार मंडल से 417 नंबर के बूथ अध्यक्ष रवि केसरी,418 गोलू केसरी और 411 शिव शंकर गंझू को सम्मानित किया गया।पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुथ अध्यक्षों को सम्मानित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।इस दौरान पिपरवार के कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की,जिसे अर्जुन मुंडा ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,जिला मंत्री रीना देवी,शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता, उपाध्यक्ष रीमा देवी,करण कुमार महतो,महामंत्री संजय कुमार भोगता,माधुरी देवी, रवि केसरी,गोलू केसरी,शंकर गंझु,बबिता देवी,अंकित केसरी,शीला देवी,सरस्वती कुमारी,पुष्पा कुमारी,बासुदेव गंझू,ललिता देवी,सरस्वती कुमारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में चलाया गया वृक्षारोपण अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर रिशु चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के कई शिक्षक शामिल हुए।वही कक्षा तृतीय से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए।इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षकों के अलावा बच्चों ने स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण किया।

इस दौरान स्कूली बच्चों में वृक्षारोपण के प्रति काफी उत्साह देखा गया।कार्यक्रम को संबोधित




करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने वृक्ष के महत्व को बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके लिए हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ पौधे के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालय मे पौधोंरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता मिलेगी।उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी लोगों से वृक्षारोपण करने और इसकी देखभाल करने की अपील की।

**उपायुक्त का कार्यालय (जिला विकास शाखा), सिमडेगा**
**(सिमडेगा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट)**

**भाव–पत्र आमंत्रण**

प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजनान्तर्गत, सिमडेगा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के कार्यो के निष्पादन हेतु इच्छुक वाहन मालिकों से छोटी वाहन किराये पर उपलब्ध कराने हेतु भावपत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| सेवाओं की विवरणी | वाहन का प्रकार | वाहन की आयु | वाहन किराया प्रति माह चालक सहित | वाहन किराया प्रति माह चालक रहित |
|---|---|---|---|---|
| छोटी वाहन मासिक किराये के आधार पर उपलब्ध कराना | स्कॉर्पियो/बोलेरो/ Innova | 26 जुलाई 2024 को 06(छः) माह से अधिक नहीं। | | |

इच्छुक सेवा प्रदाता को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.07.2024 को अपराह्न 01.00 बजे तक सिलबन्द लिफाफा में अपना भाव पत्र, जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, सिमडेगा के नाम से जिला विकास शाखा, सिमडेगा में समर्पित कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् भावपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। भावपत्र स्वीकृत/रदद करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

भावपत्र निस्तार से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें :–

1. भावपत्र समर्पित करने के स्थान– उप विकास आयुक्त का कार्यालय, (जिला विकास शाखा) सिमडेगा।
2. भावपत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि–26.07.2024 को अपराह्न 01.00 बजे तक।
3. भावपत्र खोलने की तिथि–26.07.2024 अपराह्न 04.00 बजे तक।
4. भावपत्र खोलने का स्थान –समाहरणालय सभागार, सिमडेगा।

शर्तें –

1. सेवा प्रदाता को वाहन के साथ चालक सहित/रहित मासिक किराया का दर अंकित करना होगा जो परिवहन विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्धारित दर/निर्वाचन कार्य हेतु अनुमोदित दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. वाहन का निबंधन होना आवश्यक है तथा R.C. book संलग्न करें।
3. वाहन का अद्यतन टैक्स भुगतान किये जाने संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
4. वाहन का अद्यतन बीमा संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
5. वाहन का वैद्य रोड Tax संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।

उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा

PR 329493 Rural Development(24-25).D

## खलारी के 5323 बच्चों के लिए आवंटित कर दिया गया पाठ्य पुस्तक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 5323 बच्चों के लिए सभी 52 स्कूलों को पाठ्य पुस्तक आबंटित कर दिया गया. इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा सरवरीनाथ चौरसिया ने बताया कि विगत चार दिनों से प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी से वाहन द्वारा प्रखंड के भिन्न भिन्न स्कूलों को पाठ्य पुस्तक भेजवाया जा रहा था. संबंधित विद्यालय बच्चों को किताब वितरण कर रहे हैं. जल्द ही सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक मिल जाएंगी.

## नशा के गिरफ्त में खलारी के युवा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के युवा पीढ़ी में नशीले पदार्थों के सेवन के प्रति बढ़ता आकर्षण अभिभावकों सहित समाज के लिए चिन्ता का विषय बनता जा रहा है. केडी,महाबीर नगर, एसीसी कॉलोनी, धमधमिया, डकरा, करकट्टा तक के किशोर से लेकर युवा तक सिगरेट, गुटखा, व्हाइटनर, डेंडराइट, गांजा,अफीम जैसी नशा के प्रति आकर्षित हो रहे हैं. प्रखंड के चाय दुकान, पान दुकान, किराना दुकानों से लेकर गली मुहल्लों की छोटी दुकानों पर खुला सिगरेट, गुटखा व नशीले पदार्थ की बिक्री की जा रही है. राज्य सरकार द्वारा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के तम्बाकू सेवन पर रोक के बावजूद सिगरेट पान-गुटका आदि का सेवन करते देखा जा रहा है. इस्तेमाल करने वालों से ज्यादा दोषी विक्रेता हैं जो स्कूली बच्चों, किशोरों, नाबालिगों को गुटखा, खुला सिगरेट या नशा का अन्य सामान बेच रहे हैं. राज्य सरकार के नए कानून के अनुसार अगर कोई शिक्षण संस्थान, अस्पताल या खुली जगह पर सिगरेट, तंबाकू, गुटखा का सेवन करता है तो उसे जुर्माना देना होगा. साथ ही 21 साल से कम उम्र के बच्चों को धूम्रपान बेचने पर पाबंदी लगा दी गई है. परंतु नशा का सामान बेचने वाले को सरकार के नियम कानून से कोई लेना देना नहीं है. नशे के कारोबारी से लेकर नशा के आदी होते युवा बेखौफ हैं. युवा इस धीमे जहर की लत में फंसते जा रहे हैं. अधिकतर अभिभावक अपने बच्चों के इस करतूत से बेखबर हैं. स्थानीय थाना पुलिस अथवा जिला प्रशासन की इकाई प्रखंड व अंचल के अधिकारी जांच अभियान चलाकर इसे रोक सकते हैं. खलारी थाना प्रभारी पुनि विजय कुमार सिंह ने कहा है कि पूरे क्षेत्र में नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा.

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुहर्रम त्योहार को लेकर पिपरवार थाना परिसर मे रविवार 14 जुलाई को 4ः00 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में पिपरवार थाना क्षेत्र में मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारगी और शांतिपुर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।बैठक में सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि,राजनैतिक पार्टी,समाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित शांति समिति के सभी सदस्य,जुलूस लाइसेंस धारी/गैर लाइसेंस धारी सभी प्रबुध्द लोगो से उपस्थित होने की अपील की गई है।

## शॉप्सी ने 3 वर्षों में 330 मिलियन डाउनलोड के साथ किफायती खरीदारी को नए सिरे से परिभाषित किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपनी स्थापना के बाद से सिर्फ़ तीन साल में ही शॉप्सी ने भारत में ई-कॉमर्स परिदृश्य में क्रांति ला दी है, और 330 मिलियन से ज़्यादा ऐप डाउनलोड की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू प्लेटफ़ॉर्म के रूप में स्थापित शॉप्सी भारत भर में मूल्य-सचेत उपभोक्ता आधार को व्यापक रूप से पूरा करता है। 1,300 श्रेणियों में फैले उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करते हुए, शॉप्सी 19,000 से ज़्यादा पिन कोड में काम करता है और 1.4 मिलियन विक्रेताओं के जीवंत समुदाय का समर्थन करता है, जिसमें फ़्लिपकार्ट से एकीकृत विक्रेता भी शामिल हैं। शॉप्सी में बिज़नेस हेड प्रथ्यूषा अग्रवाल ने कहा, ÷हमारी यात्रा भारत की विविध ज़रूरतों को पूरा करने के लिए असाधारण मूल्य और नवाचार प्रदान करने की प्रतिबद्धता से परिभाषित होती है। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हम ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और अपनी तकनीकी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करते हैं।

**District AyushSociety Chatra**

Advt:-01/DPM/ctr

**Recruitment Notice**

**Recuruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH Society chatra**

National Ayush Mission (NAM), Jharkhand,is commited to provide accessible, affordable and accountable quality health services tothe last person of the last household at last village, The thrust is on establishing a fully functional, community owned, decentralized health delivery system with intersectoral convergence at all levels, to ensure simultaneous action on a wide range of health determinants such as water, sanitation, education, nutrition social and gender equality.

NAM, Jharkhand is seeking online application from eligible candidates for the following position for District AYUSH Society Chatra Government of Jharkhand:-

| Sl. No. | Name of post | Number of post | Remuneration Rs./month | Qualification & Eligibility criteria |
|---|---|---|---|---|
| 1. | District Programme manager | 1(UR) | Rs.50,000 | **Essential Minimum Qualification:** Graduation degree in any discipline including Ayush and MBA in healthcare Mana gment/Master in health/hospital administration/post Graduation diploma in Hospital & healthcare management(Two years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience:** Minimum 1year working experience in public health programme exposure in social sector scheme/missions at national, state and district level **Required Minimum Competencies:** Computer knowledge includingMS Office, Ms Word, MS power point and Ms Excel would be desirable. **Note:** preference will be given to persons having experience of working in Health sector including AYUSH. |

**Terms of Engagement:**

1.Contractual employment will be made for 1 years from the date of appointment, however, contract may be extended or terminated on the basic of satisfactory/unsatisfactory service without any notice.
2.**Age Limit:** Minimum-21 years Maximum-60 years as or 1st Aug2023.
3. **Last date for receiving the application** is **27.07.2024** Application received after last date/time will be refused/rejected.
4.The successful candidate will be required to execute contractual agreement and their services will be guided by the service rules of NAM.
5. **How to apply:** Go to website chatra.nic.in & apply and fill the form along with the required documents and make the payment i.e.1000/-for each application on the portal.
6. **Required document:**
**a.**Aadhar card
**b.**Pan card
**c.**Photograph (passport size)
**d.** 10th Marksheet
**e.**12th Marksheet
**f.** Semester wise mark-Sheet of BAMS/BUMS/BHMS/BSMS/BYNS/MBA- finance/ M.Com /C.A/ICWA/ICWA(Inter)/ CA(Inter)/Graduation/MBA
**g.**Degree certificate
**h.** Experience certificate
**i.**Cast Certificate for ST/SC/EBC I/BC II/EWS if applicable-which should not be older than 6 months before the last date of application.
**j.**Domicile /Residential Certificate(if applicable)-which should not be older than 6months before the last date of application.
**7.** For the post of District Programme Manager shortlisted candidates would be called for Document verification and personal interview on the date, time and place communicated with them through website. Personal interview will be conducted under the Chairmanship of District Commissioner.
**Note: If number of Application increases considerably then written Exam may be conducted by authority.**
8.List of selected candidates will be published on website.
9.The selected candidates will get an annual enhancement of 03% based on satisfactory performance to be decided by the performance assessment committee of AYUSH.
10.Leave- The selected candidates will get maximum 18 days leave during a calendar year
11.The District AYUSH society reserves the right to cancel/postpone the recruitment wholly or partly if so required No claim will be admissible in case of such cancellation/postponement.
12.Canvassing in any from either for selection or for place of posting will result in cancellation of the candidature of the applicants.
13. Minimum qualifying marks will be as per the resolution no: 13026 dated: 27.11.2012 issued by Department of Personnel, Administrative Reforms & Rajbhasha Jharkhand
14. For more details please visit Annexure-I & Annexure-II
15. New date for receiving the application-**15.07.2024**
16. New date of Interview-**23.08.2024**

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, सह–सचिव, सदस्य, जिला आयुष समिति, चतरा
उप विकास आयुक्त, सह–उपाध्यक्ष, जिला आयुष समिति, चतरा
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला आयुष समिति, चतरा

PR 329556 District (24-25)_D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 70 ईसाई तीर्थ यात्रियों का जत्था गोवा रवाना, डीडीसी ने बस को दिखाई हरी झंडी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड सरकार के टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को और से पूर्वी सिंहभूम के 70 सदस्यीय ईसाई धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) के जत्थे को गोवा तीर्थ यात्रा हेतु पूर्वाहन 09:00 बजे




समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए दो बसों को रवाना किया । रांची से तीर्थ यात्रियों का दल रेल मार्ग द्वारा गोवा प्रस्थान करेगी। सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 जुलाई 2024 को समाप्त होगी। बता दें, झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीर्थ स्थल दर्शन हेतु ऐसे नागरिकों को शामिल किया गया है जो झारखंड के निवासी हैं, उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, वे बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आते हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। जिला प्रशासन की ओर से तीर्थ यात्रियों के उचित देखभाल हेतु नोडल अधिकारी के रूप में मनीष जोंकों और उनके साथ सहायक के रूप में हेमवती पिंगुवा एवं सुशीला यात्रा के दौरान शामिल रहेंगे।

## मिसेस केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज का अंतर विभागीय वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 13 अगस्त को मिसेस के.एम.पी.एम. वोकेशनल कॉलेज ने अंतर विभागीय वार्षिक कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता विज्ञान और वाणिज्य विभाग



के बीच थी। इसका आयोजन मिसेस के.एम.पी.एम. वोकेशनल कॉलेज के मेन रोड स्थित लाल भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे.ई.एम. फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस थे। उन्होंने मैच के लिए टीम की सराहना की और उन्हें प्रेरित किया तथा टीम भावना के साथ खेलने के लिए कहा। कार्यक्रम के रेफरी झारखंड मिनी फुटबॉल अकादमी (जे.एम.एफ.ए.) के कोच परवेज खान थे। वाणिज्य विभाग ने मैच 6-1 गोल से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच निखिल डे रहे। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता जाखनवाल ने विजेता टीम को बधाई दी तथा उपविजेता टीम की भी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ. अजय कुमार पाठक ने किया।

## सीएमएफ ब्रांड के तीन नए प्रोडक्ट की ऑन और ऑफलाइन बिकरी शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लंदन की टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के उप-ब्रांड सीएमएफ ने तीन नए प्रोडक्ट- सीएमएफ फोन 1, सीएमएफ वॉच प्रो 2 और सीएमएफ बड्स प्रो 2 को पेश किया है। ये प्रोडक्ट की ओपन सेल्स 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से ऑनलाइन और ऑफलाइन शुरू हो गयी है। सभी प्रोडक्ट फ्लिपकार्ट, क्रोमा, विजय सेल्स और अन्य पार्टनर्स के पास खरीदारी के लिए उपलब्ध हैं। सेल शुरू होते ही ग्राहकों ने खास बैंक




ऑफ़र का लाभ उठाया। सीएमएफ फोन 1 भारत का पहला मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 5जी प्रोसेसर के साथ पेश किया गया है। इस दमदार प्रोसेसर के साथ यह अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन प्रदान करता है। नथिंग के साथ मिलकर तैयार किया गया यह फोन तेज़, भरोसेमंद और कुशल पावर जैसी खूबियों से लैस है। सीएमएफ वॉच प्रो 2 एक वर्सटाइल और स्टाइलिश स्मार्टवॉच है, जिसमें एक इंटरचेंजेबल बेज़ल डिज़ाइन और 1.32 इंच का एमोलेड ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले है, जो हाई रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है।

## मजदूर नेता रतिलाल महतो को पूर्व सीएम चम्पई सोरेन और विधायक सरिता महतो ने श्रद्धांजलि दी

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रसिद्ध मजदूर नेता शहीद रतिलाल महतो के 25वें शहादत दिवस पर गम्हरिया के ऊपरबेड़ा मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके



पर विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा ऊपरबेड़ा मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला पहना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहीद रतिलाल महतो स्मृति समिति की ओर से आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि ईचागढ़ की विधायक सविता महतो उपस्थित थी। उन्होंने समाधि स्थल पर स्थित स्व रतिलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अपने सम्बोधन में पूर्व सीएम ने कहा कि शहीद रतिलाल महतो मजदूरों के मशीहा थे। इस मौके पर पूर्व सीएम के पुत्र बबलू सोरेन, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई, झामुमो जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत प्रधान, अमृत महतो, राम हांसदा, जगदीश महतो, मनदीप महतो, मनिल महतो, राजेश महतो, चन्दन महतो, वीरेन महतो समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन ने मुहर्रम को विधि व्यवस्था संधारण को लेकर केन्द्रीय शांति समिति के साथ की बैठक

## मुहर्रम जुलूस पूर्व की भांति अपने रूट पर निकाले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा मुहर्रम के अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर रविन्द्र भवन, साकची सभागार में केन्द्रीय शांति समिति सदस्यों, विभिन्न मुहर्रम समिति के लाइसेंसधारी के साथ बैठक की गई। बैठक में विभिन्न थाना क्षेत्रों में संपन्न शांति समिति बैठकों के फीडबैक पर चर्चा की गई तथा मुहर्रम समिति के लाइसेंस धारियों द्वारा पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को सहानूभूतिपूर्वक सुनते हुए उचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी सह ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम(एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, एसडीएम घाटशिला, एलआरडीसी, जिला स्तरीय अन्य



विभागीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी बैठक में मौजूद रहे। जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सभी मुहर्रम समितियों को निदेशित किया गया कि जुलूस मार्ग का विचलन नहीं करें, जिस मार्ग से जुलूस निकलता रहा है उसी से निकालें। उसका पूर्व में सत्यापन कर लें। जिले में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। शांति एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण में त्यौहार मनाये जाने हेतु सभी उपस्थिति मुहर्रम समिति से अनुरोध किया गया। सभी मुहर्रम समितियों को अपने 20-20 वॉलंटियर की सूची संबंधित थाना प्रभारी से साझा करने, असामाजिक तत्वों पर निगरानी को लेकर सक्रिय कमिटी मेंबर को दायित्व दिए जाने की बात कही गई। भ्रामक सूचना की जानकारी प्रशासन को दें सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारियों को देने की अपील की गई। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष टीम नजर रखेगी ताकि किसी भी प्रकार से सामाजिक सौहार्द्र के वातावरण को कोई शरारती तत्व बिगाड़ नहीं पायें।

## मोहर्रम के मद्देनजर राजनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** शनिवार को राजनगर थाना परिसर में मोहर्रम के मद्देनजर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमिश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।मौके पर शांति समिति के सदस्य एवं मुस्लिम समुदाय के गाँव शोभापूर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में राजनगर थाना प्रभारी ने मोहर्रम में फातिया एवं जुलूस के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व को मनाने की अपील की। उन्होंने शोसल मीडिया में किसी प्रकार के धार्मिक या विवादित बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी। बता दें कि राजनगर थाना क्षेत्र में एक मात्र मुस्लिम समुदाय का गाँव शोभापुर है। वहीं अनुजमन मुस्लिम कमेटी के सदर शेर मोहम्मद ने बताया कि 17 जुलाई को मुहर्रम जुलूस निकाला जाएगा। वहीं शांति समिति की बैठक में शेर मोहम्मद, हीरालाल सतपति, झामुमों प्रखंड अध्यक्ष रामजीत हांसदा,नीबू प्रधान,बीस सूत्री सदस्य पप्पू रॉय, रामरतन महतो,चतुर्भुज प्रधान,बीजू बास्के तथा शोभापुर गाँव के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गोलकीपर अल्बिनो गोम्स को जमशेदपुर एफसी ने दो साल के करार पर टीम में किया शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने अनुभवी गोलकीपर अल्बिनो गोम्स को दो साल के करार पर हासिल करके अपने गोलकीपिंग लाइन-अप को मजबूत किया है, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर विस्तार का विकल्प भी शामिल है. 6 फीट 2 इंच लंबे इस गोलकीपर के पास ढेर सारा अनुभव है और आईएसएल और आई-लीग में 32 क्लीन शीट का प्रभावशाली रिकॉर्ड है, जो उन्हें मेन ऑफ स्टील के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाता है. अल्बिनो गोम्स के करियर का सबसे शानदार साल 2017 था, जब उन्होंने खालिद जमील की अंडरडॉग आइजोल एफसी की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और आईलीग का खिताब जीता. गोवा के इस खिलाड़ी ने सभी 18 गेम खेले और 8 क्लीन शीट हासिल की.

गोम्स ने कहा, %मैं आईएसएल में जमशेदपुर एफसी में वापस आकर रोमांचित हूं, यह एक ऐसा क्लब है जो इतिहास और जुनून से भरा हुआ है. मैं कोच खालिद




जमील के मार्गदर्शन में खेलने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं

हेड कोच खालिद जमील ने कहा, %मुझे पहले भी उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला है और मैं उनकी क्षमताओं और वह क्या ला सकते हैं, यह जानता हूँ. आईएसएल और आई-लीग दोनों में उनके अनुभव का खजाना और उनकी शारीरिक क्षमता उन्हें एक संपत्ति बनाती है%। एल्बिनो गोम्स 32 नंबर की जर्सी पहनेंगे और जुलाई में प्री-सीजन में शामिल होंगे.

## प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चेतना सत्र आयोजिम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** समाज कल्याण विभाग, पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में शनिवार को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, पटमदा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चेतना सत्र व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय, पटमदा से महिला पर्यवेक्षिका सुमन कौरिया व आंगनबाड़ी ममता सिंह ने किशोरियों को बेटियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को सावित्री बाई फुले योजना का लाभ लेने को प्रेरित करने के साथ साथ-बाल विवाह से बचाव, महिला हिंसा व डायन प्रथा जैसे सामाजिक कुरीतियों से बचने को प्रेरित किया



गया। किशोरियों ने अपने पेटिंग्स से बेटी बचाओ का संदेश दिया। प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रमाणिक (वर्ग 12) ने प्रथम, हेमंती सिंह (वर्ग 12) ने द्वितीय व पूर्णिमा मंडल, नेपाली गोराई, मौसमी प्रमाणिक के दल ने तृतीय स्थान ग्रहण किया। विजेता बच्चियों को समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय में आयोजित चेतना सत्र के दौरान स्कूल के बच्चों ने दीवाल पेंटिंग किया, बच्चों ने बताया कि वह अपनी पेंटिंग से स्कूल की दीवारों को खूबसूरत बनाएंगे। कार्यक्रम में निश्चय फाउंडेशन के तरुण कुमार, प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार, अनीता मुर्मू, तुलसी महतो, कौशलेंद्र कुमार सिंह व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सात राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों पर कांग्रेस ने नेता बबलू झा ने कहा

## भाजपा का भय और भ्रम का जाल टूट चुका



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सात राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कॉंग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष बबलू झा ने भाजपा को निशाना करते हुए कहा है कि उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया 'भय और भ्रम' का जाल टूट चुका है। बीजेपी की राजनीति को लोग ठुकरा रहे हैं क्योंकि किसान, नौजवान, मज़दूर, व्यापारी और नौकरीपेशा समेत हर वर्ग तानाशाही का नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि जनता को बीजेपी की राजनीति में घमंड दिखता है। उनकी राजनीति में जवाबदेही का स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी लोगों के सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं समझते। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति सम्मान नहीं है। अपने जीवन की बेहतरी और संविधान की रक्षा के लिए जनता अब पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है।

## साकची के निवासियों को मिले अतिक्रमण नोटिस को डॉ. अजय कुमार ने सीएम को लिखी चिट्ठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने साकची के कुछ क्षेत्रों के निवासियों को अतिक्रमण नोटिस के मामले में आज झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में कहा, पूर्वी सिंहभूम जिला, कार्यालय अंचल अधिकारी, जमशेदपुर के निर्देश पर, खाता संख्या-245, प्लॉट संख्या 110,वार्ड संख्या 7, साकची में झारखंड सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तहत अतिक्रमण अभियान चलाने का नोटिस वहां के निवासियों को दिया गया है। 6 जुलाई को जारी नोटिस में 14 दिनों का समय देते हुए 20 जुलाई तक स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है. अन्यथा जबरन अतिक्रमण हटा देने की बात कही गई है। डॉ अजय ने कहा की वहां के निवासियों ने उनसे जमशेदपुर में मुलाकात की और बताया कि वे 50 वर्षों से उस जमीन पर रह रहे हैं और उन्हें जुस्को पानी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की सुविधा भी दी गई है. नोटिस मिलने के बाद घर टूटने की आशंका से सभी भयभीत हैं। डॉ अजय ने कहा, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ये सब गरीबों को परेशान करने वाले कुछ सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत है जो आज भी भाजपा की मानसिकता के अनुरूप काम कर रहे हैं. इंडिया गठबंधन सरकार ने हमेशा गरीबों की सुरक्षा का ख्याल रखा है, अत~ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उनके ख़िलाफ़ जांच के आदेश दिये जायें।

## घाटों से अवैध बालू उठाव के खिलाफ नये एसपी एक्शन मुड में, तिरूलडीह थाना में दो ट्रैक्टर जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के नव पदस्थापित एसपी मुकेश लुनायत अवैध बालू उत्खनन व परिवहन के खिलाफ एक्शन मुड में है। जहां उन्होंने लगातार थाने का औचक निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं अवैध बालू के खिलाफ काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। शनिवार को एसपी श्री लुनायत के निर्देश पर तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो ने अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी



कर दो बालू लदे ट्रैक्टर को तिरूलडीह चौड़ा पथ पर जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चौड़ा कि ओर बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि सुवर्ण रेखा नदी के तिरूलडीह घाट से अवैध बालू उत्खनन कर ट्रैक्टर से चौड़ा के रास्ते बालू का परिवहन किया जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि दो बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त किया गया है एवं आगे की कार्रवाई किया जा रहा है। मालूम हो कि एनजीटी लागू होने के बाद से ही खनन विभाग व? पुलिस अवैध बालू के खिलाफ सक्रिय है।

## हाथी ने घर को तोड़कर मचाया उत्पात, रतजगा कर ग्रामीणों ने मशाल और लाईट से की पहरेदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकड़ू प्रखण्ड के ओड़िया पंचायत के ओड़िया गांव में बीते रात्रि भोजन की तलाश में हाथीयों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। वहीं झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने रात को गांव में उपद्रव मचाते हुए भागीरथ महतो का घर को तोड़कर दिया साथ ही घर में रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। घटना शाम आठ बजे की बताई जा रही है,घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लगने लगा। इस क्षेत्र के ग्रामीण अपने और परिवार की सुरक्षा के लिए मशाल ,लाइट,टॉर्च,फटाके की प्रयोग करके हाथी भगाते रहे।

### कांग्रेस वर्किंग कमिटी सदस्य डॉ अजय कुमार ने परिसदन में किया प्रेसवार्ता, बोले

## ओडिसा राज्यपाल के बेटे का राजभवन कर्मचारी के साथ गाली गलौज करना बेहद शर्मनाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमिटी सदस्य डॉ अजय कुमार ने शनिवार को परिसदन में मीडिया से बात करते कहा कि पिछले दिनों जिस प्रकार ओडिसा के राज्यपाल के बेटे ललित कुमार ने राजभवन कर्मचारी के साथ गाली गलौज एवम् मारपीट की, वह निंदनीय है, बेहद शर्मनाक है। भाजपा के नेताओं और उनके बेटों की करतूत कोई नई बात नही है। इस तरह की घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है। डॉ अजय ने कहा कि चाहे पुणे का एक्सीडेंट वाला हादसा हो, या मुंबई में एक शक्तिशाली नेता के बेटे



की गाड़ी से एक औरत को कुचलने की घटना, या फिर एक शक्तिशाली अधिकारी की बेटी को 800 रैंक आने पर भी आईएएस कैडर मिलना हो,हर जगह अमीर और पावरफुल लोग मिडिल क्लास और गरीबों को दबा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास के बेटे ललित कुमार पर ओडिसा राजभवन के कर्मचारी से मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप लगा है। बैकुंठ प्रधान नाम के राजभवन के एक कर्मचारी ने बताया कि जब वे राज्यपाल के बेटे ललित कुमार से मिलने गए तो देखते ही ललित कुमार ने डांटना और गालियां देना शुरू कर दिया और थप्पड़ मारने लगे और जान से मारने की धमकी दी। डॉ अजय ने बताया कि रघुवर दास और उनके बेटे के खिलाफ ओड़िसा के राजभवन के कर्मचारियों में जबरदस्त आक्रोश है। राजभवन कर्मचारी सेवा संघ ने इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं संघ द्वारा इस मामले की शिकायत मानवाधिकार आयोग में भी की गई है। मेरे पास ये खबर आने के समय तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी ऐसा नहीं है की यह पहली बार ऐसी घटना हुई है जिसमें रघुवर दास जी का परिवार शामिल है, ऐसी कई घटनाएं हैं। अभी हाल ही में कुछ दिन पहले रघुवर दास के भतीजे सह भाजपा नेता कमलेश साहू की लोगों ने पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2017 में रघुवर दास के छोटे भाई मूलचंद साहू पर एक सिख लड़के की पिटाई का आरोप लगा था। अप्रैल 2017 में ही मूलचंद साहू पर एक महिला द्वारा उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया था। सवाल यही है कि जो पार्टी नीति।

## श्रीमन क्लासेस साकची में प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित श्रीमन क्लासेस में प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एसबीआई असिस्टेंट के रूप में अंतिम रूप से चयनित ऋत्विक राज, युवराज सिंह, नम्रता कुमारी एवं सेंट्रल बैंक में पीओ का फाइनल रिजल्ट देने पर प्रिया अग्रवाल एवं सुमित काउंटिया को मुख्य अतिथि रिंटू रजक(संयोजक, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन जमशेदपुर), विवेक पराशर सिन्हा (सहायक महासचिव, नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ़ बैंक इम्प्लाइज, झारखंड) एवं रेखा सिंह (मैनेजर,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक प्रफुल्ल कुमार दत्ता, रश्मि शुक्ला एवं श्रीमन नारायण त्रिगुण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयदेव,सुभाष एवं श्रीमती प्रभा जायसवाल का योगदान रहा।

# नए संकल्पों के साथ झारखंड में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता प्रतिबद्ध : अर्जुन मुंडा

## झारखंड प्रदेश से भ्रष्टाचार में डूबी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है लक्ष्य : विधायक किशुन कुमार दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि नए संकल्पों के साथ प्रतिबद्ध होकर पुनः भाजपा को विजय संकल्प दिलाने के लिए प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं ।उन्होंने कहा कि भाजपा देश बनाने के लिए राजनीति करती है जबकि दूसरी राजनीतिक दल देश बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा देश की एकता को एक सूत्र में बांधने का और विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ चल रही है ।जबकि झारखंड प्रदेश की क्षेत्रीय पार्टियों लोक लुभावना वायदा देकर प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रही है ।उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिसने झारखंड बनने से पहले ही




झारखंड के भ्रूण हत्या का प्रयास किया था, उन्हीं के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा आज प्रदेश की सरकार चला रही है। ऐसे में इसे क्षेत्र की जनता का कल्याण नहीं हो सकता ।उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार जन विरोधी नीतियों के साथ-साथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का संरक्षण और संसाधनों के दोहन में लगी हुई है। चतरा जिला मुख्यालय स्थित धामनिया के पास आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा बोल रहे थे।कार्यक्रम का आयोजन प्रथम पाली में चतरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ की गई जबकि द्वितीय पाली में सिमरिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के कई समाजसेवियों ने भाजपा का दामन थामा है। दामन थामने वालों में सिसई के जयप्रकाश रजक, कुलदीप पासवान, पुष्पा देवी सहित अन्य शामिल है। इस मौके पर मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने उन्हें शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा के एदला पश्चिमी पूर्वी के बूथ अध्यक्ष को सबसे सशक्त बूथ के लिए सम्मानित भी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के बदौलत ही लोकसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से तकरीबन 76000 मतों से दूसरे कांग्रेस के प्रत्याशी से बढ़त बनाई थी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ता झारखंड में सबसे अधिक मतों से सिमरिया विधान सभा से जीत दिलाएंगे। जबकि चतरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं से भी उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव पर जीत का लक्ष्य संकल्प के साथ रखना है। ताकि आने वाले समय में प्रदेश से इस भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे ।इस मौके पर सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सक्षम बनाना और गांव को आत्मनिर्भर बनाना, वंचित लोगों को सम्मान दिलाना भाजपा का लक्ष्य है।भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार ही झारखंड को सजा और संवार सकती है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतरा विधानसभा के संयोजक जनार्दन पासवान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी करेंगे।कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्षों को शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। चतरा विधानसभा के चतरा विधानसभा के हंटरगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 153, 393, 398, 461, 472 के बूथ अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। अभिनंदन अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का संचालन पार्टी के जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, विनय जायसवाल आदि ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह, युगल किशोर खंडेलवाल, नवीन साह, अशोक शर्मा, विनय सिंह,राम विलास सिंह के साथ-साथ जीतन राम अमित साहू, अक्षय वट पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

**यात्री शेड के विहीन हुआ सिमरिया चौक, पूर्व से निर्मित यात्री शेड का हुआ अतिक्रमण**

# अनुमंडल पदाधिकारी से ग्रामीणों ने किया यात्री शेड अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर इन दिनों सर छुपाने की जगह नहीं बची है। अत्यधिक वर्षा होने के कारण लोग वर्षा से बचने के लिए इधर उधर भागते नजर आ रहे हैं। चुकी पूर्व से निर्मित सिमरिया चौक पर यात्री शेड को अपने कब्जे में कर लिया गया है। जिससे बस सवारियों एवं यात्रियों के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें अतिक्रमण हटाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा चौक दुकानदारों को नोटिश तामिला कराया गया था। जहां तामिला नोटिस के आधार पर चौक दुकानदारों ने दुकान के बाहर अत्यधिक निकाले गए छज्जा को काट कर महज तीन फिट या चार फिट हीं रखा गया है। जिससे अन्य राहगीरों को उक्त छज्जा में पानी से बचना असंभव हो गया है। वैसे में यदि रैनबसेरा को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में राहगीरों एवं यात्रियों को पानी से बचाव करना बड़ा मुश्किल हो गया है। जहां लोग पानी में भीगते नजर आवेंगे लोग। इधर चौक दुकानदारों ने कहा है कि जिस तरह हमलोगों के साथ अतिक्रमण को लेकर कारवाई किया गया है उसी तरह यात्रियों के लिए भी रैनबसेरा को अतिक्रमण मुक्त किया जाय। जिससे बरसात के मौसम में लोग सुरक्षित पानी से बचाव लोग कर सके।

# पैक्स सदस्यता अभियान पर कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** स्थानीय नगर भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वाधान में शनिवार को पैक्स सदस्यता वृद्धि अभियान पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां हजारीबाग प्रमंडल के देवेंद्र सिंह, व विशिष्ट अतिथि कोऑपरेटिव बैंक के डारेक्टर कौशलेंद्र सिंह, चतरा सहायक निबंधक, ऐनी होरो, डीसीओ अमित कुमार सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के सलाहकार कुमार गौरव समेत प्रखंड क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों ने संबंधित पैक्स अध्यक्षों को प्रत्येक घर से सदस्य जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता व गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर पैक्स सदस्यता अभियान चलाया जा रहा, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। भविष्य में किसानों को अनुदानित दर पर खाद्य बीज सहित अन्य सुविधाएं मिलेगी। कार्यशाला के अंत में लगभग सौ किसान सदस्य बनाए गए।इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष विजय पांडे, बिरेंद्र साहू, प्रशुराम चौधरी, मुकेश लाल कुशवाहा, सकेंद्र महतो, नागेश्वर साव, निर्मल घासी समेत काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# 75 वर्षो से दखल कब्जा करने वालो को मिलेगा वन पट्टा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को वन पट्टा देने को लेकर बैठक की गई। बैठक में प्रमुख रोहन साव, पंचायत के मुखिया और वन समिति के सदस्य के अलावे अंचल कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में निर्णय लिया गया कि 75 वर्षो से वन भूमि पर दखल कब्जा कर जोत कोड करते आ रहे वैसे लोगो को चिन्हित कर वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य जाति के लोग जो भूमिहीन हो उसे वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। इसके लेकर हर पंचायत में पंचायत के मुखिया के अध्यक्षता में ग्राम सभा किया जाएगा और वन समिति के सदस्यो की उपस्थिति में वन पट्टा के अधिकार का लाभ दिलाने के लिए चयनित किया जाएगा। इसके बाद चयनित लाभुको का रिपोर्ट अंचल कार्यालय को सौंपा जाएगा। मौके पर सभी पंचायत के मुखिया, वन कर्मी एवं समस्त अंचल कर्मी के अलावे प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# आईआरबी कैंप में शिव मंदिर का 11 वां वर्षगांठ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत आईआरबी कैंप के शिव मंदिर के 11 वां वर्ष गांठ मनाया गया। जहाँ मन्दिर में दिन रात का अखंड भजन कीर्तन का किया है। वहीं सुबह पूजा 8 बजे से शुरू हुआ। पूजा में सुशील कुमार, राजू सिंह, रंजीत शर्मा, दीना गुप्ता पूरे तन मन के साथ पूजा में भाग लिए। हवन का कार्यक्रम 1 बजे से 2.30 बजे तक चला। वहीं कैंप के रविन्द्र मण्डल ने बताया कि हमलोग हर वर्ष के भातिं इस वर्ष भी वर्ष गांठ पूरे धूम धाम से मनाया गया अवधेश पाठक के मंत्र के साथ पूजा सम्पन हुआ। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्त ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किए। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनीष विक्रम, रविंद्र पासवान, चंद्रदेव महतो, लोकेश प्रसाद, रंजित पासवान मण्डल, राहुल सिंह राजू सिंह अन्य जवान।

# असमाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना परिसर मे मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक कि अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने की। अध्यक्षता कर रहे राम ने मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए लोगों को अपील किया। उपस्थित लोगों से मुहर्रम पर्व को लेकर जानकारी लिया। बैठक के दौरान बारियातु मुहर्रम कमिटी द्वारा करबला जाने के लिये स्थाई रास्ता का मांग किया गया, इस पर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि करबला के जमीन की मापी किया जाएगा, सर्वसम्मति से हल निकाला जाएगा। वहीं थानेदार राजा दिलावर ने कहा कि मुहर्रम के जुलुस कार्यक्रम पर पुलिस प्रशासन की पैनी नज़र रहेगी. साथ ही कहा कि किसी तरह का अफवाह के चक्कर मे न पड़ें. त्यौहार मे नाबालिक को बाईक देने से प्रहेज करें। बिवाद मे फसना नहीं. किसी तरह के फेक खबर के चक्कर मे न पड़ें। तुरंत पुलिस को सूचित करें। वाट्सअप और इंस्टाग्राम फेक न्यूज से सतर्क रहें। शोशल मिडिया मे भ्रामक खबर चलाए जाने पर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी. वहीं ,मुखिया शांति देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, मो होजैफा, मो बेलाल, संजय सिंह, मो सफिक कुमार, मो साबिर, धीरज राणा, थाना परिवार के सदस्य सहित काफ़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू में एसडीओ सन्नी राज ने किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने ओचक निरीक्षण किया। साथ में क्षेत्रीय शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमित कुमार, बीपीओ कुंजल यादव मौजूद थे। विद्यालय जांच के क्रम में मिली शिकायत के आलोक में मध्यान भोजन की जांच की गई।जिसमें प्रतिदिन कम बच्चों की उपस्थिति के बावजूद अधिक बच्चों की हाजरी बना अधिक अनाज व रूपये का गमन करना तथा घोटाला करना , प्रतिदिन छात्रों की उपस्थिति कम होना,शौचालय साफ सफाई ना होना, विद्यालय बागवानी ना होना,विद्यालय प्रोजेक्ट,विभागीय रिपोर्टिंग समुचित ढंग से नहीं होना,विद्यालय में मनमानी तरीके से कार्य करने के अलावे विद्यालय के शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करना यादि की शिकायत पाई गई। वहीं पूर्व में शिक्षक सोमर उरांव के साथ



मारपीट का मामला सामने आया। जहां प्रधानाध्यापक गोपाल साहू पर एसडीओ ने जम कर फटकार लगाते हुए कारवाई करने की बात कही। वहीं शिक्षा विभाग के अमित कुमार तथा कुंजल यादव ने गोपाल साहू पर विभागीय कारवाई करने की बात कही है। उक्त विद्यालय में 200 बच्चों की नामांकन दर्ज है। पूर्व में सरकारी शिक्षक की मौत होने के बाद विद्यालय को देखरेख एवं सुचारु रूप से चलाने की जिम्मेवारी प्राध्याध्यापक के रूप में गोपाल साहू को दी गई थी। किंतु एचएम होने को लेकर मनमानी करते हुए मध्यान भोजन में काफी घोटाला का मामला सामने आया है। एसडीओ सन्नी राज ने उक्त शिक्षक गोपाल साहू पर कारवाई करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है। उक्त विद्यालय में अभी चार सहायक शिक्षक हैं जिसमें गोपाल साव, महेश राम,रमेश रजक ,सोमर उरांव का नाम शामिल है।

# व्यवहार न्यायालय लातेहार में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## आम जनता के हित में है लोक अदालत : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमारसिंह, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष गरिमा सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जो वाद वर्षो तक चलता है उसका निष्पादन लोक अदालत के माध्यम से तुरंत किया जा सकता है। वादों के निपटारा के लिए सबसे सुगम मार्ग है। उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि जनता यह कोशिश करें कि उनका वाद लोक अदालत के माध्यम से




खत्म हो। इससे उनके समय और पैसे की बचत होगी। बचत किये हुए पैसे से वह अपने अन्य कार्य को कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों से आग्रह किया कि सरकार के गाइडलाइन को फॉलो करते हुए ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा करायें साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि दूर-दराज गांवों से आये गरीब और मजबूर लोगों को राहत देने का काम करें। लोक अदालत में आये लोगों के वादों का निपटारा कर के ही वापस भेजें। उन्होंने विभिन्न विभाग के अधिकारियों, बैंक कर्मियों,एवं आम जनता से ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराने की अपील की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आन्नद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, सीजेएम अब्दूल नसीर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने लोगों को लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 11 हजार सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया गया।

### पत्रकार कुदुस और मोकिम अंसारी पर जानलेवा हमलावर पुलिस को चुनौती दे घूम रहें हैं खुलेआम




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिद्धौर थाना क्षेत्र के पत्रकार कुदुस आलम और सिमरिया थाना क्षेत्र के पत्रकार मोकिम अंसारी पर बीते दिन जानलेवा हमला कर हमलावरो ने इन दिनों खुले आम सांढ की तरह पागुर भांजते हुए घूम रहे है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कुमार एवं अन्य पत्रकारों ने पुलिस पदाधिकारियों से कई बार मुलाकात कर गिरफ्तारी की मांग किया गया था। गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पदाधिकारियों द्वारा अविलंब हमलावरों की गिरफ्तारी की बात कही गई थी। किंतु आज तक दोनों पत्रकारों के हमलावरों को गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इधर हमलावर पुलिस को चुनौती दे बेखौफ ठेंगा दिखा रहे हैं। साथ हीं खुलेआम सांढ के तरह घूम कर पुलिस को चुनौती देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं पुलिस भी वैसे हमलावरों को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हो रही है। इस तरह पुलिस के नाकामी से पत्रकार संघ में रोष है। कभी भी कोई बड़ी कदम चतरा प्रेस क्लब उठाने को मजबूर होगा।जिसका जिम्मेवार पुलिस विभाग होगी।

### सिस्टर कैसलिन की विदाई एक युग की समाप्ति है : प्राचार्य जोश



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत में दिन शुक्रवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय के सभागार में वनस्पति विज्ञान विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर, उप प्राचार्या और आइक्यूएसी संचालिका सिस्टर कैसलीन जूलियट को पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत असिस्टेंट प्रोफेसर शालिनी बाड़ा के वेलकम एड्रेस और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सुमधुर स्वरों में स्वागत गान के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश, उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो, असिस्टेंट प्रोफेसर्स फादर राजीप तिर्की, सिस्टर चंद्रोदय,रोज़ एलिस बारला, जफर इकबाल तथा अन्य सभी प्रोफेसर्स और गैर शिक्षेत्तर कर्मचारी के द्वारा उन्हें बुके और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.फादर एमके जोश ने सिस्टर के सम्मान में कहा कि सिस्टर की विशिष्ट प्रतिभा असाधारण कार्यों और गुणवत्तापूर्ण योगदान की वज़ह से कॉलेज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। आज इनके विदाई के दिन ऐसा लग रहा है मानो जैसे एक युग की समाप्ति हो रही हो। किनैंसी बाखला और पैत्रुष ने सिस्टर के प्रति अपने भावनात्मक अनुभव को भी साझा किया। असिस्टेंट प्रोफ़ेसर सुरभी सिन्हा तथा रोज एलिस बारला ने सिस्टर कैसलीन के कॉलेज के प्रति योगदान को चिह्नित करते हुए कहा, सिस्टर कैसलिन नैक मान्यता के प्रथम चक्र के अग्रणी सदस्य के रूप में अपनी असाधारण भूमिका निभाई है।अंत में सिस्टर कैसलीन ने महाविद्यालय के प्रति अपने भावनात्मक दृष्टिकोण और अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूं कि मैं ऐसे महाविद्यालय का हिस्सा रही जहां इतने सहयोगी व मेहनती सहकर्मी हैं।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 15 ईसाई तीर्थ यात्रियों को गोवा हेतु रवाना किया गया




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत दिनांक 13जुलाई 2024 को जिला से कुल 15 ईसाई तीर्थयात्रियों के जत्थे को गोवा के लिए रवाना किया गया। जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार के द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। लातेहार जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्री रांची पहुंचेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा हटिया से गोवा के लिए विशेष ट्रेन के द्वारा तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों के विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री, झारखंड एवं मंत्री, अल्पसंख्यक पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा 13 जुलाई को झारखंड के विभिन्न जिलों से आए तीर्थ यात्रियों को गोवा के लिए रवाना किया जाएगा।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत लातेहार जिला से पहले दल ईसाई धर्म लंबियों / तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। इसके बाद 20 जुलाई को हिंदू तीर्थ यात्रियों को द्वारिका भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के बीपीएल बुजुर्ग व्यक्तियों को तीर्थ स्थलों को भ्रमण कराया जाता है। इस मौके पर जिला खेल कार्यालय के पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार, जिला खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल आदि उपस्थित थे।

### बरवाडीह में कई आम बागवानी मृत, फिर से लाभुकों को प्रोत्साहित करने की कोशिश



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार और उसके नुमाइंदों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उसकी आय बढ़ाने और आर्थिक रूप से प्रबल बनाने तथा जलवायु वातावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से महत्वकांक्षी मनरेगा योजना अंतर्गत हरित आम बागवानी योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। जहां प्रखंड के पंचायतों में दर्जनों आम बागवानी मनरेगा कर्मियों और लाभुकों की लापरवाही के कारण मृत हो गए हैं जिसमें मुख्यालय बरवाडीह के सरस्वती देवी,मुनी देवी और जितेन्द्र प्रजापति समेत अन्य पंचायतों में कई बिरसा आम बागवानी मृत हो चुके हैं जिसमें हजारों रुपए का भुगतान किया जा चुका है और सरकारी राशि का वारा न्यारा कर दिया गया है। वैसे तो मनरेगा में फर्जीवाड़े कर भुगतान का चलन तो है ही इसके अलावा कर्मियों की लापरवाही और लाभुकों की मनमानी का नतीजा है कि लाखों रुपए खर्च के बाद भी बागवानी के दस पेड़ भी जिंदा नहीं हैं। इस तरह देखा जाए तो प्रखंड में दर्जनों बिरसा आम बागवानी स्थल पर मौजूद नहीं है और सरकारी राशि का बंदरबांट कर हजम कर लिया गया है फिर भी दूसरी ओर शनिवार को सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पंचायत उक्कामाड में जितेंद्र सिंह के खेत में बिरसा हरित आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया और इस माध्यम से लाभुकों को प्रोत्साहित करने की कोशिश हो रही है।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, प्रशासन द्वारा ज़ारी दिशा निर्देशों का पालन करने का निर्देश

## भड़काऊ गानों पर रहेगी पाबंदी, सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय नगर भवन सभागार में शनिवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्व मनाने तथा सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ गाने पर मनाही की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर जिले के सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करें। छडवा डैम ने लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण के महिला सुरक्षा कर्मीयों की संख्या ज्यादा रखने सहित जुलुस की फोटोग्राफी कराने का भी निर्देश दिया। अंचल स्तर पर शान्ति समिति की बैठक कर प्रशासन के दिशा निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुहर्रम त्योहार को लेकर जिलास्तर पर जारी होने वाले संयुक्त आदेश के उपरान्त



सभी संबंधित दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के दौरान अलर्ट मुद्रा में रहने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मिडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करने,तय मार्ग व समय पर जुलुस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी व सुरक्षा के लिहाज से जिला कंट्रोल रूम 24×7 रूप से कार्यरत है। डीसी ने शांति समिति के सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा की किसी भी तरह के प्री रिकॉर्डेड भड़काऊ गाने के प्रयोग पर रोक रहेगी।

# हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** चौपारण प्रखंड में हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) सेवाओं का उद्घाटन हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय,निदेशक डीआरडीए पंकज कुमार तिवारी और हजारीबाग जिला प्रशासन की टीम की उपस्थिति में किया गया। यह चार मोबाइल मेडिकल यूनिट्स सभी गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। इस एमएमयू वैन में ओपीडी, रेफरल प्रबंधन, मुफ्त दवा वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह एमएमयू वैन प्रतिदिन दो गांवों का दौरा करेगी, जिससे क्षेत्र का व्यापक कवरेज सुनिश्चित होगा। उपायुक्त श्रीमती सहाय ने हंस फाउंडेशन के योगदान के लिए आभार व्यक्त



किया और उन्हें पूर्ण प्रशासनिक समर्थन का आश्वासन दिया। हंस फाउंडेशन के सैमुअल सिंह ने एमएमयू संचालन की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जबकि क्षेत्रीय प्रमुख शिशु पाल ने हंस फाउंडेशन के द्वारा झारखंड के आगामी परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्नत तकनीक से सुसज्जित एमएमयू का उद्देश्य विशेषकर नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चिन्हित चौपारण प्रखंड की 2 लाख आबादी विशेष रूप से दूरदराज और वंचित समुदायों तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। आज इस सेवा की औपचारिक शुरुआत झंडी दिखाकर की गई। यह क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल है जिसका शुभारंभ हुआ।

# जिला परिषद चौक स्थित ख़ास महल की ज़मीन की हो रही है लूट : चंदन सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** ज़िले के जिला परिषद चौक पर आरोग्यम इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्शिंग नाम से खुल रहे नर्शिंग कॉलेज को लेकर ज़िले भर में होर्डिंग लगाये जा रहे हैं।होर्डिंग में छात्रों को नामांकन लेने की अपील की गई है। होर्डिंग में बीएससी नर्शिंग, एएनएम, जीएनएम के साथ अन्य पारा मेडिकल की पढ़ाई में नामांकन लेने को लेकर विज्ञापन दिया गया है। इस पूरे मामले में चंदन सिंह ने उपायुक्त को ज्ञापन दे कर इस कॉलेज से संबंधित भूमि की जाँच का आग्रह किया है।इस पूरे मामले से संबंधित दस्तावेज जिसमे उपायुक्त महोदया के द्वारा नर्सिंग कॉलेज खोले जाने हेतु उपलब्ध भूमि को ख़ास महल का बताते हुए 2008 के बाद रिनुअल नहीं होने संबंधी पत्र अपर समाहर्ता और संचालक दोनों को प्रेषित किए थे भी उपलब्ध करवाई गई है।उपायुक्त महोदया के पत्र लिखने के बाद भी कोई प्रशासन मौन रहा और कोई कारवाई नहीं हुई और नर्शिंग कॉलेज हेतु संबंधन प्रदान कर दिया गया। पत्र की प्रतिलिपि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव को भी दिया गया है।

# गंगा आरती में दर्शन और अध्यात्म का अनोखा संगम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दास वही जो सहज में मुक्ति को पाता, ओउम जय गंगे माताज। हजारीबाग में पहली बार ओकनी तालाब तट पर जब शिवनगरी वाराणसी से पधारे विद्वान यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री ने कथावाचक चतरा के मयूरहंड निवासी प. दिलीप उपाध्याय और प्रवचनकर्ता धनंजय शास्त्री संग जब गंगा आरती में सुर मिलाए, तो अद्भुत दृश्य बन गया। हाथों में आरती के लिए सजी दीपों की थाल जैसे हर संताप मिटा रही थी। यह मौका था ओकनी बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का। ओकनी तालाब तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब अध्यात्म के उस स्वर में खोए ताली बजाते हुए झूम रहा था। हजारों श्रद्धालु भक्तिभाव में अपना सुध-बुध खोए हुए थे। उस पर रंगीन आतिशबाजी ने काली अंधियारी रात को धरा से



गगन तक रोशन कर रखा था। पूरे मुहल्ले की साज-सज्जा रोशनी से नहाई अद्भुत समां बांध रही थी। एक साथ हजारों स्वर में शिव और शक्ति के नाम के साथ गंगा मइया के जयकारे लग रहे थे। लोग गंगा मइया की इस महाआरती में पूरी तन्यमता से रमे हुए थे। शुक्रवार की देर शाम ओकनी तालाब तट पर अनोखे दर्शन का नजारा था। वहां वाराणसी, विंध्याचल, हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा तट की महाआरती का सहज रसपान करा रही थी। क्या बच्चे, क्या युवा, महिलाएं और वृद्ध सभी श्रद्धा, स्नेह, आस्था से भावविहोर झूम रहे थे। करीब दो घंटे तक चली महाआरती में हर श्रद्धालु पुण्य का भागीदार बनने की अभिलाषा में डूबा हुआ था। सभी ने आरती की लौ का आशीर्वाद लेकर खुद को धन्य समझ रहा था।

**अन्नाधिवास, प्रवचन और खिचड़ी का भोग वितरण**

महायज्ञ के क्रम में शनिवार को नारद मोह पर प्रवचन हुआ। वहीं महाभोग में खिचड़ी का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। सुबह-सवेरे श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए भक्तिभाव में डूबे रहे। इससे पहले भगवान को विधि-विधान से अन्नाधिवास कराया गया।

**आज नगर भ्रमण, फलाधिवास, अन्नप्रासन और विविध संस्कार**

रविवार को देवी-देवताओं का नगर भ्रमण कराया जाएगा। वहीं फलाधिवास, नव बालकों का अन्नप्रासन और विविध संस्कार आयोजित कराए जाएंगे। सोमवार को मुंडन संस्कार का कार्यक्रम यज्ञ मंडप के समीप होगा। पूरे धार्मिक अनुष्ठान में समस्त ओकनीवासियों समेत शहर के विभिन्न लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# बरही क्षेत्र में विकराल पानी की समस्या को लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष ने उपायुक्त को लिखा आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** भाजपा के कोडरमा जिला प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप ने बरही में पेयजल आपूर्ति समस्या को लेकर उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन लिखा है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि बरही विधानसभा अंतर्गत विभिन्न प्रमुख ब्लॉक बरही, पदमा व चौपारण में पानी आपूर्ति की समस्या विकराल रूप में है। बरही में विभाग के द्वारा पूर्व घोषित 10 जुलाई तक आपूर्ति प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी, किंतु दुर्भाग्य है की वर्तमान समय तक आपूर्ति प्रारंभ नहीं हुआ है। जिस कारण क्षेत्र में जल मीनार होने के बावजूद जल की समस्या बनी हुई है।वहीं उन्होंने समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि हजारीबाग के बरही में बने हुए



जलमिनर से बरही क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारंभ किया जाए। वहीं पदमा में पेयजल की समस्या बनी हुई है वहां भी पेयजल आपूर्ति की सुगमता पूर्वक प्रारंभ किया जाए, चौपारण में भी जल की आपूर्ति की अति आवश्यक है, जहां वर्तमान समय में पेयजल की समस्या बनी हुई है। यदि एक माह के अंदर निदान नहीं किया गया तो हम लोग बाध्य होकर आंदोलन के लिए धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# झरपो की अमृता बनी +2 विद्यालय की शिक्षिका, परिजनों में उत्साह



**टाटीझरिया ।** दृढ़ संकल्प हो तो मंजिल दूर नही की कहावत आखिरकार उदाहरण स्वरूप आज टाटीझरिया प्रखंड की गरीब परिवार की बहू ने क्षेत्र का नाम रौशन कर दिखाया। हालांकि क्षेत्र के पूर्व में भी कई परिवार के बेटे बहु बेटियां ने क्षेत्र का नाम कई अलग अलग विभाग के प्रतियोगिता,प्रशिक्षण,रोजगार , समाज सेवी नेता मंत्री प्रशासनिक विभाग समेत कई पदों में भी प्रखंड क्षेत्र के नाम को रौशन कर चुके है बता दे की झरपो पंचायत अंतर्गत चरका पत्थर टोला झरपो निवासी बिलाश कुमार की पत्नी अमृता रानी अंग्रेजी विषय से स्नातककोत्तर प्रशिक्षण पीजीटी शिक्षक प्रतियोगिता पास कर +2 उच्च विद्यालय की शिक्षिका के पद पर उन्हें रांची प्रभात तारा मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में सबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गणों संग मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के हाथो नियुक्ति पत्र दिया गया। अमृता एक गरीब परिवार की सदस्या थी जो अपने मेहनत और समस्याओं का सामना करते हुए टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र का नाम नाम रौशन किया। शिक्षिका से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की इस सफलता का श्रेय माता पिता शिक्षिक शिक्षिका के मार्गदर्शन परिवार जनों का आशीर्वाद एवं हमारे पति पर जाता है। हमारे पति हमारी सफलता के लिए मेहनत मजदूरी कर मुझे निरंतर प्रयास करने को लेकर प्रेरित करते रहे। उन्होंने हमारी हमेशा जरूरतों को पूर्ण किया।

# सड़क हुआ जर्जर तेज रफ्तार गाड़ी ने मारी टक्कर, एक बच्चा घायल



**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया चौक से विष्णुगढ़ बगोदर हजारीबाग जाने वाले मुख्य सड़क का स्थिति बहुत ही दयनीय है। इस रास्ते प्रतिदिन हजारों की संख्या में पैदल ,दो पहिया ,चार पहिया वाहनों से राहगीरों का आवागमन होता है। वर्षा के मौसम में सड़कों में जहां तहां गड्ढे होने और पानी जमाव के कारण सड़कों में बड़े बड़े गढ्ढ राहगीरों और वाहन चालकों को दिखाई नहीं दे रहा जिसके कारण आए दिन क्षेत्रवासियो को दुर्घटनाओं का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बस ट्रक अन्य गाडियां तेज रफ्तार से आती गढ्ढा में अचानक उनके चक्के पड़ जाने से अनियंत्रित हो कभी पेड़ में तो वाहनों ,राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दे रहे है। आए दिन इस रास्ते अब तक सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसी रास्ते कई नेता मंत्रीगण चार पहिया वाहनों से गुजरते है ।लेकिन अब तक किसी ने संज्ञान में नहीं लिया। बता दे की टाटीझरिया बैंक ऑफ इंडिया के समीप सड़क पार करने के दौरान टाटीझरिया निवासी अजीत गुप्ता के लगभग 10 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार गुप्ता को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारा जिससे बच्चा घायल हो गया। सड़क निर्माण और मरम्मती संबंधी समस्याओ को समाधान के लिए सबंधित मामले विभाग को संज्ञान लेने की जरूरत है।

# एनटीपीसी केरेडारी ने किया माइनिंग ग्रैंड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन



**केरेडारी :** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने हज़ारीबाग के स्पोर्ट्स काउंसिल के सहयोग से माइनिंग ग्रैंड मास्टर नामक एक रोमांचक शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने शतरंज खेल में अपनी रणनीतिक प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट 11 जुलाई, 2024 को शुरू हुआ जिसका समापन 14 जुलाई, 2024 को भव्य फाइनल के साथ होगा। एनटीपीसी केरेडारी ने इस शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया, ताकि एनटीपीसी हज़ारीबाग कोयला खनन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य जीवन में संतुलन पर जोर दिया जा सके। केरेडारी कोयला खनन परियोजना के प्रमुख श्री शिव प्रसाद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बाल कटिंग अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम के निर्देश पर बाल कटिंग अभियान चलाया गया। मोहम्मद इब्राहिम ने कहा के कई बार सूचना देने के बावजूद बच्चे बाल पर ध्यान दे रहे थे। जिसके कारण स्कूल का डिसिप्लिन भंग हो रहा था,और बच्चों के बाल बड़े रहने के कारण बच्चे देखने में भी अच्छे नहीं लग रहे थे। साथी ही साथ उनका पढ़ाई में भी मन नहीं लग रहा था। इसे लेकर स्कूल के वर्ग शिक्षकों के द्वारा बार-बार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। स्कूल प्रबंधन ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्कूल में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल के लगभग 20 बच्चों का बाल कारीगर बुलवाकर कटवाया गया। इस दौरान बच्चों को निर्देशित किया गया कि, इसके बाद कोई भी बच्चे बेढंगा बाल कटवा कर स्कूल नहीं आएंगे और गार्जियन उस पर विशेष ध्यान देंगे।

# भामाशाह शिशु विद्या मन्दिर में अंग्रेजी सप्ताह कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में संचालित अंग्रेजी सप्ताह कार्यक्रम का समापन हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में कक्षा अरुण से दशम तक के भैया बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने बताया कि जैसे-जैसे वैश्विक संचार दुनिया भर में फैल रहा है, वैसे-वैसे वैश्विक भाषा की आवश्यकता भी बढ़ रही है। अंग्रेजी भाषा इस उद्देश्य को पूरा करती है। यह हमारे दैनिक जीवन में आवश्यक कौशल विकसित करने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। हम हर साल अंग्रेजी सप्ताह मनाते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य भाषा दक्षता को बढ़ाना है। यह संचार कौशल विकसित करने के लिए एक अच्छा प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस वर्ष भी हमने 08 जुलाई से 13 जुलाई तक अंग्रेजी सप्ताह का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों के आत्मविश्वास और क्षमता को बढ़ाने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गई। यह प्रतिभा दिखाने वाला 6 दिवसीय कार्यक्रम था, जिसमें वाद-विवाद, रंगमंच, स्पेलोमेनिया, सस्वर पाठ, कहानी सुनाना और सुलेख जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। छात्रों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। यह निर्णायकों के लिए एक चुनौतीपूर्ण काम था और प्रतिभागियों के लिए भी काफी कठिन चुनौती थी। हमें सप्ताह के दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए खुशी हो रहा है। ये सभी गतिविधियाँ अंग्रेजी विषय के मर्मज्ञ धीरज जी, मुकेश जी, रेशमी, व गुडविल की देखरेख में आयोजित की गई है।धन्यवाद ज्ञापन का कार्य प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी जी ने किया।

# जेबीकेएसएस के जिला सचिव बने जानिसार आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के द्वारा पार्टी का विस्तार किया गया। जिसमें बड़कागांव निवासी जानिसार आलम को जिला सचिव बनाया गया है। जानिसार आलम ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को धन्यवाद देता हूं तथा पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे दी है, उसका निर्वाहन इमानदारी पूर्वक तथा सभी को मिला जुलाकर चलने का प्रयास रहेगा। जानिसार आलम को जिला सचिव बनायें जाने पर लोगो ने बधाई दी। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से सोनू इराकी, संदीप ठाकुर, मो इब्राहिम, आजाद हुसैन, राकेश मेहता, मो तारिक, विकास महतो, संदीप कुमार सिंह, अशोक महतो, अफसर रजा सहित दर्जनों लोग शामिल है।

# भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता ने किया कमेटी विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक की अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के माध्यम से नीरज गुप्ता ने अपने कमेटी का विस्तार किया. नीरज गुप्ता ने विष्णुगढ़ प्रखंड का संयोजक नितेश कुमार सिंह व सह संयोजक सफीक अंसारी वहीं डाडी प्रखंड के संयोजक रितलाल मरांडी व सह संयोजक दिलीप हांसदा एवं अमृत कुमार महतो का मनोनयन किया. बैठक का संचालन करते हुए जिला सह संयोजक संजीव राणा ने कहा की स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता ने जो 21000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया है उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे. नीरज गुप्ता ने कहा की वे अपने संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है अब तक सदर प्रखंड व नगर निगम क्षेत्र मे 5000 पेड़ लगाया जा चुका है. हजारीबाग के सभी प्रखंडों मे उनके द्वारा एक एक हजार पौधा दिया जाएगा ताकी 21000 पेड़ लगाने का जो उन्होंने संकल्प लिया है उसे पूरा किया जा सके. उन्होंने जानकारी देते हुए कहा की पौधा लगाने के साथ साथ वे उनको संरक्षित करने के लिए जाली भी लगा रहे हैं और समय समय पर खाद व पानी भी पौधों मे दे रहें हैं ताकी लगाये गए पौधों का समुचित विकास हो सके. इस बैठक मे मुख्य रूप से नगर संयोजक सतीश पासवान, रंजीत राम, बसंत कुमार मेहता, पंकज यादव, मिंटू यादव, राम प्रकाश चौधरी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे.

# भारतीय जनता पार्टी का बड़कागांव विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय सभागार भवन में बड़कागांव विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं संचालन मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश प्रवक्ता अविकेश कुमार, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता समेत कई नेता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय



के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का गर्म जोशी के साथ कार्यकर्ताओं ने फुल माला एवं बुके देकर स्वागत किया। वही विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ कमेटी के सदस्यों को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया एवं आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जोश भरा गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहु ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं के बदौलत तीसरी पर प्रधानमंत्री बने हैं ।

140 करोड लोगों ने मोदी को अपना परिवार बनाया आज मनीष जायसवाल यहां के सांसद बने हैं वे विदेश जाने वालों में नहीं है, वे आप सबके बीच बैठकर समस्याओं का निवारण करने वाले नेता हैं। आज वर्तमान झारखंड सरकार के नेता अफसर अधिकारी अपने भ्रष्टाचार के कारनामों के चलते जेल की यात्रा कर रहे हैं।सांसद मनीष जयसवाल ने कहा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 54त्न वोट भाजपा के पक्ष में बड़कागांव विधानसभा से पड़ा है इसके लिए तमाम बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं, मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को दिल से आभार प्रकट करता हूं। कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, शिवलाल महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जुगनू सिंह, बालेश्वर कुमार, रामगढ़ किसान मोर्चा प्रभारी राजू साव, पूनम साहू, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, रंजीत मेहता ,बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, दामोदर सिंह, राकेश अग्रवाल, डॉक्टर संजय मेहता, प्रीतम साहू, जयनारायण प्रसाद, योगेश दांगी दामोदर सिंह, श्रीकांत निराला, मनोज साहा, पारसनाथ प्रसाद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजनीतिक द्वंद में पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज कराने की निंदा, निष्पक्ष जांच कराने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रेस क्लब ने राजनीतिक द्वंद में पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज कराने की निंदा की है। शनिवार को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन में बरही प्रेस क्लब की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता और संचालन सचिव सोनू पंडित ने किया। क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता ने कहा की तीन पत्रकारों को चुनकर दोनों पक्षों ने निशाना बनाया है, जो काफी निंदनीय है, प्रशासन मामले की त्वरित जांच कर निष्पक्ष करवाई करें। बैठक में चौपारण में घटी घटना को लेकर दो पक्षों द्वारा तीन पत्रकारों पर मामला दर्ज कराने की घोर निंदा की गई।बरही प्रेस क्लब की बैठक में निर्णय लिया गया कि वरीय पदाधिकारियों से मिलकर पत्रकारों पर दर्ज मामले का विरोध किया जाएगा और ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, सचिव सोनू पंडित, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, अजय कुशवाहा, संयुक्त सचिव कमल शंकर पंडित, सदस्य सुरेंद्र निषाद, मो. शोएब अख्तर, सोमनाथ ठाकुर, पंचम पांडेय, योगेंद्र प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

## बरकाकाना पुलिस ने हत्याकांड में फरार चल रहे 15 साल के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**भुरकुंडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकाकाना ओपी क्षेत्र के लोवाहीड में बीते वर्ष 15 फरवरी को हुए मनोज मुंडा हत्याकांड में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने बड़कागांव के उरेज गांव से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरेंद्र राम ने शनिवार को बरकाकाना ओपी में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि 15 फरवरी 2023 को लोवाहीड के झंझीटोला में मुर्गा लड़ाने के दौरान चार अपराधियों ने भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चिटो गांव निवासी मनोज मुण्डा (उम्र 35) पिता करमा मुंडा की गोली मार हत्या कर दी थी। इस संबंध में मृतक मनोज मुंडा के भाई जनक मुंडा के फर्द बयान के आधार पर पतरातु थाना में कांड संख्या-25/23, 16 फरवरी 2023, धारा-302/120बी भादवि और 27 आर्म्स एक्ट के तहत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान पाया गया कि लेवी को लेकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। घटना में संलिप्त अपराधकर्मी विनोद गंझू पिता चन्दरू गंझू निवासी लोवाडीह को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। विनोद गंझू ने पूछ-ताछ के दौरान इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों का नाम बताया था। जिसमें से एक अभियुक्त मेहेन्द्र करमाली (22 वर्ष) पिता सुधन करमाली है, जो बड़कागांव (हजारीबाग) के उरेज गांव का रहनेवाला है। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी। मेहेंद्र के विरूद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी निर्गत किया गया है। इधर, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के द्वारा गठित टीम ने उरेज में छापेमारी कर महेंद्र महतो को उसके घर से गिरफ्तार किया है।एसडीपीओ पतरातू ने कहा कि मेहेंद्र करमाली ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपराध स्वीकार किया है और घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों का नाम भी बताया है। गिरफतार अभियुक्त मेहेन्द्र करमाली को जेल भेजा जा रहा है। शेष फिरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। वहीं इस घटना में जेजेएमपी प्रतिबंधित नकसली संगठन के बिनोद गंझू मुनेश्वर उर्फ कुख्यात को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस के छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेंद्र राम, पुलिस निरीक्षक, पतरातु अंचल योगेन्द्र सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, पुअनि अजीत कुमार, सदलबल शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक चलने वाले संपूर्णता अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छतरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर सभी ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान एवं इसके उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी का यह लक्ष्य होना चाहिए कि हमारा जिला विकास के हर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर रहे। मौके पर उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों, विभिन्न सूचकांकों को लेकर भी सभी को जानकारी दी। उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों आदि को गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं व नवजात बच्चों के मृत्यु दर को कम करने को लेकर भी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां उपस्थित सभी को दी। मौके पर उपायुक्त ने सभी से अपनी जिम्मेदारी को समझने एवं संपूर्णता अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। कुपोषण को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समन्वय बनाते हुए कार्य करने, गर्भवती महिलाओं को सही पोषण उपलब्ध कराने एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवजात बच्चों के विकास पर ध्यान आकृष्ट करते हुए उपायुक्त ने सभी को बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने एवं बच्चों के पोषण पर भी विशेष ध्यान देने को लेकर आवश्यक जानकारियां सभी को दी।

## मांडू प्रखंड सभागार में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के जिला बाल सरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति के द्वारा जिले के माण्डू प्रखण्ड कार्याल के सभाकक्ष में बाल सरंक्षण, बाल अधिकार तथा बालकों के बिरुद्ध होने वाले अपराधों की पहचान करने एवं उन्हें ऋद्वश्चशह्ल करने के लिए समुदाय आधारित बाल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जिला बाल सरंक्षण पदाधिकारी श्रीमति शान्ति बागे तथा सदस्य, बाल कल्याण समिति श्री प्रशान्त कुमार द्वारा दी गई। मांडू के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा भी प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधिगण, यथा उप-प्रमुख, बीस यूबी के अध्यक्षत प्रखण्ड अध्यक्ष, मुरिवाकागण, अन्य प्रतिनिधि गण को सम्बोधित क करते हुए बाल सरंक्षण एवं बाल अधिकारों की जानकारी या दी गई। कार्यक्रम में के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड के उप-प्रमुख भी पिन्ट महतो, बीस पूली प्रखण्ड के अध्यक्ष नरेश हंसदा, एवं अन्य मुखियागण, करण कुमार बेदिया, राजेन्द्र कुमार प्रसाद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झालसा के निर्देशानुसार शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष, डालसा, रामगढ़ आलोक कुमार दुबे,के निर्देश पर राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमे वादो के निम्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कमर्चारी को आवश्यक निर्देश दिए एवं पक्षकारों के सुविधा के लिए 5 बैंचों का गठन किया गया। जिसमें सभी क्रिमीनल सुलहनीय बाद, भू अधिग्रहरण वाद कॅन्टोनमेंट बोर्ड संबंधित मामला, बिजली अधिनियम बाद, क्रिमीनल रिविजन एवं अपिल, मोटर व्हीकल क्लेम वाद, सर्टिफिकेट वाद, फोरेस्ट एवं एक्साइज केस, एन आइ एक्ट वाद, पारिवारिक आय, इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन वाद जैसे बैंक, दुरभाष संबंधित बाद, कज्युमर फोरम वाद अनुण्डलीय कोर्ट से संबंधित वाद आदि का दोनों पक्षों की आपसी सहमती के आधार पर वादों का निस्पादन हुआ।प्रथम बेंच के सदस्य 1. कुसुम कुमारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, रामगढ़, 2. संजीविता गुइन सीनियर सिविल जज II एवं 3. मंजुरी चाकी, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।द्वितीय बेंच के सदस्य 1. मनोज कुमार राम, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, 2. एवं 3 अमरनाथ बंका, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़। तृतीय बंच के सदस्य 1. संदीप कुमार बरतम, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, 2. रोहित कुमार, सिनियर सिविल जज एवं 3. विघ्नेश दुबे, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।चतुर्थ पीठ के सदस्य 1. प्रदीप कुमार चौरसिया, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत 2. देवथन बैठा, सदस्य, स्थायी लोक अदालत और 3. अरुण कुमार गुप्ता, सदस्य, स्थायी लोक अदालत, रामगढ़।पंचम पीठ के सदस्य 1. शिव कुमार शुक्ला, अध्यक्ष कज्यूमर फोरम 2.कुमारी मीना सिंह, सदम्य कज्यूमर फोरम एवं 3 जितेन्द्र कुमार, पैनल अधिवक्तृता, डालसा, रामगढ़।कोर्ट में लंबित मामलो का निम्पादन- 2161हुआ

समझीता राशि रू0 22283780/-। पी लिटिगेशन एवं बैंको का कुल निस्पादन- 9652 । समझीता राशि रू0 40182621/ कुल वादों का निस्पादन- 11813 । कुल समझौता राशि- रू0 64379291 हुआ।

**दीप प्रज्वलित समारोह :** इस समारोह में आलोक कुमार दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष, डालसा, रामगढ़ की अध्यक्षता में दीपप्रज्योलित समारोह का आयोजन हुआ जिसमें आमंत्रित प्रतिनिधि विमल कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़, व्यव्हार न्यायालय, रामगढ़ के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, जिला बार एसोसिएशन रामगढ़ के अधिवक्तागण, मध्यस्थ्यता केंद्र के मेडियेटर्स, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं विभिन्न सरकारी विभाग तथा बैंक के अधिकारीगण एवं सभी पक्षकार उपस्थित थे। तत्पश्चात डालसा अध्यक्ष ने इसे कैसे सफल बनाया जाए एवं इसकी क्या उपयोगिता है उसकी जानकारी संक्षेप में दिए ताकि लोग जागरूक हों एवं इसका अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

## गोला दर्पण प्रोड्यूसर कम्पनी के बेहतर कार्य पर राज्यमंत्री ने कंपनी के एमडी को किया सम्मानित




**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के मोरहाबादी मैदान में नाबार्ड का 43 वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ उपस्थित थे।स्थापना दिवस को नाबार्ड ने तीन दिवसीय तरंग एफपीओ मेला के रूप में मनाया जा रहा है इसमें झारखंड के कुल 48 एफपीओ ने अपना अपना स्टॉल लगाया साथ ही अपना उत्पादक वस्तु प्रदर्शनी भी लगाया। नाबार्ड का सोच है की किसानो का उत्पादित माल का मूल्य दोगुना कैसे मिले इसके लिए एफ़पीओ को हमेशा उस दिशा में सहयोग व मर्गदर्शन मिलता रहता है । इसी कड़ी में गोला दर्पण प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड जो रामगढ़ ज़िला के गोला में किसानो के आय दोगुना करने में हमेशा प्रयासरत रहा है यह उत्पादक संगठन समूह जुलाई 2021 को नाबार्ड से गठन से निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है खेती की नये नये क़िस्म पर काम कर रहा है वर्ष 2021 में ही आलू का व्यवसाय किया और वार्षिक टर्नओवर 13 लाख का किया उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कम्पनी के एमडी नव कुमार महतो को बेहतर कार्य पर पुरस्कृत किया गया था फिर द्वितीय वर्ष में कम्पनी में एक नए क़िस्म का सकरकंद किसानो को पैदावार कराया गया जिसका बाज़ार मूल्य से ढाय गुना ज़्यादा मिला वो भी ई नाम के माध्यम से उड़ीसा में बेचा गया उस समय केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने ट्विटर से कम्पनी को धन्यवाद मिला था साथ ही 15 अगस्त 2023 को दिल्ली के लालक़िला में झंडोत्तोलन में बुलाया गया था।इस तरह कम्पनी निरंतर किसानो के काम कर रहा है और इस बार भी नाबार्ड के स्थापना दिवस पर सीएसएस के तहत झारखंड में बेहतर कार्य पर कुल 5 एफ़पीओ में एक रामगढ़ ज़िला के गोला दर्पण प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का चयन किया गया है यह जानकारी रामगढ़ डीडीएम दीपा प्रियंका ने दी थी और राज्य रक्षा मंत्री ने कम्पनी के एमडी को राँची मोरहाबादी मैदान के तरंग मेला में सम्मानित किया मौके पर सुरेंद्र महतो , दिनेश्वर महतो साथ थे।

# रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर, दो की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** चुटूपालू घाटी एनएच 33 मायातुंगरी चेटर मोड़ के पास शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई हैद्य जानकारी के अनुसार रांची की ओर से रामगढ़ की ओर आ रहा आयरन ओर लदा ट्रेलर चुटूपालू घाटी में अनियंत्रित हो गया और चेटर मोड़ के पास रेलिंग से टकराते हुए पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक और खलासी की ट्रेलर से दबने की वजह से मौत हो गई. वहीं घटना के बाद सड़क की एक लेन पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया. जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शवों को काफी मशक्कत से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन और सड़क पर बिखरे आयरन को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दूर से ही धूल के गुब्बार नजर आ रहे थे. दुर्घटना के कारण ट्रेलर में सवार चालक और खलासी केबिन से बाहर गिर गए थे. इस क्रम में चालक केबिन के नीच दब गया और खलासी ट्रेलर पर लोड आयरन से दब गया. वहीं हादसे के बाद सड़क की एक लेन पर आवागमन बाधित हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और आयरन सड़क पर चारों ओर बिखर गया. वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को सड़क से हटाने के लिए हाइड्रा और क्रेन को मंगवाया गया. फिलहाल सड़क से वाहन को हटाने का काम जारी है। बताते चलें कि रामगढ़ की चुटूपालू घाटी ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित हैद्य घाटी में आए दिन सड़क दुर्घटना में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं. लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, ताकि सड़क दुर्घटना का सिलसिला थम सके । इस संबंध में रामगढ़ थाना के सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि अनियंत्रित वाहन घाटी में पलट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है. दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. दुर्घटनाग्रस्त वाहन और सड़क पर बिखरे आयरन को हटवाने का प्रयास किया जा रहा है. फिलहाल घाटी की सड़क को वन वे किया गया है. जल्द ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन और बिखरे आयरन को हटवाकर आवागमन सुचारु किया जाएगा।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया पेपर बैग डे



**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पेपर बैग डे बनाकर वातावरण को प्लास्टिक मुक्त करने का प्रयास किया।कार्यक्रम में कक्षा 5वीं के सभी बच्चे सम्मिलित थें।उन्होंने कागज के थैले को बना लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।उन्होंने प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को यह बताया कि अपना स्वयं का पुनः प्रयोज्य बैग लेकर आएं। प्लास्टिक के स्ट्रॉ और कटलरी से बचें। पुनः भरें, पुनर्चक्रित न करें- पुनः प्रयोज्य पानी की बोतल का उपयोग करें। बुद्धिमानी से चुनें- थोक उत्पादों और कम पैकेजिंग वाली वस्तुओं का चयन करें। बच्चों द्वारा वातावरण की जुलाई मनाने का उद्देश्य लोगों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग न करने और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्रथाओं को बेहतर बनाने में मदद करना है। बच्चों ने सभी से आग्रह किया कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति अगर प्रयास करें तो प्लास्टिक जैसी समस्या को दूर किया जा सकता है। प्लास्टिक हमारे वातावरण को क्षति पहुंचा रहा है और हमारी पृथ्वी बंजर होती जा रही है। हमें हमारी पृथ्वी को बचाना है तो प्लास्टिक को अपने से दूर करना होगा और कागज से बने थैलों को अपनाना होगा, पुन- प्रयोज्य कप, पानी की बोतलें और प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करके और प्लास्टिक में लिपटे सामान को अस्वीकार करके बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ,विद्यालय के प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा,उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित रहें।

## बीरेंद्र कुमार महतो का पीजीटी संस्कृत शिक्षक में चयन हुआ



**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के ग्राम बुढ़ाखुखरा निवासी बीरेन्द्र कुमार महतो का चयन संस्कृत विषय में हुआ है ।चयनित सभी शिक्षकों को कल झारखंड के मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र दिया। इन्होंने नियुक्ति पत्र लेने अपने माता-पिता और भतीजी को लेकर राँची पहुँचे। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहन, भाभीयों के अलावे परिवार के सभी सदस्यों, सभी गुरूजनों, मित्रों इत्यादि को दिया है।बीरेन्द्र कुमार महतो ने कहा की बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा देना मेरा प्राथमिकता रहेगा तथा ग्रामीण क्षेत्र के वंचित बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर राज्य के विकाश में भागीदार बनना है।इस सफला से परिवार के सदस्यों, रिस्तेदारों और गाँव के लोग काफी खुश है। इस सफलता को सुनकर अनेकों लोगों ने बधाई दी है।सर्व प्रथम माता रूदिया देवी,पिता मुखलाल महतो,बहन कविता कुमारी ,सविता कुमारी, भाभी रोशनी बाला,प्रीति मेहता, भाई डॉ.हीरालाल महतो,डॉ.ज्ञान रंजन महतो,डॉ.निरंजन महतो इत्यादि शामिल है।बीरेन्द्र कुमार महतो आगे चलकर उच्च शिक्षा में शोध कार्य करना चाहते है।इनके पिता रामगढ़ डाक विभाग में कार्यरत है जबकि माता गृहिणी है। ये चारो भाइयों में सबसे छोटे है जबकि तीनों बड़े भाइयों ने राँची विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करके बड़े भाई सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत है जबकि दो बड़े भाई सरकारी हाईस्कूल में शिक्षक है।

## जेबीकेएसएस सदस्य ने उपायुक्त से की मुलाकात

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ उपायुक्त से जेबीकेएसएस रामगढ़ का प्रतिनिधि मंडल भेंट कर रामगढ़ डेली सब्जी मार्केट में उत्पन्न समस्या को लेकर मांग पत्र सौपा गया। रामगढ़ उपायुक्त के द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया । मांग पत्र में कहा गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ डेली मार्केट में स्थानीय किसानों को सब्जी बेचने में छावनी परिषद के द्वारा हटाया व परेशान आये दिन किये जा रहे है । स्थानीय सब्जी विक्रेता को काफी परेशान भी किया जा रहा है, सब्जी को जबरन गाड़ी में भी जप्त कर लिया जाता है। ग्रामीण किसान बड़ी मुश्किल से सब्जी उगते हैं, खेती-बाड़ी करते हैं। उसके बाद उनको मार्केट में भी बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि स्थानीय सब्जी विक्रेता दो-तीन घंटा के लिए ही बेचते हैं। रामगढ़ डेली मार्केट वर्षो से चलते आ रहा है। अभी फिलहाल छावनी परिषद के द्वारा बैरेकेटिंग एवं सैकड़ो घूमटी सब्जी मार्केट में लगा दिया गया है। जिससे किसानों व सब्जी विक्रेताओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । मांग पत्र सौपने मे मुख्य रूप से आनंद केटियार, पनेशवर महतो, रूपा महतो, गुड्डी देवी,जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रभु दयाल महतो, राजदीप महतो, विनोद महतो ,सुरेन्द्र महतो, पंकज महतो, रंजीत सिंह, कौलेश्वर कुशवाहा,कुल दीप महतो, लक्ष्मण महतो ,कुलदीप महतो, अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

I Md Hussain, s/o Md imtiyaz R/o Central Street, Sarfaraz chowk, hindpiri, Dist Ranchi - 834001 jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

**1.** That I am Indian citizen by birth.

**2.** That my actual name MD Hussain which is mentioned in my all Metric and intermediate certificate.

**3.** That my name is also known as SANNI which is mentioned in Aadhar Card (Adhar card No-4743-4905-9214) which is wrong.

**4.** That my name MD Hussain, & SANNI are of a same person and single person.

**5.** That above statement are of true and correct for which I Undertake.

Sworn and signed this **affidavit -766** on this 12 day of February 2024.

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।**

**विवरण, क्रम : 1, कार्य का नाम एवं स्थानः** न्यू कोडरमा—गोमो सेक्शन के प्रस्तावित मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट और डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत किसी अन्य स्थान के संबंध में न्यू कोडरमा—गोमो सेक्शन के प्रस्तावित के बीच संरेखण में आने वाले एचटी (33/11 केवी) और एलटी ओवरहेड विद्युत उल्लंघन को हटाने के कार्य हेतु निविदा । **निविदा संख्याः** EL/C/S/MHX/ETEN/04/24-25 **2. अनुमानित कार्य की लागतः** रू. 21,78,95,430.96/–, **3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्यः** NIT के अनुसार एवं रू शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समयः** 18 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समयः** 30.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट पर **www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ पूर्व मध्य रेलवे/महेन्द्रूघाट/पटना**

पीआर/00681/सीओएनएस/ईएलईसी/टी/24-25/36

**विश्वविद्यालय पॉलिटेकनिक**
**बी0 आई0 टी0, मेसरा, राँची - 835215**
**Website : univpoly.bitmesra.ac.in**

**डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग Open Round Admission (Vacant Seats) हेतु सूचना – 5/2024**

विश्वविद्यालय पॉलिटेकनिक, मेसरा झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग एवं बी0 आई0 टी0, मेसरा का एक संयुक्त कार्यक्रम है। यह पूर्णतः आवासीय संस्थान है। इस संस्थान में निम्नलिखित विषयों में Open Round Admission (Vacant Seats) के लिए नामांकन हेतु सभी श्रेणी (UR, ST, SC, OBC, PH & PT) के लिए प्रत्याशियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

1. ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
2. मैकेनिकल इंजीनियरिंग
3. इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
4. इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
5. कम्प्यूटर इंजीनियरिंग

**शैक्षणिक योग्यता –**

(1) **2022, 2023 अथवा 2024 में मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण**

(2)

| श्रेणी (Category) | अनारक्षित वर्ग एवं अन्य पिछडी जाति के लिए (UR & OBC – as per Annexure – I & II) | अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए (ST & SC) | आदिम जनजाति के लिए (PT) | विकलांग सशी श्रेणी (PH) |
|---|---|---|---|---|
| गणित एवं विज्ञान के प्राप्तांक का प्रतिशत | 50% या ज्यादा | Pass या ज्यादा | Pass या ज्यादा | Pass या ज्यादा |

**सभी श्रेणी के छात्रों का चयन विज्ञान एव गणित में प्राप्तांक के जोड़ का प्रतिशत के आधार पर होगा।**

**आवासीय प्रमाण पत्र** – कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्र संख्या 14/विविध – 15–22/2019 का0 5752 दिनांक – 19.07.2019 के अनुसार आवेदक को झारखण्ड का स्थानीय निवासी होना चाहिए। उक्त के अनुसार अंचलाधिकारी (CO) अथवा उच्चतर स्तर द्वारा निर्गत ऑन लाइन स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

**जातीय प्रमाण पत्र** – कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्रांक – 14/जा0 नि0 –03–13/2015 का0 1754 दिनांक – 25.02.2019 के अनुसार जाति प्रमाण पत्र जिले के अंचलाधिकारी (CO) अथवा उच्चतर स्तर द्वारा निर्गत ऑन लाइन जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

**आयु सीमा** – अधिकतम आयु सीमा 30 जून, 2024 को सामान्य कोटि एवं अन्य पिछड़ी जाति के लिए **19** वर्ष एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए **24** वर्ष निर्धारित की गयी है।

आवेदन पत्र संस्थान में आकर जमा किया जा सकता है अथवा पॉलिटेकनिक के website: univpoly.bitmesra.ac.in पर online भरा जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क **रु0 600** (अनारक्षित वर्ग Unreserved Category के लिए) एवं **रु0 350** (आरक्षित वर्ग ST, SC, PT & OBC Category के लिए) के e-receipt के साथ Submit करना है। आवेदन करने कि अंतिम तिथि 23 जूलाई 2024 के संध्या 5 बजे तक है।

आवेदन करने कि अंतिम तिथि (Last Date of Admission) – **23 जूलाई, 2024**
मेधा सूचि (Display of Merit List) – **24 जूलाई, 2024**
साक्षात्कार एवं नामांकन (Counselling cum Admission) – **26 जूलाई, 2024**
आवेदन एवं नामांकन संबन्धित सम्पूर्ण जानकारी हेतु website: univpoly.bitmesra.ac.in के माध्यम से दी जाएगी। **मोबाईल न0 7004781194, 7004415422, 9470588848**

निदेशक,
विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक

PR 329530 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department (24-25)_D

आदिवासी कल्याण आयुक्त

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी ,हजारीबाग ।**

**–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–**

सरकार के सचिव ,कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 13रा0 (विभाग) दिनांक01.07.2024के आलोक मे वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत् मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं/युवतियों को स्वानियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित / लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक पशुपालक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**योजना का विवरण निम्नवत् है :–**

| क0 सं0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | भौतिक लक्ष्य (मदवार) 75 % अनुदान पर | भौतिक लक्ष्य (मदवार) 90 % अनुदान पर | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24800/– | 1216 | 729 | 1945 |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800/– | 288 | 105 | 393 |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (400 लो इनपुट लेयर कुक्कुट) | 118200/– | 126 | 75 | 201 |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 ब्रायलर रेयरिंग युनिट) | 67500/– | 270 | 132 | 402 |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण की योजना (15 दिवसीय 15 चूजा) | 1700/– | 1198 | 676 | 1874 |

**लाभुको का चयन हेतु अर्हता एवं प्राकिया :–**

- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिर्वाय है।
- लाभुकों का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा ।
- लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति / ग्राम सभा के माध्यम से किया जायेगा एवं उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन किया जाएगा।
- 75% के अनुदान की योजना का लाभ जिले के अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति,बी0पी0एल0 कोटि ,दिव्यांग कोटि एवं स्वंय सहायता समूह एवं अन्य सभी कोटि के पशुपालकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- 90% अनुदान की योजना के लाभुक असहाय विधवा महिलाओं/दिव्यांग / निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो को लाभ दिया जायेगा।
- सूकर विकास की योजना एवं बैकयार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) एवं ब्रायलर कुक्कुट पालन (500 ब्रायलर रेयरिंग युनिट) के योजना के लाभुकों का गृह निर्माण मनरेगा अभिसरण के तहत् किया जायेगा।
- विगत पांच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अंतर्गत परिभाशित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- सभी योजनाओं के अनुदान की राशि Escrow Account /Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान राशि संबंधित खाता हस्तांतरित किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति /ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान राशि अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को 01 माह के अन्दर Escrow Account /Dedicated Bank Account में जमा कराना अनिर्वाय होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि संबंधित खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तत्पश्चात लाभुकों को पशुओं के कय / प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी । पशुधन /पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/ भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त करेंगे।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी ,
हजारीबाग।

PR 329508 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

### मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, जिला प्रशासन ने की आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील

# सोशल मीडिया पर रखी जाएगी विशेष नजर : एसएसपी



**किसी भी प्रकार की शिकायत-समस्या हेतु 112 नंबर पर करें डायल, होगी त्वरित कार्रवाई : एसएसपी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक एच. पी. जनार्दनन की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक न्यू टाउन हॉल में आयोजित की गई। इस दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। शांति समिति की बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। मौके पर मंचासीन सभी पदाधिकारी ने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

इस दौरान एसएसपी ने तय मार्ग एवं समय पर जुलुस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर किन्ही को यह जानकारी प्राप्त होती है की किन्ही के द्वारा सामाजिक समरसता बिगाड़ने या आपत्ति जनक पोस्ट/भड़काऊ पोस्ट किया जा रहा है तो इसकी जानकारी अविलंब जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दें। आगे कहा की पूर्व की भांति इस वर्ष भी आप सभी आम नागरिक शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएंगे। संबंधित पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक जुलूस आयोजकों से समन्वय स्थापित कर लें कि जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाली जाएगी। और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी अपने स्तर से रूट का भी जांच कर लें। निर्गत सरकारी गाइडलाइंस के तहत पर्व को मनाने की बात कहते हुए बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए साथ हैं। उन्होंने विशेषकर इस बात का ध्यान रखने को दोनों समुदायों से कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व भीड़ व मौके का फायदा उठाकर कोई गलत कृत्य नहीं कर पाए। प्रशासन अपना दायित्व निभाएगी। पर्व मनाने वाले आमजनों से भी लॉ एन्ड आर्डर का सम्मान करने एवं ध्यान में रखते हुए मनाने की बात कही गई। वरीय पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति में आए लोगों को आश्वस्त किया की संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवानों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन विधि व्यवस्था की समस्या से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार और तत्पर है। असामाजिक तत्वों और कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नही जाएगा।

इस दौरान उप विकास आयुक्त सादात अनवर द्वारा मुहर्रम पर्व को लेकर विभिन्न एहतियातों को लेकर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी तरह के भड़काऊ भाषण व गीत को ना बजाएं, जिससे कि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। लोगों को किसी भी तरह के अफवाहों से दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी समिति के वालंटियर इस दौरान सक्रिय रहेंगे, किसी भी स्थिति से निपटने हेतु जिला प्रशासन आप सभी के साथ है। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, जिले के विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## छोटी यादव हत्याकांड में नामजद चौथा आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में बीते कुछ महीने पहले छोटी यादव हत्याकांड का चौथा आरोपी रामा दास शनिवार को सिहोडीह स्थित अपने घर से पकड़ा गया। वही गिरिडीह नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि छोटी यादव हत्याकांड का आरोपी रामा दास अपने घर पर है। जिसके बाद सुबह सुबह नगर थाना पुलिस ने इसके घर पर रेड किया और इसे दबोच लिया। इसके गिरफ्तारी के बाद इसे नगर थाना ले जाया गया। यहां से पूछताछ के बाद इसे सिविल कोर्ट में पेश किया गया और गिरिडीह जेल भेज दिया गया।जेल भेजने से पहले आरोपी का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में करवाया गया। बताया गया कि कुछ माह पहले बरगंडा रोड में दिनदहाड़े छोटी यादव की हत्या हुई थी, जिसमें यह नामजद आरोपी था।

## एस एल शाक्य नेशनल+2 हाईस्कूल भलुआ में किया गया वृक्षारोपण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीमा लक्ष्मण शाक्य नेशनल+2 हाईस्कूल भलुआ में शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आम, जामुन, अशोक, क्रिसमस इत्यादि पेड़ों को लगाया गया, साथ हीं सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि हमलोग हमेशा विद्यालय प्रांगण को स्वच्छ एवं सुन्दर रखेंगे। विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार राय ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए धन्यवाद कहा और अत्यधिक मात्रा में पेंड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यालय प्रमुख चंदन कुमार ने पर्यावरण शब्द को परिभाषित करते हुए कहा कि पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के परि उपसर्ग (चारों ओर) और आवरण से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। पारिस्थितिकी और भूगोल में यह शब्द अंग्रेजी के इन्वरोमेंट के पर्याय के रूप में इस्तेमाल होता है साथ में उन्होंने कहा कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान को देखकर अब हम सबको एक वर्ष में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद, मदन महतो, शिवाशीष कु वर्मा, रंजित प्रसाद यादव, रीना देवी, सुमिता देवी समेत सैकड़ों स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## प्रजनन स्वास्थ व परिवार नियोजन विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के होटल ब्लू व्हेल में इंजेंडर हेल्थ के द्वारा नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के सहयोग से प्रजनन स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीम लीडर इंजेंडर हेल्थ डॉ मनोज पाल, राज्य परियोजना प्रबंधन रतीश मांझी, ज़िला युवा अधिकारी रवि मिश्रा,राज्य कन्सल्टेंट मुकेश तिवारी, लेखापाल नैयर परवेज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र से संबंध ज्वाला युवा मंडल, मानव विकासालय बुढ़ियाखाद, नारी उत्थान मंच सरिया, गांव घर कल्याण संस्था भंडारीडीह आदि के 38 युवा एवं युवतियों ने प्रतिभाग किया। डॉ मनोज पाल ने युवाओं को प्रजनन स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इंजेंडर हेल्थ टीम द्वारा युवाओं को परिवार नियोजन के संदर्भ में प्रचलित विभिन्न विधियां उनके प्रभाव एवं दुष्प्रभाव के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री रतीश मांझी द्वारा युवाओं से इस संदर्भ में अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने हेतु आग्रह भी किया गया । कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में चंचल, कौशिक , दिवाकर कुमार, रोशन कुमार, बबली कुमारी, वर्षा आदि उपस्थित थे।

## स्व. नंद किशोर तिवारी की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्व. नंद किशोर तिवारी की 19वीं पुण्यतिथि पर भूली ए ब्लॉक में मासस एवं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की संयुक्त श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता अरविंद तिवारी ने की एवं संचालन पवन महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीटू के जिला अध्यक्ष ए एम पाल उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए ए एम पाल ने कहा कि आजादी के बाद कोयलांचल में निजी मालिकों के हाथों से कोयला उत्पादन करने का एक दौर चल रहा था। जिसमें गरीब दलित मजदूरों का शोषण बदस्तुर जारी था। राष्ट्रीयकरण के कुछ साल बाद भी सामंतवादियों का शोषण जारी था लेकिन मजदूर संगठनों ने चटनी एकता का परिचय देकर वैसे शोषणकारी ताकतों को खदेड़ने का कार्य किया। स्व. नंद किशोर तिवारी ने माफिया शक्ति के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया। एशिया के सबसे बड़ी श्रमिक नगरी भूली में व्याप्त ज्वलंत समस्याओं के खिलाफ प्रबंधन के साथ आर पार की लड़ाई लड़ा।

## प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, मुखिया प्रतिनिधि ने टेका माथा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पेशम में निर्मित पूरे प्रखंड के इकलौते शनिदेव मंदिर की कलश यात्रा के दूसरे दिन पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आपको बता दें कि पेशम निवासी रामु ठिकेदार पिता कैलाश महतो के द्वारा शनिदेव मंदिर का निर्माण किया गया है जिसका पश्चात् प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आज दूसरा दिन है।

# 14 वर्ष की बच्ची की बिजली का करंट लगने से हुई मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंग्ला पुल के निकट रहने वाले मो इल्यास की 14 वर्ष की बच्ची की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। हादसे से परिजनों में चीख पुकार मच गई। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। परिवार के लोगो ने जोड़ापोखर पुलिस को सूचना देकर दाह संस्कार मिट्टी मंजिल कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है की शुक्रवार की रात में मुहल्ले के ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के बाद डिगवाडीह बिधुत सब स्टेशन को सूचना दी गई, तो बिजली काट दिया गया था। ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य किया गया। शनिवार की सुबह बिजली बहाल किया गया तो रात्रि में ही तार टूट कर एक दुकान के लोहे के चदरा पर गिर गया। सुबह सना अपनी बीमार माँ को अस्पताल ले जाने के लिए बाहर सड़क पर ले कर जा रही थी, तभी पोल को पकड़ लिया। पोल में करंट होने के कारण बिजली की चपेट में आ गई और घटना स्थल पर ही मौत हो गई हैं। अगल बगल के लोगो का कहना है की वह सब से मुस्कुराते हुए बात करती थी। फुसबंगला के सभी दुकानदार बच्ची को जानते थे। कई दुकानदार ने अपनी दुकान बंद कर दी। बीमार माँ का रो रो कर बुरा हाल है। पड़ोस की महिलाएं शांतावना दे रही हैं। सना के पिता इल्यास एवम भाई विदेश में नौकरी करते हैं। वही दो बहन की शादी हो गई है।

### डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में 11वीं के नवागंतुक छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

## शिक्षा के स्तर को ऊंचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है : महुआ सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने 11वीं के नवागंतुक छात्र-छात्राओं का स्वागत रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया। नवागंतुक छात्र छाताओं ने विद्यालय में यज्ञ एवं हवन कर अपने उज्वल भविष्य के लिए कामना की। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र- छात्राओं ने नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतकर सब का मन मोह लिया, तो वही कक्षा 11वीं के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। अपने उत्साह को दिखाने के लिए 11वीं के बच्चों ने कैटवाक किया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के स्तर को ऊँचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है, क्योंकि अनुशासन इस विद्यालय की प्राथमिकता है। यह हमारे दिमाग को नियम के साथ मानने के लिए तैयार करता है। साथ ही हमें सदैव अपने लक्ष्य को पाने के लिए और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है तथा निकट भविष्य में आने वाली चुनौतियों से भी अवगत करवाता है। बेस्ट कॉस्टयूम के लिए लड़कियों में हीया चटर्जी (11A), लड़कों में सिद्धांत (11A) तथा बेस्ट रैंप वाक के लिए लड़कियों में कोमल (11E), लड़कों में रतन कुमार मिश्रा (11A) के साथ फ्रेशर्स गर्ल अल्का (11A) एवं फ्रेशर बॉयज सार्थक (11B) को चुना गया। मंच का संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा अंकिता प्रधान एवं लिपि देवनाथ ने किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद थे।

# गिरिडीह व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश शंकर ने उद्घाटन किया। साथ में गिरिडीह के ज़िला व सत्र न्यायाधीश और उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित अन्य कई गणमान्य भी मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश शंकर ने बताया कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के तत्वाधान में गिरिडीह व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में निम्नलिखित तरह के लम्बित वादों एवं प्री-लिटिगेशन (वाद-पूर्व) मामलों का सुलह के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निष्पादन में तेजी आयी है। लोगों को समय पर न्याय मिलना जरूरी चाहिए। न्याय में देरी होने से न्यायिक व्यवस्था से लोगों का विश्वास कम होने लगता है। उन्होंने राज्य के आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को सुनिश्चित करना होगा कि आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचे। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकार को तीन बातों पर विशेष ध्यान रखने को कहा। पहला लोगों को समय पर कानूनी सहायता पहुंचाना, दूसरा बिना थके काम करना और तीसरा जहां कानूनी सहायता की जरुरत है, वहां टीम का पहुंचाना।

## डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 550 लाख रुपए से अधिक के नए प्रस्ताव पारित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज न्यू टाउन हॉल में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे सांसद धनबाद ढुलू महतो, सांसद गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। वहीं बैठक के समापन पर उप विकास आयुक्त ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक के दौरान न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सांसद, विधायक व उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की। डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 550 लाख रुपए से अधिक के नए प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें धनबाद सदर, बलियापुर, टुंडी, बाघमारा, तोपचांची एवं झरिया के आंगनबाड़ी केंद्रों में ट्यूबवेल एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों में मशीन, उपकरण, एस एन एम एमसीएच का सुदृढ़ीकरण एवं मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, डिजिटल एक्स-रे, बाल सुधार गृह का जीर्णोद्धार के अलावा लघु सिंचाई, भवन प्रमंडल, आधारभूत संरचना, शिक्षा, ग्रामीण जलापूर्ति योजना, जोड़ापोखर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण।

## विधायक ने मोहली टोला गांव के तीनों चापानलों को दुरूस्त करवाया, ग्रामीणों में खुशी की लहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के लूकैया पंचायत के मोहली टोला में पिछले एक माह से तीनों चापानलों के ख़राब रहने से पानी की घोर किल्लत हो गया था यहां के लोग बराकर नदी से चुआं खोदकर पानी लाने पर मजबूर थे जब इसकी जानकारी स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो को हुआ तो पी एच ई डी विभाग को यथाशीघ्र चापानलों को दुरूस्त करने का आदेश जारी किया विभाग ने भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए तीनों चापानलों को एक ही दिन में मरम्मत कर ग्रामीणों को पानी की व्यवस्था सुलभ कर दिया। पानी की व्यवस्था होने पर सभी ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो को इस तरह के सराहनीय कार्य के लिए बधाईयां दिया है।

## समस्तीपुर से दुर्ग व मऊ से हटिया तक एक-एक वन-वे स्पेशल का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर समस्तीपुर से दुर्ग एवं मऊ से हटिया के लिए एक-एक वन-वे स्पेशल का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है :-1. गाड़ी सं. 05599 समस्तीपुर-दुर्ग वन-वे स्पेशल - मुजफ्फरपर-हाजीपुर- छपरा-वाराणसी-प्रयागराज-कटनी-रायपुर के रास्ते गाड़ी सं. 05599 समस्तीपुर-दुर्ग वन-वे स्पेशल दिनांक 15.07.2024 को समस्तीपुर से 17.00 बजे खुलकर 17.50 बजे मुजफ्फरपर, 18.50 बजे हाजीपुर, 20.45 बजे छपरा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते अगले दिन 21.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 14 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 05182 मऊ-हटिया वन-वे स्पेशल हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर- बरौनी-जसीडीह-चितरंजन-धनाबाद के रास्ते गाड़ी सं. 05182 मऊ-हटिया वन-वे स्पेशल दिनांक 15.07.2024 को मऊ जं. से 17.15 बजे खुलकर 21.10 बजे हाजीपुर 22.15 बजे मुजफ्फरपर, 23.30 बजे समस्तीपुर, 00.35 बजे बरौनी सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते अगले दिन 14.30 बजे हटिया पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 15 कोच होंगे ।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**

**Very Short E-Quotation No. 01/2024-25 2nd call**

Rate through e-quatation are invited for supplying, Installation and Commissioning of motor pump sets, stabilizers with all accessories and all allied works for the Rural Water Supply Pumping Plant BASIA for the year 2024-25 under D.W. & S. Mech. Division, Gumla. under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla. work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.07.2024 at 3.30 hrs. to 22.07.2024 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 23.07.2024 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,Gumla

PR 329517 Water Resource(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/04/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत बरवाटोली में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रूद में चाहरदीवारी निर्माण। | 47,38,404 | 95,000 | 5,000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत सलैया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पाड़रम में चाहरदीवारी निर्माण। | 22,43,300 | 45,000 | 5,000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.07.2024 से दिनांक 29.07.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.07.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 329512 (Rural Development) 24-25 (D)

# हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने का कर रहे हैं प्रयास : मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव

## आधुनिक युग में परंपरा को बचाए रखना हमारा कर्तव्य : धीरज प्रसाद साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : शनिवार को लोहरदगा ब्लॉक परिसर स्थित नगर भवन में स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा मुहर्रम त्योहार के उपलक्ष्य पर वाद्ययंत्र डंका,ताशा का वितरण लाइसेंसी अखाड़ों के बीच किया गया। इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम सब मिल कर अपनी संस्कृति सभ्यता एवं परंपरा को बचाने का प्रयास कर रहे है चूंकि सरकार बुनियादी सुविधा, आधारभूत संरचना उपलब्ध कराती है जिसमे से सांस्कृतिक चीजे छूट जाती है जो आम जनमानस का मुख्य हिस्सा है किसी का ध्यान इस ओर नहीं जाता। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, समाजसेवी अब्दुल जब्बार, और रोहित उरांव जी के आपसी विचार



विमर्श एवं सहयोग से तय किया गया की इस तरह से अपनी संस्कृति सभ्यता को बचाने के लिए आदिवासी भाई बहनों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया गया उसी तर्ज पर मुस्लिम भाइयों के बीच मोहर्रम पर्व के अवसर पर डंका, ताशा का वितरण किया जा रहा है ताकि परंपरा संस्कृति जो हमें पूर्वजों ने दिया है उसे बरकरार रखा जाए इसलिए हम सब मिलकर प्रयास कर रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आधुनिक युग में परंपरा को बचाना हमारा कर्तव्य है। जिस निमित्त विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम भाइयों के बीच ताशा, डंका का वितरण किया जा रहा है ताकि त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। आने वाले समय में हिंदू भाइयों के बीच में रामनवमी के शुभ अवसर पर पारंपरिक वाद्य यंत्र का वितरण किया जाएगा। हमें सभी धर्म का सम्मान करना चाहिए उनकी संस्कृति का आदर करना चाहिए और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि अशोक यादव, रोहित उरांव, हाजी जबारूल अंसारी, विनोद सिंह खेरवार, नेहाल कुरैशी, विशाल डुंगडुंग, राजू उरांव, असलम अंसारी, इमरोज अंसारी, नेहाल कुरैशी, कमरूल इस्लाम, सूरज मुंडा, फारूख हुसैन, अफरोज आलम, हातिम अंसारी, आसिफ कुरैशी, एजाज अंसारी, हैदर अली, सद्दू आलम, नयुम शाह, कबीर अंसारी, फिरोज शाह, सफीक अंसारी, रुस्तम अंसारी, अब्दुल अंसारी, राजा अंसारी, इदरीस अंसारी, इकराम अंसारी, नेजाम अंसारी, मुहम्मद मुस्ताक, माजिद हुसैन, खालिद अंसारी, सैफ अंसारी, मोहम्मद हाशिम अंसारी, मोहम्मद इकबाल आदि उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त ने तीर्थयात्रीयों को हरी झंडी दिखाकर गोवा के लिए किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बीपीएल श्रेणी के ईसाई धर्मावलंबियों को आज शनिवार को गोवा तीर्थदर्शन के लिए रवाना किया गया। इनमें 25 तीर्थयात्री, 06 सहयात्री और दो सरकारी कर्मीगण हैं। सभी यात्रियों को हटिया स्टेशन तक बस के माध्यम से पहुंचाया गया जहां से उन्हें ट्रेन से गोवा के लिए रवाना किया गया। लोहरदगा समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा यात्रियों से भरे बस को हरी झंडी दिखाई गई। इन तीर्थयात्रियों में कैरो, भंडरा, किस्को, पेशरार, सेन्हा और लोहरदगा प्रखंड के तीर्थयात्री शामिल हैं। तीर्थयात्रियों के साथ नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला स्थापना शाखा के कार्यालय अधीक्षक मुकुल मिंज और सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला राजस्व शाखा के निम्न वर्गीय लिपिक संजीत कंडुलना भी भेजे गए हैं। आज इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, कार्यपालक दण्डाधिकारी अभिनीत सूरज व अन्य उपस्थित थे।

# आज विरंची नारायण का कैरो मंडल द्वारा किया जाएगा स्वागत : लखन उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोक सभा चुनाव 2024 में कार्यकर्ताओं द्वारा निस्वार्थ भाव से किये गए कार्यो की सराहना करते हुए रविवार को लोहरदगा स्थित अवंतिका भवन में विधान क्षेत्र में पड़ने वाले सभी बूथ अध्यक्षो, सचिवों व महिला मोर्चा, मण्डल स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सामील होने वाले विधायक बिरंचि नारायन के आगमन के अवसर पर कैरो मण्डल के द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव ने बतलाया कि आज 14 जुलाई 2024 को सम्मान समारोह कार्यक्रम में सामील होने के लिए विगत कई दिनों से तैयारी की जा रही है। बूथ स्तरीय, मण्डल स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सूचित करते हुए कार्यक्रम में सामील होने के लिए प्रेरित किया गया है। कैरो मण्डल द्वारा विधायक बिरंचि नरायन को सभा स्थल पर स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बूथ व मण्डल स्तरीय पदाधिकारियों को सामील होकर सम्मान के भागीदार बनने की अपील की है।

# ओम प्रकाश सिंह ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के निर्णय का किया स्वागत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के निर्णय को लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसका स्वागत किया है। उन्होंने सरकार के द्वारा इसे अधिसूचित किए जाने को लोकतंत्र प्रेमियों के लिए अनुपम सम्मान बताया है। भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह उसीने कहा है की 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र का गला घोटकर आपातकाल लगा दिया था तथा हजारों लोधानमन्त्री घ में बंद कर दिया था, मीडिया पर सेंसरशिप लगा दिया गया था, संपूर्ण देश में काला कानून थोप दिया गया था। केंद्र की सरकार ने संविधान हत्या दिवस के माध्यम से लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था तथा वैसे तत्वों से सावधान होने की प्रेरणा भी देशवासियों को दिया है। भाजपा की मोदी सरकार ने वैसे लोगों को भी इससे संदेश दिया है जो संविधान के खतरे में होने की बात कर रहे हैं।

# सिमडेगा में भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम आज

## विधानसभा चुनाव के विजय के लिए संकल्प लेंगे कार्यकर्ता : लक्ष्मण बड़ाईक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा** : प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम जिला मुख्यालय के सामटोली रोड एस्टोटर्फ मैदान के बगल में होगा जिसमें सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा के बूथ कमेटी के सदस्य एवं हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। जहां पर लोकसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा और आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए विजय संकल्प लिया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि कार्यक्रम 11:00 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत एव पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह जी उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम की सफलता हेतु सिमडेगा कमेटी गठित की गई है सिमडेगा विधानसभा संयोजक विमला प्रधान



सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव एवं संजय ठाकुर कोलेबिरा विधानसभा के लिए संयोजक रामविलास बड़ाईक सहसंयोजक मुनेश्वर तिर्की वाहन व्यवस्था तुलसी साहू भोजन व्यवस्था अनूप प्रसाद प्रचार प्रसार नरेंद्र बड़ाईक प्रदीप जायसवाल मंच व्यवस्था लक्ष्मण बड़ाईक दिपक पुरी राकेश रविकांत मीडिया प्रबंधन रवि गुप्ता कृष्ण ठाकुर को जिम्मेवारी दी गई है। सिमडेगा एवं कोलेबिरा दोनों विधानसभा के प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी बूथ कमेटियों की टोली शक्ति शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक जीप उपाध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता सभी मंच मोर्चा के सम्मानित पदाधिकारी का कार्यक्रम में उपस्थित होकर 2024 विधानसभा के लिए विजय का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक जी के नेतृत्व में जोर सोर से जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता के लगातार प्रवास और देखरेख में हो रही है, कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है।

केंद्र सरकार की अधिसूचना पर कोलेबिरा विधायक विकशल कोनगाड़ी ने किया पलटवार

# केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा जारी आदेश 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने के फैसले पर कोलेबिरा विधायक ने जमकर निशाना साधा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा** : कोलेबिरा बिधायक ने केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कई मामलों को याद दिलाते हुए भाजपा से पुछा है कि पिछले 10 सालों से भाजपा की सरकार ने देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है, इसके बारे में वो क्या कहेंगे। मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में कई ऐसी नीतियां बनाई जो कि इस देश में निवास करने वाले दलित, आदिवासी और यहाँ की गरीब जनता के लिए बहुत ही ज्यादा भयानक समय साबित हुआ है। नोटबन्दी से पूरे देश की जनता को लाइन में लगा दिया गया। पुरे देश में त्राहिमाम की स्थिति पैदा कर दी गई। नोट बंदी के समय कई लोग की जान गई। ये नोट बंदी पूरे देश की जनता के लिए एक अघोषित आपातकाल ही था। गलत तरीके से जीएसटी लागू कर इस देश के सभी छोटे वयापारी को ही लुटने का काम भाजपा की सरकार ने किया और लूटकर अपने पूंजीपति दोस्तों को मालामाल करने का काम किया। जीएसटी भी छोटे व्यपारियों के लिए आपातकाल ही है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने मणिपुर में आदिवासी समाज को हिंसा की आग में धकेल दिया है, सभी कार्य भाजपा के द्वारा किया गया, जो कि आदिवासी समाज के लिए आपातकाल है। किसानों के अहित के लिए तीन काला कानुन को लागु करने का प्रयास किया, जो कि किसानों के लिए आपातकाल ही है।देश के अलग अलग हिस्सों में महिलाओं के विरुद्ध कई तरह की घटनाएं हुई, जैसे मणिपुर में वहाँ की बेटी के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, उत्तर प्रदेश में हाथरस की बिटिया के साथ घटी घटना हो।ऐसे अनगिनत मामले इस देश की महिलाओं के साथ हुआ ये सब इस देश की महिलाओं के लिए आपातकाल ही है। संबिधान हत्या दिवस को वो लोग मनाने की बात कर रहे हैं, जिन्होंने संबिधान के एक एक पन्ने को तार तार करने की कोसिस की। बिधायक ने कहा कि संबिधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता मिली हुई है,लेकिन धार्मिक स्वतंत्रता का कानुन रहते हुए झारखंड में धर्म परिवर्तन निषेध कानून को बनाना संबिधान की हत्या नही तो और क्या है? चूँकि संबिधान इस देश को धर्म निरपेक्ष देश घोषित करता है।ये हमारे देश के संबिधान का मूल आधार है।और अनुच्छेद 15 में ये स्पष्ट रूप से है कि इस देश में निवास करने वाले लोगों को किसी भी लिंग, जाति, धर्म के आधार पर पछपात नही करना है लेकिन इन्होंने झारखंड में वैसे आदिवासी जो अनुच्छेद 25 के तहत अपनी स्वेच्छा से धार्मिक आजादी के कारण अपना धर्म मान रहे हैं।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में पेपर बैग दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी विद्यालय के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा पेपर बैग दिवस पर पेपर बैग बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विश्व पेपर बैग दिवस हर साल 12 जुलाई को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को हमारे पर्यावरण पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूक करना और पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाते हुए पेपर बैग के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य पेपर बैग बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी में अद्वैत आलोक, पृथ्वी वर्मा, रेयांश उरांव कक्षा नर्सरी में समाज्ञा शशांक, स्वस्ति सोना, सूर्यांश वर्मा, प्रांसी विश्वकर्मा ने कक्षा यूकेजी में आहान उरांव, अंश रंजन, आयुष उरांव, अंजना कश्यप, जयेश कुमार, अलिशबा, अहमद, सूर्यांश कुमार साहू, अर्चित मिश्रा, तान्या उरांव व अभिजीत पाठक ने कक्षा प्रथम में प्रतिष्ठा गोराई, श्रेया श्रुति, आरव देवघरिया, अलिका अंबर, अपूर्व राज, अव्यांश राज, हार्दिक उरांव, प्रान्वी प्रिया, ईशान्वी राज, अन्वी रानी, सादिक अख्तर, काव्या मुखियार, श्येद इब्राहिम, गुलाम नूर, आरुष कुमार साहू, दर्शील भगत, रुद्रांश ओझा व यक्षित कुमार ने कथा कक्षा द्वितीय में वैष्णवी, चंचल तिर्की, मनस्वी गुप्ता, अनुश्री लकड़ा, आयुष भगत, शिवाय सिंह, शिवांश शर्मा व रंजीत भगत, अनोखी उरांव, अहाना प्रिया, ओविन वर्मन, आकांक्षा कच्छप, देवांश वर्मा, देवकांत, भावेश शर्मा, रेयांश विश्वकर्मा, दिव्यांश मेहता, फरहान अंसारी, अथर्व सिद्ध, आरोही वर्मा, काव्या गोयल, ऋद्धि कुमारी व खुश पोद्दार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रों, देवकी कुमारी, संगीता मित्तल, रजनी प्रसाद, सोमिता दास, रागिनी कुमारी व प्रीति कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# महिला ने फांसी लगा घर में किया जीवन लीला समाप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा** : चमडू ग्राम में देर रात सुष्मिता कुमारी नामक महिला ने दुपट्टा से फंदा बना अपने ससुराल में की आत्महत्या। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेजा गया। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडू ग्राम में 25 वर्षीय महिला ने आपसी तनाव तथा अन्य कारण से फांसी लगा आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली बताया जाता है कि चमडू निवासी मनीष चिक बड़इक की 25 वर्षीय पत्नी सुष्मिता कुमारी परिवार के लोग रात्रि में भोजन कर अपने अपने कमरे में सोने चले गये। वही पति ने पुलिस को जानकारी देते हुए कहा कि पति पत्नी दोनो एक ही कमरे में सो रहे थे। सोने के उपरान्त देर रात उठकर मेरी पत्नी ने आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी तब हुआ जब 1:30 बजे उठे तो विस्तर पर पत्नी को नही देखा फिर रूम से बाहर निकल कर देखा तो बैठका रूम में दुपट्टा से फंदा लगा कर झूली हुई थी। तब घर वालों को आवाज



देकर फंदा से उतार कर अन्य परिवार वालो को खबर करने लगा। मनीष चिक बड़इक के ससुराल वालों को खबर किया गया। मनीष चिक बड़इक जानकारी देते हुए कहा कि दो तीन रात से विवाह घर में खाना बना रहे थे। और काफी थकावट होने के करण मुझे गहरी नींद लग गई। आत्महत्या घटना की जानकारी मुखिया को मिलते ही सेन्हा थाना को सूचित किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल मृतक के घर चमडू पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई।

# आजीविका कृषक मित्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा** : पलाश जेएसएलपीएस के द्वारा सेन्हा पेसरार और लोहरदगा प्रखंड के आजीविका कृषक मित्रों का पांच दिवसीय पुर्नजीवित खेती का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी आजीविका कृषक मित्रों को जैविक खाद एवं दवा बनाने का जानकारी रिसोर्स पर्सन एवं ट्रेनर प्रदान संस्थान के एग्जीक्यूटिव सपना कुमारी एवं गोल्डेन कुमार राज के द्वारा विस्तार पूर्वक दिया गया। वही प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि लोहरदगा जिला के सभी किसानों को जैविक खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. हेमन्त पाण्डेय के द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये गाँव स्तर पर किसानों को जागरूक करने के लिये गाँव स्तर पर प्राकृतिक खेती का महत्व और उसे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। मौके पर बीएलएलसी सज्जाद अंसारी, बीपीओ सुनिल रजक, कार्तिक भगत, आजीविका कृषक मित्र कविता देवी, ऐरन टोप्पो, सरमिला एक्का, शिला उरांव, संगीता भगत, देवांति कुमारी, सोसन देवी, सुषमा कुमारी कमला देवी, निर्मला देवी सहित अन्य कृषक मित्र उपस्थित रहे।

# इस बार 22 के संख्या मे पहुंचे गजराज, कैरो के महुवरी जंगल में लिया शरण, दशहत में ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा** : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 13 जुलाई शनिवार को कैरो प्रखंड क्षेत्र के गजनी पंचायत के महूवरी जंगल मे एक बार फिर घुर फिर कर 22 जंगली हाथियों के झुंड के पहुँचने से ग्रामीणों मे भय व दशहत का माहौल है, कि कहीं रात्रि मे कोई बड़ी घटना का अंजाम हाथी न दे, इसको लेकर ग्रामीणो की बीच आशंका जताई जा रही है। विदित है कि चार दिन पुर्व ही 14 हाथी के झुंड के कैरो आने पर ग्रामीणो एवं वन विभाग के प्रयास से गुमला जिले के छरदा-बरदा व शिशई तरफ खदेड़ने मे कामयाबी मिली थी, वहाँ के वनपाल राजेश कुजूर, वनरक्षक राकेश मिश्रा वनकर्मी शतीश भगत, रजत किरण डुंगडुंग, प्रवीण तिर्की, अकील अहमद इत्यादि ग्रामीण मिलकर हाथी को शिशई क्षेत्र से भगाने का किया था प्रयास। परंतु हाथी भागते-भागते इस बार पिछ्ले बार से अधिक 22 के झुंड में पहुँचने से कैरो के गजनी, महूवरी, चाल्हो, गोपालगंज, इत्यादि गाँवो के ग्रामीणों का हुजूम हाथियों को भगाने के लिए उमड़ पड़ा है, वही इन आसपास गाँवो के ग्रामीणों मे इतनी अत्यधिक संख्या मे एक बार फिर जंगली हाथियो के कैरो आगमन से प्रखंड वासीयो मे भय व दशहत का माहौल देखा गया है।

# यह जीत ट्रक मालिकों की जीत है : धीरज प्रसाद साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : 25 जून से बॉक्साइट में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे, अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज 18 वाँ दिन था, एसोसिएशन के माननीय संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू जी एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के संयुक्त आंदोलन में 6 राउंड कंपनी के साथ वार्ता के बाद आज कंपनी ने एसोसिएशन की सभी मांगों को मानते हुए संरक्षक महोदय के साथ लिखित समझौता किया। एसोसिएशन की सबसे प्रमुख मांग थी कि सभी माइंसों में जहां खनन होता है वहां 6 चक्का ट्रक का ही परिचालन होना चाहिए ना कि किसी प्रकार के बड़ी गाड़ी का, जिस पर कंपनी ने लिखित आश्वासन दिया कि किसी भी माइन्स में बड़े गाड़ी का परिचालन नहीं किया जाएगा। दूसरी मांग थी हेसल से जो गाड़ियां परिवहन करेंगी वह एसोसिएशन के



साथ और माननीय संरक्षक महोदय के साथ कंपनी बैठकर सारे चीजों को तय करेगी। सभी माइंसों में पिछला जो एग्रीमेंट हुआ था उसके मुताबिक कंपनी ट्रिप नहीं दे रही थी कंपनी ने स्पष्ट किया कि सभी माइंसों में एग्रीमेंट के मुताबिक पूरा ट्रिप दिया जाएगा इसके अलावा माइंस में ट्रक उपचालक, चालकों के लिए होटल का इंतजाम किया जाएगा, ट्रांसफर गाड़ियों के ट्रांसफर के मुद्दे पर कंपनी एसोसिएशन की एक कमेटी बनेगी जो प्रति माह बैठक करके सभी मामलों का निपटारा करेगी। एग्रीमेंट के मुताबिक ट्रिप नहीं मिलने पर दिसंबर माह में एसोसिएशन के साथ कंपनी बैठकर हर्जाने की रकम तय करेगी। जिसको एक अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा,इसके अलावा अन्य सभी मांगों को मान लिया गया और बैठक को संबोधित करते हुए माननीय संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हम सभी ट्रक मालिकों का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 18 दिनों तक अपने मांगों के समर्थन में चट्टानी एकता का परिचय देते हुए हिंडाल्को कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाने का काम किया है। आज आपकी एकता का परिचय है कि आपकी सारी मांगे हिंडाल्को ने मान ली आने वाले समय में भी इसी तरह एकता का परिचय आप सभी को देना है और मैं आप लोगों के साथ हूं जहां जरूरत पड़ेगी मैं लोहरदगा की जनता एवं ट्रक मालिकों के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,837 केसों का निष्पादन से 2.66 करोड़ रूपए की हुई वसूली

# न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 13 जुलाई को वर्ष के दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार पांडेय,डालसा उपाध्यक्ष - सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पोक्सो के स्पेशल जज अखिलेश तिवारी, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या-1 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय



के नेतृत्व में गठित किया गया। वहीं बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए जिला जज-2 अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में बेंच संख्या 2 । बेंच संख्या-3 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस, एनआई एक्ट, वेट एंड मेजरमेंट केस, मिनिमम वेजेज एक्ट के लिए वरीय सिविल जज, अर्चना कुमारी। बेंच संख्या 4 न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मोटर वाहन अधिनियम के केस, सर्टिफिकेट केस। बेंच संख्या 5 न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर के नेतृत्व में सिविल एवं रेवेन्यू के मामले, बीएसएनएल। बेंच संख्या 6 स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन शिव कुमार के नेतृत्व में स्थाई लोक अदालत, बैंक, इंश्योरेंस संबंधी मामले तथा उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए उपभोक्ता फोरम के सदस्य नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में बेंच संख्या 7 का गठन किया गया था। पीडीजे ने इस अवसर पर कहा कि लोहरदगा के गरीब जनता को ध्यान में रखते हुए विभाग के अधिकारी नरमी का रूख रखा करें। तथा ऐसे आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आपसी समझौते से मामले को सुलह को बढ़ावा दें । डीसी ने कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली का यह एक अच्छा कदम है। आयोजन के माध्यम से छोटे-छोटे मामलों को समाप्त कर आपस में मिलजुल कर रहे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। वहीं उन्होंने आंकड़ों को बताते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1837 केसों का निष्पादन किया गया। जबकि 2.66 करोड़ रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 333 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर सात कोर्ट के प्रोसेस सर्वर को बरसाती कोट भी प्रदान किया गया। राष्ट्रीय गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में इस बार 85 वर्षीय कड़वाटांड, पेशरार निवासी मनहा नागेशिया का वर्ष 2005 ई0 से पेंडिंग चल रहे वन अधिनियम का केस फाइन देकर खत्म किया गया। अत्यंत गरीबी की स्थिति को देखते हुए उसके ओर से डालसा सचिव ने फाइन जमा किया।

## चलते चलते एक नजर

### प्रदेश भाजपा का संगठनात्मक कार्यक्रम आज से 17 तक लगातार चलेगा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश भाजपा का सांगठनिक कार्यक्रम लगातार जारी है। अभी कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा सभी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे हैं। इसी क्रम में आगामी 14जुलाई को केंद्रीय मंत्री एवम विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह प्रातः 9बजे सेवा विमान से रांची आयेंगे। शिवराज सिंह 11बजे पूर्वाह्न खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित करेंगे। शिवराज सिंह 14की शाम वापस लौट जायेंगे।16जुलाई को असम सरकार के मुख्यमंत्री और विधानसभा सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा का रांची आने का कार्यक्रम है। विश्व शरमा 16 जुलाई को तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे।17जुलाई को संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह दोनो झारखंड दौरे पर रहेंगे।डॉ वाजपेई नई दिल्ली से चलकर जमशेदपुर आयेंगे और जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे जबकि शिवराज रांची आयेंगे और हटिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### मोरहाबादी मैदान के पास एक युवक की चाकू से गोदकर की हत्या

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी मैदान के अवर निबंधन कार्यालय के पास दो युवकों में जमकर मारपीट की घटना हुई।इस मार पीट में एक युवक की चाकू से मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार राजू ठाकुर उर्फ कतरनी और सुरज गिरी उर्फ नेपाली के बीच दारु पीने को लेकर बहन हुई और मारपीट में बदल गई। इसी दौरान सूरज गिरी ने धारदार चाकू से राजू के गर्दन पर पीछे से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। राजू घटना स्थल पर ही गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने हो हल्ला करने लगे और घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही लालपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इस मामले में पुलिस ने सूरज गिरी उर्फ नेपाली को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि राजू का अपराधिक इतिहास रहा है और जेल भी जा चुका था। वहीं सूरज ठाकुर भी बदमाश है।

### सीआईडी ने पश्चिम बंगाल से साइबर ठगी के आरोपित को किया गिरफ्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पश्चिम बंगाल के डोलाहाट थाना क्षेत्र के निश्चिंतापुर से साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी दिनेश मंडल को बंगाल पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक मोबाईल फोन और कॉरपोरेट खाता से लिंक चार सिम कार्ड बरामद किये गये हैं। साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि सीआईडी के साइबर क्राइम थाने में तीन मई को मामला दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने दर्ज मामले में बताया था कि उनसे व्हाट्सएप्प के माध्यम से संपर्क किया गया और राशि निवेश करने का प्रलोभन दिया गया। इसके पश्चात उन्हें व्हाट्सएप्प पर एक लिंक के जरीय निवेश करते हुए मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन देते हुए कुल 96.2 लाख का साईबर अपराधियों द्वारा अवैध हस्तानांतरण कराते हुए ठगी कर लिया गया। जांच के क्रम में व्हाट्सएप्पपर भेजे गये लिंक के माध्यम से निवेश करवाने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया।

# झामुमो छात्र मोर्चा ने डीएसडब्ल्यू को सौंपा ज्ञापन

डीएसडब्ल्यू ने कहा की जल्द ही सभी विभागों में सीट की बढोतरी के साथ चांसलर पोर्टल खुलवाने के साथ सभी छात्र छात्राओं को नामांकन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिए।



प्रभाम मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झामुमो छात्र मोर्चा के नीलामबर पीताम्बर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष कौशल सिंह ने डीएसडब्ल्यू महोदया को नामांकन से संबंधित परेशानी को लेकर मुलाकात किया और स्नातक सत्र 24-28 के छात्र छात्राओं के लिए चांसलर पोर्टल खुलवाने, और सीट की बढोतरी की भी मांग किया। इस पर डीएसडब्ल्यू महोदया ने ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा की जल्द ही सभी विभागों में सीट की बढोतरी के साथ चांसलर पोर्टल खुलवाने के साथ सभी छात्र छात्राओं को नामांकन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिए। मौके पर जिला अध्यक्ष कौशल किशोर जिला सचिव सैय्यद फैजल, एनपीयू उपाध्यक्ष मनीष कुमार, विकास कुमार, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष सौरभ पाठक, उपाध्यक्ष कौशिक राज,रिशु तिवारी, जयप्रकाश कुमार सोनू, रितेश, इत्यादि मौजूद थे।


## पार्टी की रीढ़ हैं कार्यकर्ता : सूर्य प्रताप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवरिया :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को पथरदेवा के तरकुलवा नगर पंचायत में मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओं और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए संभावनाएं हैं और अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता को भी अग्रिम पंक्ति में आने का मौका है। अन्य दलों में सारे पद परिवार में ही रख लिए जाते हैं।उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित के कार्यों और समाज में सौहार्द कायम रखने का कार्य करता है। पार्टी की अपनी एक विशिष्ट कार्यशैली है। शिष्टाचार, अनुशासन और सभी के प्रति समभाव की धारणा और इसी कार्यशैली के कारण भाजपा का कार्यकर्ता वंदनीय है।अभिनंदन समारोह को सम्बोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की बदौलत पुनः तीसरी बार केंद्र में हमारी सरकार बनी है। इसलिए कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि संगठन के सच्चे सिपाहियों के साथ समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा तथा देवरिया के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहूंगा।

# 14 साल के लड़के को उठा ले गया तेंदुआ, मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र के एक गांव में तेंदुए के हमले में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी बी.शिवशंकर ने शनिवार को बताया कि मोतीपुर वन रेंज अंतर्गत ग्राम सोमईगौढ़ी मजरा मनोहरपुरवा निवासी अरविंद कुमार (14) परिवार के साथ शुक्रवार देर शाम मक्के के खेत की रखवाली के लिए गया था। उन्होंने बताया कि शाम करीब सात बजे खेत में बैठे तेंदुए ने अरविंद पर हमला कर दिया और उसे दबोच कर ले जाने लगा, इसपर परिजनों व आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए तेंदुए को डराने का प्रयास किया जिससे वह किशोर को छोड़कर भाग गया । उन्होंने बताया कि परिजन घायल किशोर को पास के सरकारी अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी कराकर शीघ्र ही मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा,'' तेंदुए को पकड़ने के लिए हमने गांव के इर्द-गिर्द तीन पिंजरे लगाए हैं। इलाके की 24 घंटे निगरानी की जा रही है।'' डीएफओ ने बताया कि कतर्नियाघाट जंगल में अप्रैल से लेकर अब तक मानव वन्यजीव संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो चुकी हैं।

# श्रावणी मेले को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक, दिए निर्देश

एजेंसी

**भागलपुर :** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर शनिवार को भागलपुर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार ने की। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों के समक्ष कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया।बैठक में भागलपुर और बांका जिले जिले के डीएम, एसपी समेत पुलिस के वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रमंडलीय आयुक्त ने बीते दिनों सुल्तानगंज अजगैबीनाथ के निरीक्षण का रिव्यू भी डीएम नवल किशोर चौधरी से लिया साथ ही श्रावणी मेला की विशेष तैयारियों पर भी चर्चा की।



वहीं गंगा घाटों की स्थिति दुरुस्त करने और कांवरियों के लिए सड़क बनवाने को लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय हो कि श्रावण मास से पूर्व प्रत्येक वर्ष जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से युद्ध स्तर पर तैयारियां की जाती है।

प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु सुल्तानगंज अजगैबीनाथ धाम के उत्तर वाहिनी गंगा का जल लेकर बाबा की नगरी देवघर के लिए जाते हैं। इस प्रमंडल स्तरीय बैठक में सभी मुख्य बिंदुओं पर चर्चाएं हुई। जहां कमी हुई उसको लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने फौरन सुधार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। जबकि विधि व्यवस्था के लिहाज़ से पुलिस की मुस्तैदी बनी रहे इसको लेकर दोनों जिले के पुलिस कप्तान पर जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक के दौरान प्रमंडल के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।

# ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षित बनाने और मुख्यधारा से जोड़ने में स्वयंसेवी संस्थाएं करेंगी सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के जरिए आउट ऑफ स्कूल या ड्रॉपआउट हो चुके 3-18 आयुवर्ग के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के साथ स्वयंसेवी सस्थाओं का भी सहयोग मिल रहा है। ड्रॉपआउट और आउट ऑफ स्कूल बच्चो को पुनः विद्यालय में लाने या उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओ से गैर वित्तीय आधार पर सहयोग लेने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के पैनल को तैयार किया जाएगा। जिन संस्थाओं का चयन होगा उनसे विभिन्न गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अनुपालन का लगातार अनुश्रवण, बच्चों के ट्रांजिशन, टोला भ्रमण, केंद्र सरकार के प्रबंध पोर्टल पर डाटा वर्क, एनआईओएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आदि कार्यो में सहयोग लिया जाएगा। इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाएं झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा उपलब्ध कराये गए आवेदन लिंक पर पंजीकरण करा सकेंगी।




इसके आधार पर राज्य के विभिन्न जिलों, प्रखंडों में आउट ऑफ स्कूल, ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के लिए इन्हें निर्देशित किया जाएगा। इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ 15 जुलाई को अपराह्न तीन बजे झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक बैठक करेंगे। इस बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के साथ आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए किये जाने वाले विविध गतिविधियों की रणनीति तैयार करेंगे।

**आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए बनेगा विशेष प्रशिक्षण केंद्र:** आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए राज्य में विशेष प्रशिक्षण केंद्र बनाये जाएंगे। इन केंद्रों के संचालन में स्वयंसेवी संस्थाओं का गैर वित्तीय आधार पर सहयोग लिया जाएगा। इन केंद्रों में पठन-पाठन के लिए टीएलएम एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की जायेगी। केंद्रों का संचालन विशेष रूप से प्रशिक्षित रिसोर्स पर्सन (वालंटियर) करेंगे। इन केंद्रों के लिए प्रशिक्षित वालंटियर्स की व्यवस्था करना समाजसेवी संस्थाओ की जिम्मेदारी होगी।

**बोस आवासीय विद्यालयों में लिया जाएगा वॉलंटरी सहयोग:** इच्छुक समाजसेवी संस्थाओं से राज्य में संचालित 26 नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में वॉलंटरी सहयोग लिया जाएगा। इन विद्यालयों में अनाथ, एकल अभिभावक वाले बच्चों को शिक्षा मिलती है। इन विद्यालयों में बच्चों के लिए विशिष्ट कौशल, सेल्फ डिफेन्स ट्रेनिंग, करियर कॉउन्सिलिंग आदि विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक-मनोवैज्ञानिक कॉउन्सिलिंग करने के लिए संस्थाओं से वॉलंटरी सहयोग लिया जाएगा।

# दिल्ली में 75 रुपये तक पहुंची टमाटर की कीमत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि आपूर्ति में बाधा के कारण बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा,दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। भीषण गर्मी और उसके बाद भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित हुई, जिससे खुदरा कीमतों में उछाल आया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में टमाटर की कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है, लेकिन अगर भारी बारिश से आपूर्ति श्रृंखला बाधित नहीं होती है तो इसमें कमी आ सकती है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 12 जुलाई को दिल्ली में टमाटर का खुदरा मूल्य 75 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में मूल्य 150 रुपये प्रति किलोग्राम था। टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 12 जुलाई को 65.21 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि पिछले साल यह 53.36 रुपये प्रति किलोग्राम था। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। अधिकारी ने कहा,आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है। यह उपाय पिछले साल तब लागू किया गया था जब कीमत 110 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई थी। अधिकारी ने भरोसा जताया कि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से आपूर्ति में सुधार होने पर एक से दो सप्ताह के भीतर कीमतें सामान्य हो जाएंगी।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने अपने मंत्रियों के साथ किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के साथ शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय के साथ छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल भी दर्शन के लिए पहुंचे थे। दर्शन करने वालों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा भी रहे। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर भगवान राम के ननिहाल का उपहार भी प्रभु के चरणों में अर्पित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ से शबरी माता की भूमि शिवरीनारायण से बेर तथा पवित्र जल, विष्णु भोग का चावल, अनारसा, करी लड्डू तथा कोसे के वस्त्र प्रभु को अर्पित किए।

डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2024)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आसपास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

क्या करें
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

क्या नहीं करें
- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें। शरीर को पूरी तरह न ढंकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
104 स्वास्थ्य सलाह के लिए डायल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-329250 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25